कार्तिक शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
| --- | --- |
| अधिक. 29.0° | अधिक. 28.9° |
| न्यून. 20.0° | न्यून. 19.0° |

रांची, गुरुवार
23 अक्टूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 258, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### स्कूटी सवार महिला समेत 3 लोगों की मौत



**तोरपा।** तोरपा-खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर बुधवार शाम लगभग छह बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। तोरपा थाना क्षेत्र के ममरला और रिडुंग गांव के बीच किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूटी सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। काफी प्रयासों के बाद दो मृतकों की पहचान गुमला के कमडरा थाना क्षेत्र के टुरूण्डू गांव निवासी वंदना तोपनो और टेमना तोपनो के रूप में हुई, जबकि महिला मृतक बंदगांव निवासी मति सांडी पूर्ति बताई जा रही है।

### विमान में फ्यूल लीकेज हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** कोलकाता से श्रीनगर जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में फ्यूल लीकेज की जानकारी मिलने पर हड़कंप मच गया। क्रू मेंबर ने तत्काल इसकी जानकारी नजदीकी वाराणसी एयरपोर्ट के एटीसी को दी और विमान को उतारने की इजाजत मांगी। एटीसी से हरी झंडी मिलते ही विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस दौरान अचानक विमान में आई खराबी की जानकारी मिलने और विमान के वाराणसी में उतरने की सूचना पर यात्रियों में भी दहशत की स्थिति देखी गई। बताया जाता है कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E-551 लगभग 166 यात्रियों को लेकर कोलकाता से श्रीनगर के लिए रवाना हुआ था।

### मोहनियां से राजद कैंडिडेट का नामांकन रद्द

**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले ही महागठबंधन का दूसरा विकेट गिर गया है। कैमूर जिले की मोहनियां विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन रद्द हो गया है। इससे पहले पूर्वी चंपारण जिले की सुगौली सीट से राजद की सहयोगी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द हुआ था। महागठबंधन को अब तक बिना लड़े दो सीटों का नुकसान हो चुका है। इसी तरह, सारण जिले की मढ़ौरा सीट से लोजपा (रामविलास) की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने से एनडीए भी एक सीट गंवा चुका है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर बोले सीएम

# भव्य आयोजन कर राज्य को दिलाएं अलग पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें छह दक्षिण एशियाई देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के एथलीट हिस्सा लेंगे। करीब 300 अंतरराष्ट्रीय एथलीट, कोच और तकनीकी पदाधिकारी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। आज पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक ने सीएम हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उद्घाटन समारोह 24 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से आयोजित होगा। इसका आयोजन राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगा। इस मौके पर खेल मंत्री ने रांची में आयोजित हो रहे सैफ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों से संबंधित जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**सीएम को बतौर मुख्य अतिथि किया गया आमंत्रित**



### राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करता आ रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रांची में आयोजित होना पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इसका भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो ताकि खेल के क्षेत्र में हमारे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान स्थापित हो सके।

बता दें कि इस आयोजन से झारखंड के खिलाड़ियों में भी जबरदस्त उत्साह है। स्थानीय खेलप्रेमी भी खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक हैं। आयोजन समिति को उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट से न केवल खेल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि झारखंड की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी। खेल प्रेमियों को अब 24 अक्टूबर का इंतजार है, जब रांची के मोरहाबादी स्टेडियम में सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन होगा।

# एसीबी में 211 मामलों की प्रारंभिक जांच लंबित, हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में 200 से अधिक मामलों की प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी (पीई) लंबित रहने पर गहरी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह चिंता की बात है कि एसीबी में दर्ज 613 पीई में से सिर्फ 480 का निपटारा हुआ है, जबकि 211 मामले अब भी अधर में लटके हैं। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान के आधार पर दर्ज एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान




### डीजी से मांगी रिपोर्ट

एसीबी के महानिदेशक (डीजी) को निर्देश दिया है कि वह व्यक्तिगत तौर पर शपथपत्र दायर कर बताएं कि इन 211 लंबित जांचों को कब तक पूरा किया जाएगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 6 नवंबर तय की है। सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से पुलिस उपाधीक्षक ने एक शपथपत्र दाखिल किया। इसमें कहा गया कि ब्यूरो पर गोपनीय सत्यापन, खुफिया जानकारी जुटाने और बड़ी संख्या में जांचों का अतिरिक्त बोझ है। इसी कारण कई मामलों में देरी हो रही है, लेकिन हाई कोर्ट ने यह दलील मानने से इनकार कर दिया।

अदालत ने कहा कि एसीबी का गठन ही इस उद्देश्य से किया गया था कि वह भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करे, गोपनीय सूचनाओं की जांच-पड़ताल करे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई शुरू करे, इसलिए काम के बोझ शेष पेज 11 पर

### गोड्डा में बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या

**गोड्डा।** जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में मंगलवार की रात एक 65 वर्षीय महिला सोना भानु खातून की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब वह अपनी चार साल की पोती के साथ घर में अकेली सोई हुई थीं। सुबह देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर ग्रामीणों ने जब अंदर जाकर देखा, तो सोना भानु खातून का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। उनके गले पर धारदार हथियार से कटे के गहरे निशान थे। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में सनसनी मच गई।



शेष पेज 11 पर

## साइबर अपराधी ने युवती से की 8.51 लाख रुपए की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची की एक युवती से ऑनलाइन दोस्ती कर साइबर अपराधी ने 8.51 लाख रुपए ठग लिए। पीड़िता पूनम कुमारी ने साइबर क्राइम शाखा में प्राथमिकी की है। किशोरगंज निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि निश्चल शाह नामक शख्स से उसकी जान पहचान हुई। जो खुद को एलटी कंपनी बेंगलुरु में आर्किटेक्ट बताता है। वह खुद को नेपाल निवासी बताकर भारत में नौ वर्षों से रह रहा है। आरोप है कि युवक ने फ्लैट खरीदने, रजिस्ट्रेशन कराने और ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर उससे मोटी रकम ऐंठ ली। खाता फ्रीज होने का झांसा देकर की ठगी युवती ने बताया कि आरोपी ने शुरुआत में झूठे वादे कर विश्वास जीत लिया।

फिर चेक भेजने का बहाना कर कई बार पैसे मांगे। बताया गया कि आरोपी के बैंक खाता फ्रीज हो गया हैं, जिसके चलते वह भुगतान नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा उसने यह भी झूठा दावा किया कि बैंक मैनेजरों और सीए द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। युवती को फर्जी चेक रसीदें और एमटीसीएन नंबर भी भेजे गए। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी के पास कई मोबाइल नंबर हैं, जिनसे वह कॉल और मैसेज करता रहा। इनमें से एक नेपाल का नंबर भी शामिल है।

शेष पेज 11 पर

### बेतर गांव में नक्सलियों का हमला

# कॉलेज निर्माण स्थल पर जेसीबी व ट्रैक्टर को फूंका

- रंगदारी नहीं मिलने पर अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस
- **पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी का बन रहा था बीएड कॉलेज**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतर गांव में सोमवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब निर्माणाधीन कॉलेज परिसर में खड़े जेसीबी और ट्रैक्टर को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, देर रात कई अपराधी अचानक मेडिकल कॉलेज परिसर में घुस आए और वहां खड़े दोनों वाहनों में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज उठीं कि मजदूरों और स्थानीय लोगों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। कॉलेज परिसर में काम कर रहे मजदूरों ने किसी तरह हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर बेतर पुलिस पिकेट की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पर तब तक अपराधी फरार हो चुके थे।

सूत्रों के अनुसार, घटना के पीछे नक्सलियों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से इलाके में





रंगदारी को लेकर धमकियां दी जा रही थीं। हालांकि, घटनास्थल पर कोई नक्सली पर्चा बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच के लिए चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह बेतर पहुंचे और पिकेट प्रभारी किशोर मुंडा से आवश्यक जानकारी ली।

शेष पेज 11 पर

# बाल-बाल बचीं राष्ट्रपति, लैंड होते ही धंस गया हेलीपैड

**एजेंसी । पथानामथिट्टा**

केरल के पथानामथिट्टा जिले में राजीव गांधी स्टेडियम स्थित नव-निर्मित हेलीपैड का एक हिस्सा उस समय धंस गया जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हेलिकॉप्टर के पहिए उसमें फंस गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब राष्ट्रपति सबरीमला दर्शन के बाद यहां उतरीं। अधिकारियों के अनुसार, हेलिकॉप्टर के जमीन पर छूते ही हेलीपैड की सतह का हिस्सा अचानक धंस गया।

घटना के बाद हेलिकॉप्टर एक ओर झुक गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन दल के कर्मियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। संयुक्त प्रयासों से हेलिकॉप्टर को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



हादसा उस वक्त हुआ जब राष्ट्रपति सबरीमला दर्शन के बाद यहां उतरीं

अधिकारियों ने बताया कि यह हेलीपैड अंतिम समय में तैयार किया गया था। खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग स्थल निलक्कल से बदलकर प्रमादम (राजीव गांधी स्टेडियम) कर दिया गया था। इसलिए मंगलवार देर रात तक कंक्रीट डालकर नया हेलीपैड बनाया गया। लेकिन चूंकि कंक्रीट पूरी तरह सूख नहीं पाया था, इसलिए वह हेलिकॉप्टर के वजन को सहन नहीं कर सका और धंस गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि स्टेडियम को लैंडिंग स्थल के रूप में आखिरी पल में चुना गया और इसी वजह से निर्माण अधूरा रह गया था। आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार शाम को अपनी चार दिवसीय केरल यात्रा पर तिरुवनंतपुरम पहुंची थीं। बुधवार को वे सबरीमला मंदिर में दर्शन और आरती करने पहुंचीं। इस दौरान पथानामथिट्टा जिले के प्रमादम में उनके हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई, जहां यह हादसा हुआ। घटना में किसी को चोट नहीं आई और राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए एक्स (X) पर लिखा, "केरल आगमन पर भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हार्दिक स्वागत। उनका यहां होना हमारे राज्य और जनता के लिए गर्व की बात है।

## बीएसएल स्टील मेल्टिंग शॉप में दो कर्मी झुलसे, अस्पताल में हुए भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप–1 में अचानक हुए इलेक्ट्रिकल फ्लैश से दो कर्मी झुलस गए। हादसे के बाद दोनों को तत्काल बोकारो जनरल हॉस्पिटल ( बीजीएच ) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, स्टील मेल्टिंग शॉप–1 के एरिया रिपेयर शॉप में हुआ। काम के दौरान अचानक इलेक्ट्रिकल फ्लैश होने से बीएसएल कर्मी देवब्रत यादव (36) और एक शक्तिपद बावरी, ठेका मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों के हाथ और चेहरे पर जख्म आए हैं।सूत्रों के मुताबिक, हादसे के समय मरम्मत कार्य चल रहा था। अचानक बिजली के संपर्क में आने से तेज



फ्लैश हुआ, जिसकी चपेट में दोनों आ गए। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।इस हादसे के बाद एक बार फिर बीएसएल में इंडस्ट्रियल सेफ्टी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।फिलहाल प्रबंधन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।

शेष पेज 11 पर

### भगोड़े मेहुल को बेल्जियम कोर्ट से तगड़ा झटका

## मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण में अब कोई कानूनी बाधा नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को लेकर बड़ा अपडेट है। बेल्जियम की एक अदालत ने दो टूक कहा कि चोकसी को भारत प्रत्यर्पित करने में कोई बाधा नहीं है। यह फैसला एंटवर्प की एक अदालत ने 17 अक्टूबर को सुनाया। कोर्ट ने 13,500 करोड़ रुपये के पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। अदालत ने बेल्जियम के अधिकारियों की ओर से अप्रैल में की गई उसकी गिरफ्तारी को भी कानूनी रूप से सही ठहराया। यह भारत के लिए बड़ी कामयाबी है, जो इस भगोड़े कारोबारी को पकड़ने की लगातार कोशिश कर रहा है।

**बेल्जियम की अदालत ने क्या कहा**

अदालत ने साफ किया कि मेहुल चोकसी बेल्जियम का नागरिक नहीं है, बल्कि एक विदेशी नागरिक है। कोर्ट ने यह भी माना कि उसके खिलाफ लगे आरोप इतने गंभीर हैं कि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि भारत की ओर से लगाए गए आरोप जैसे धोखाधड़ी, जालसाजी, दस्तावेजों में हेरफेर और भ्रष्टाचार, बेल्जियम के कानून के तहत भी अपराध माने जाते हैं।

**इन धाराओं में दर्ज है मामला :** अदालत ने पाया कि भारत में दर्ज मामले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120B (आपराधिक साजिश), 201 (सबूत मिटाना), 409 (लोक सेवक की शेष पेज 11 पर



### मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण पर हर पेंच हुआ खत्म

हालांकि, अदालत ने आगे कहा कि इन अपराधों में मेहुल चोकसी की भूमिका आपराधिक गिरोह में शामिल होना, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करना हो सकती है। ये सभी बेल्जियम आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 66, 196, 197, 213, 240, 241, 245, 246, 247 और 496 के तहत गंभीर अपराध हैं।

शेष पेज 11 पर

### पीएनबी धोखाधड़ी मामले में हुई कार्रवाई

अदालत के फैसले में कहा गया कि कथित अपराध 31 दिसंबर, 2016 से 1 जनवरी, 2019 के बीच हुए थे। यह भी पाया गया कि भारत और बेल्जियम दोनों देशों में इन अपराधों के लिए समय-सीमा समाप्त नहीं हुई थी। चोकसी ने अदालत में यह दलील दी थी कि उसे एंटीगुआ से अगवा किया गया था

शेष पेज 11 पर

इंडिया

# डूबते सूर्य के सम्मान का ही नहीं स्त्री की सहनशक्ति का प्रतीक है छठ



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कभी मगध के देव में केंद्रित सूर्योपासना का पर्व छठ आज महापर्व बन चुका है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने में स्व शारदा सिन्हा का भी बड़ा योगदान था जिस प्रकार वैष्णो देवी को लोकप्रिय बनाने में स्व गुलशन कुमार की बड़ी भूमिका थी । मुंबई जहां पर हिंदी या बिहार के लोगों का विरोध होता था वहां भी छठ के नाम पर राजनीति हो रही है कि हम आपको सुविधा दे रहे हैं वे नहीं दे रहे हैं, यही हाल दिल्ली में है जहां कभी बिहारी शब्द को गाली की तरह इस्तेमाल किया जाता था और आज वहां की राज्य सरकार ने छठ पर आधिकारिक छुट्टी के साथ सुविधाएं देती है । राजनीतिक धमक के विदेशों में भी छिटपुट छठ मनाई जाती है । धार्मिक मान्यता के अलावा दिवाली वर्षा उपरांत घरों की सफाई का तो उसके 6 दिन के बाद होने वाला छठ सरोवर की सफाई का त्यौहार है जिससे प्राचीन काल में जल स्त्रोतों के प्रति लोगों का सम्मान या उत्तरदायित्व झलकता था,जिसे बिहार के बहुत सारे मुस्लिम धर्मावलंबी भी मनाते हैं। महिलाओं के अलावा पुरुष भी छठ का व्रत रखते हैं और संभवतः यह एकमात्र त्यौहार है जिसमें किसी पुरोहित की यानी ब्राह्मण की आवश्यकता नहीं पड़ती। कोई भी पवित्र भाव से 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दे सकता है जो साल में दो बार मनाया जाता है। साधारण घरों की कमजोर महिलाएं जो घरों का काम करते हुए इस कठिन व्रत को पूरा करती हैं सचमुच परीक्षा देती हैं । जनजातीय समुदाय भी सूर्य के प्रति जो ऊर्जा या शक्ति के प्रतीक हैं, आस्था व्यक्त करते हुए उन्हें धर्मेश या रंपा चंपा के रूप में भगवान सूर्य की आराधना बहुत ही भक्ति भाव से करता है। यह कोई धर्म विशेष का त्योहार ना होकर सूर्य को धन्यवाद देने या उनके प्रति आभार व्यक्त करने का त्यौहार है । वैसे इसके मूल में यह संदेश छिपा है कि नदी नाले या तालाब हमारे जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं जो आज बुरी तरह प्रदूषित या संकीर्ण हो गए हैं कहीं-कहीं पर तो उनमें जल ही नहीं है जिस कारण लोग प्लास्टिक के टबों में घरों की छतों के ऊपर या खाली जमीन पर गड्ढा खोदकर कृत्रिम



एआई जेनरेटेड

जल से जलागार बनाकर छठ पर्व मना रहे हैं । यह एक औपचारिकता होती है जबकि छठ पर्व सामूहिकता का प्रतीक है जिसमें महिलाओं के सामूहिक गीत, सामूहिक रूप से ठेकुआ बनाना, खीर भोजन बनाना, कद्दू भात बनाने में सहयोग करना एक बड़ा आयोजन होता है। इसका सबसे अनुकरणीय और अनूठा पक्ष यह है कि कितने भी बड़े पद पर या कितने भी धनवान व्यक्ति क्यों ना हो उन्हें सड़कों की सफाई करने पूजा का दउरा उठाने और मांग कर प्रसाद लेने या छठव्रती चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो घाट पर या घरों में उसका पैर छूकर आशीर्वाद लेने में किसी को कोई हिचक नहीं होती कोई भेदभाव नहीं होता इस प्रकार समाज में एक बहुत बड़ा संदेश इसके माध्यम से दिया जाता है जो भेदभाव रहित सनातनी समाज का मूल कहा जा सकता है, जबकि आधुनिक छठ में बहुत सारी बातें इसके मूल उद्देश्य से इसको भटका रही है जैसे छठ घाटों पर ताकत दिखाकर कब्जा करना छठ घाटों और मोहल्ले में बड़े-बड़े साउंड बॉक्स या डीजे लगाकर कानफोड़ू गीत संगीत रात दिन बजाना और सबसे आपत्तिजनक बात जो इसके उद्देश्य पर्यावरण की शुद्धता के ठीक विपरीत है वह है घाटों पर पटाखे की होड़ बचाना घरों से लेकर जलाशयों तक पटाखे की ऐसी धूम मची रहती है कि आयोजक बार-बार ध्वनि विस्तारक यंत्र से उन्हें समझाते रहते हैं कि कृपया पटाखे ना छोड़े वहां धुआं जो फैलता है उससे छठवृतियों का ध्यान और स्वास्थ्य दोनों खतरे में पड़ जाता है।

### कारोबारियों को धमकाने के लिए प्रिंस खान व सुजीत सिन्हा ने मिलाया हाथ

# पाक से आते हैं हथियार, चार गिरफ्तार

- पाकिस्तान से ड्रोन से हथियार आने का खुलासा
- रंगदारी का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** संगठित अपराध को लेकर रांची पुलिस की जांच में अहम खुलासा हुआ है। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम की जांच में खुलासा हुआ है, कि रांची में कारोबारियों को धमकाने और लेवी वसूलने के लिए अपराधी प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह ने आपस में हाथ मिला लिया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांके के रहने वाले बबलू खान, मो शाहिद, मो सेराज और पंडरा के रहने वाले रवि आनंद को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने हथियार और कार बरामद की है। उल्लेखनीय है कि कोयलांचल शांति सेना के नाम पर कुख्यात अपराधी प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा द्वारा शहर के व्यवसायियों और कारोबारियों को फोन पर रंगदारी के लिए लगातार धमकी दिए जाने के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के आलोक में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बरामद हथियार और गोली पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से मोगा (पंजाब) के रास्ते भारत लाए जाते हैं। इन हथियारों का उपयोग रांची सहित देश के विभिन्न स्थानों पर बड़े कारोबारियों, पूंजीपतियों और व्यवसायियों में दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलने के लिए किया जाता है।

अपराधियों ने बताया कि रांची में इनामुल हक उर्फ बबलु खान अपने गुर्गों के साथ मिलकर सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूलता है। वसूली गई राशि को सुजीत सिन्हा के गुर्गों की मदद से प्रिंस खान तक पहुंचाया जाता है, जिसे प्रिंस खान द्वारा यूएई के रास्ते पाकिस्तान भेजा जाता है।

इस राशि का उपयोग पाकिस्तान में उनके गुर्गों द्वारा अवैध हथियार की खरीद और अन्य अवैध कार्यों में किया जाता है। जो एक संगठित अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क की ओर इशारा करता है। पुलिस के अनुसार, यह भी उल्लेखनीय है कि डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्यभामा अपार्टमेंट के बाहर हुई हवाई फायरिंग की घटना के लिए हथियार भी इन्हीं गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे।

### रंगदारी मांगने के मामले में अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी गिरफ्तार

**रांची।** गोलाबारी और रंगदारी मांगने के मामले में अपराधी सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा गिरफ्तार हुई है। सुजीत सिन्हा वर्तमान में साहेबगंज जेल में बंद है। उल्लेखनीय है कि डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्यभामा अपार्टमेंट के बाहर हुई हवाई फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में रिया सिन्हा की संलिप्तता सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने रिया सिन्हा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी कई बार रिया सिन्हा गिरफ्तार होकर जेल जा चुकी है। रांची पुलिस की टीम की जांच में खुलासा हुआ है, कि रांची में कारोबारियों को धमकाने और लेवी वसूलने के लिए अपराधी प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह ने आपस में हाथ मिला लिया है।

### डीसी ने की जतरा आयोजन के तैयारियों की समीक्षा

# जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आगामी जतरा आयोजन को लेकर कांके रोड स्थित जतरा टांड़ का उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया एवं आयोजन समिति के सदस्यों से विस्तृत चर्चा की।

भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, यातायात नियंत्रण, पार्किंग स्थल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्निशमन की तैयारी आदि बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जतरा में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की जाएं। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की तथा जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जतरा के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को चिन्हित स्थानों पर दायित्व सौंपे जाएंगे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन को जतरा की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राकेश सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रांची समेत कई जिलों में छाएंगे बादल, छिटपुट बारिश के आसार

**रांची।** छठ महापर्व से ठीक पहले झारखंड के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में मौसम करवट लेने की तैयारी में है। मौसम विभाग ने छठ के समय सुबह में धुंध और उसके बाद हल्के बादलों के छाए रहने की आशंका जताई है, साथ ही हल्के दर्जे की बारिश भी हो सकती है। विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक सुबह कोहरा रहेगा, जिसके बाद आंशिक बादल छाएंगे और मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहेगा। हालांकि, 25 और 26 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी-पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है। इससे छठ की तैयारियों में जुटे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इन जिलों में बरस सकते हैं बादल बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा जैसे दक्षिणी-पश्चिमी जिलों में हल्की बारिश के संकेत हैं। इसके अलावा रांची, गुमला और लोहरदगा से सटे इलाकों में भी कहीं-कहीं हल्की फुहारें पड़ने के आसार हैं।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका मैच को लेकर तैयारियों पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम में आगामी 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे क्रिकेट मैच के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक जेएससीए के पदाधिकारियों और रांची जिला प्रशासन के बीच हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट मैच के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करना था। बैठक में जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडे, सचिव सौरभ तिवारी, सह सचिव शहबाज नदीम, कोषाध्यक्ष अमितावा घोष, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राकेश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक, डीएसपी हटिया मोद कुमार मिश्रा, जेएससीए के आजीवन सदस्य राजीव कुमार सिंह, बिनय बिहारी कर्ण, किशोर चन्द्रा सहित जेएससीए और जिला प्रशासन के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में क्रिकेट मैच के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर क्रमवार चर्चा की गई। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना की और कहा कि समन्वित प्रयास आयोजन की सफलता की कुंजी हैं। सचिव श्री सौरभ तिवारी ने स्टेडियम की तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि जेएससीए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के लिए जिला प्रशासन जे.एस.सी.ए को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि यह आयोजन राँची में भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# हेमंत सोरेन त्याग करने के आदी हैं : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि इंडिया ब्लॉक में सबकुछ ठीक नहीं है। झामुमो नेताओं ने राजद-कांग्रेस पर धोखा देने का आरोप लगाया। इस पर कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि गुस्से में कभी-कभी कुछ आक्रोश बाहर निकल जाता है। उन्होंने कहा कि दुखद है। हम समझते हैं गठबंधन में उनको रहना चाहिए था। कई कारणों से ऐसा हुआ होगा, बेहतर वही लोग बता पाएंगे जो इस गठबंधन के संदर्भ में बातचीत कर रहे थे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जेएमएम का आक्रोश लाजिमी है, क्योंकि यहां वो इंडिया गठबंधन में हमारे साथी हैं और पूरे देश में वो हमारे साथी दलों में हैं। तो हम यह कह सकते हैं कि कई कारण रहते हैं और समय पर सारी चीजें संभव नहीं हो पाई होंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लगातार गठबंधन के नेताओं की बातचीत हो रही है और हम समझते हैं सब कुछ ठीक होगा। हेमंत सोरेन त्याग करने के आदी हैं। पहले भी उन्होंने त्याग किया है। झारखंड में भी उन्होंने राजद के लिए त्याग किया था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि गठबंधन की समीक्षा समय-समय पर होती रहती है। यह कोई नई बात नहीं है। हम अपने कामों की समीक्षा करते हैं कि कौन क्या कर रहा है, कौन क्या नहीं कर रहा है। उस संदर्भ में उन्होंने कुछ कहा होगा और हमें नहीं लगता है कि यह कोई बड़ी बात है। यह लगातार ऐसे चलता रहता है। जब गठबंधन के साथ ही हैं और जब सब लोग आपस में बातचीत करते हैं तो बातें सामने आती हैं। इसमें कोई चिंता करने की बात नहीं है।

झामुमो के आरोपों पर उन्होंने कहा कि आक्रोश में कई लोग कुछ-कुछ बोल जाते हैं। हमें लगता है कि शब्दों की सीमा रहनी चाहिए। आक्रोश अपनी जगह पर है और आक्रोश भी लाजिमी है। वो गठबंधन के साथी हैं, वो चाहते थे और उन्होंने पहले झारखंड में राजद को सीट देने का काम किया है तमाम जंजालों के बीच।

तो निश्चित रूप से वो ऐसा सोचते हैं, लेकिन हमें लगता है कि सब कुछ गठबंधन में ठीक है और इस तरह की बातें कई बार आदमी आक्रोश में बोल जाता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चर्चा करके सबकुछ सुलझा लेंगे।

### हेमंत जैसा बड़ा दिल, बिहार के नेताओं में नहीं : मनोज पांडे



**रांची।** झामुमो नेता मनोज पांडे ने बुधवार को पटना में आयोजित होने वाली महागठबंधन की साझा प्रेस वार्ता पर कहा, "हम जब चुनाव से बाहर आ गए तो बिहार में हम गठबंधन में भी नहीं हैं। हमें तो उस लायक ही नहीं समझा गया। जो लोग चुनाव लड़ रहे हैं उनकी प्रेस वार्ता होगी।

**झामुमो की पीड़ा कायम है, भावनाएं आहत हुई हैं :** पांडेय ने कहा कि जो लोग चुनाव लड़ रहे हैं, उनकी प्रेस वार्ता होगी। लेकिन जेएमएम की जो पीड़ा है, वह कायम है। जो भावनाएं हैं, वह कहीं ना कहीं आहत हुई है। उन्होंने हेमंत सोरेन का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कई मौकों पर अपना बड़ा दिल दिखाया है, लेकिन बिहार के नेताओं में वह भावना नहीं दिखाई दी। इसे मैं नाइंसाफी कहूंगा।

**सीट नहीं मिलने पर झामुमो ने खुद को अलग किया :** गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही जेएमएम को राजद ने एक भी सीट नहीं दी। ऐसे में पार्टी ने चुनावी मैदान से खुद को अलग कर लिया है। हालांकि झारखंड में जेएमएम आरजेडी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला रही है।

## झारखंड के 5 जिलों में एनडीपीएस थाना बनाने का आदेश जारी

**रांची।** झारखंड में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस मुख्यालय स्तर से राज्य के पांच जिलों में एनडीपीएस थाना के गठन को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। आईजी मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रांची, चतरा, जमशेदपुर, खूंटी और हजारीबाग में एक-एक एनडीपीएस थाना अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना की कॉपी आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। गौरतलब है कि राज्य में अफीम और अन्य मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने के उद्देश्य से इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इन पांच जिलों (रांची, चतरा, जमशेदपुर, खूंटी और हजारीबाग) में एनडीपीएस थाना खोलने के प्रस्ताव को 24 सितंबर को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। इन विशेष थानों के गठन से नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती से जुड़े मामलों में तेजी से कार्रवाई होगी।

## भाकपा माले ने पुण्यतिथि पर बुधुवा उरांव को दी श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले ने पार्टी नेता बुधुवा उरांव की पुण्यतिथि पर बुधवार को बुढमू में सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्टी के कार्यतार्ओं ने झारखंड में संशोधित पेसा कानून लागू करने, नक्सल के नाम पर आदिवासियों पर दमन बंद करने, राशन-रोजगार-वनपट्टा की गारंटी देने और जंगल-जमीन-लोकतंत्र की रक्षा करने सहित अन्या मांगों को लेकर मार्च निकाला। सभा में पार्टी के जिला सचिव जगमोहन महतो ने बुधुवा उरांव वर्ष 1988 में भाकपा माले में शामिल हुए थे और जीवनपर्यंत जंगल-जमीन-रोजगार और भाजपा के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व किया। उन्हों ने कहा कि आज बुधुवा उरांव हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विरासत की रक्षा करना और आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी हमें लेनी है। वहीं आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता जगरनाथ उरांव ने कहा कि वनाधिकार कानून- 2006 के तहत वन पट्टा के आवेदन के बावजूद वन पट्टा सही ढ़ंग से नहीं मिल पा रहा है। नये वन संरक्षण (संशोधन) कानून-2022 से जंगल-जमीन से आदिवासियों को उजाड़ कर विस्थापन की ओर धकेला जा रहा है। एरिया सचिव किशोर खंडित ने कहा कि अंचल कार्यालयों में अब भू-माफिया-राजनेता-प्रशासन गंठजोड़ के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की जमीन लूट बदस्तूर जारी है। पार्टी आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेत्तृत्व में गरीब और किसानों मजबूत बनाकर जनसंघर्ष के जरिए भूमि लूटेरों के खिलाफ लगाम लगाएगी। सभा को अलमा खलखो, महावीर मुंडा, सरफराज अंसारी, चांदनी उरांव, प्रीतम उरांव, रामकिशुन लोहरा, नारायण कुशवाहा सहित अन्य ने संबोधित किया।

## झारखंड भाजपा में सुधारने के लिए शीर्ष नेतृत्व कठोर निर्णय ले : डॉ सूरज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रघुवर दास के कारण ही झारखंड में भाजपा की वर्त्तमान स्थिति है। उन्होंने कहा कि इस बात की नितांत आवश्यकता है कि शीर्ष नेतृत्व झारखंड में भाजपा की जमीनी स्थिति को बेहतर बनाने और जन आकांक्षाओं के अनुरूप जनाधार को और अधिक मजबूत करने के लिये शीघ्र ही कठोर एवं गंभीर निर्णय ले।

डॉ. मंडल ने पीएम मोदी एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं से यह अपील की है कि वह अतिशीघ्र निर्णय लेकर उस गलती को सुधारें। साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता साथी दलों कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और झामुमो का असली चेहरा पूरी तरीके से सामने आने के बाद झारखंड में भाजपा की जमीनी स्थिति-परिस्थिति पर नये सिरे से गंभीरतापूर्वक विचार करने एवं निर्णय लेने की जरूरत है।

## युवक को बदमाशों ने पीटकर 25 हजार लूटे, मामला दर्ज



**रांची।** पुरानी रांची के फिरदौस आलम के साथ बदमाशों ने मारपीट कर लूटपाट की। आरोप सुजल समेत अन्य पर लगा है। पीड़ित ने सुजल समेत अन्य पर कोतवाली थाना में केस किया है। पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम वह घर लौट रहा था। तभी चार युवक पीटने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने उनसे 25 हजार रुपए लूट लिया। जिसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुट गई है।



केंद्र रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य हेहल **जतरा महोत्सव** में सम्मिलित हुए।

## छठ पर 12 हजार ट्रेन चलाने का दावा खोखला : राजद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश राजद ने महापर्व छठ पर देश भर में 12 हजार ट्रेन चलाने के केंद्र सरकार के दावे को खोखला बताया है। इस संबंध में बुधवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने विगत दिनों घोषणा किया था कि छठ महापर्व त्योहार के पावन अवसर पर बिहार के लिए 12 हजार स्पेशल ट्रेन चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि देशभर में झारखंड और बिहार से जाकर करोड़ों काम करने वाले लोगों को छठ त्यौहार पर घर वापसी के लिए काफी परेशानी हो रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार और झारखंड से देशभर में करोड़ों लोग रोजी रोजगार के लिए बाहर जाते हैं। केंद्र में तीसरी बार शासन कर रही भाजपा ने दावा किया था कि छठव्रतियों और श्रद्धालु यात्रियों के लिए 12 हजार स्पेशल ट्रेन चलाएंगे। ताकि यात्री सकुशल अपने घर वापस जा सकें लेकिन ये दावा महज जुमला साबित हुआ। यादव ने कहा कि बिहार में छठ महापर्व और विधानसभा का आम चुनाव का महापर्व एक साथ नजदीक होने के कारण बाहर रहने वाले करोड़ों लोगों में काफी उत्सुकता है। लेकिन इस महत्वपूर्ण मामले पर रेल मंत्रालय और भाजपा के खोखली दावे से लोग मायूस और नाराज हैं।

## डॉ उरांव ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा हस्ताक्षर अभियान के दस्तावेज




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में चलाये गये वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान के कुल 26 हजार दस्तावेज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को सौंपा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की ओर से वोट चोर, गद्दी छोड़ नामक हस्ताक्षर अभियान का तीसरा चरण 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया गया। उन्होंने कहा कि एक पार्टी समन्वित, घर-घर और जन-सम्पर्क अभियान के माध्यम से आम लोगों से वोट चोरी के खिलाफ 25 लाख हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए प्रतिबद्ध है। ज़िला, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन इसकी असली ताकत हम सभी की व्यक्तिगत भागीदारी से आएगी।

मौके पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि किस तरह मोदी सरकार वोट की चोरी कर जनता का शोषण कर रही है। कांग्रेस और जनता अब भाजपा का असली चेहरा दिखाएगी।

**विरोध** आईआईसीएम श्रमिक संघ की बैठक में प्रबंधन के रवैये पर आक्रोश, बोले अजय राय

# कर्मियों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) श्रमिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्थान के कर्मचारियों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। विशेष रूप से पिछले दिनों प्रबंधन द्वारा किए गए दो महीने के शॉर्ट टेंडर का मामला बैठक का प्रमुख विषय रहा, जिसके तहत काम तो कर्मचारियों से लिया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इस मुद्दे पर उपस्थित सभी सदस्यों ने तीव्र असंतोष प्रकट किया और इसे कर्मचारियों के साथ सरासर अन्याय बताया।

बैठक में यह भी बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आईआईसीएम प्रबंधन ने अब तक कर्मियों के रेगुलराइजेशन (स्थायीकरण) की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यह स्थिति न केवल न्यायिक आदेशों की अवहेलना है, बल्कि इससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष और असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने इस अवसर पर कहा कि "आईआईसीएम प्रबंधन का रवैया पूरी तरह तुगलकशाही और मनमाना होता जा रहा है। रेगुलराइजेशन तो दूर, अभी तक कर्मचारियों को उनका कोल वेज तक नहीं दिया गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।" उन्होंने आगे कहा कि "संस्थान के कर्मियों ने हमेशा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम किया है, लेकिन प्रबंधन उनकी मेहनत और अधिकारों की अनदेखी कर रहा है। अगर जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो संघ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि अगर जल्द ही बकाया भुगतान, कोल वेज और रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तो संघ इस मामले को उच्च स्तर तक ले जाएगा और आवश्यक होने पर श्रम विभाग एवं न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया जाएगा।

संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का शोषण अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा गया कि वे तुरंत कर्मियों के हित में ठोस पहल करें, अन्यथा संघ चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि आईआईसीएम के श्रमिकों के हक की लड़ाई को अंतिम परिणाम तक पहुंचाया जाएगा। इस बैठक के माध्यम से आईआईसीएम श्रमिक संघ ने एक बार फिर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अपने सदस्यों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार है।

बैठक में मनोज कुमार सिंह, रमेश साहू, इस्लाम खान, वीर बहादुर सिंह, आलोक झा, अक्षय बेहरा, प्रीत यादव, उत्तम कुमार, मकदली कुजूर, राजेश तिर्की, मदीना खातून, ज्योति खलखो, निर्मला किस्पोट्टा, शशि देवी, अनीता तिग्गा, अनुपमा साहू, पूनम तिर्की, राहिल कुजूर, लखी लिंडा, शिला बंडो सहित अन्य शामिल हुए।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने छठ को लेकर तालाबों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को रांची के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी को लेकर स्वामी विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) धुर्वा डैम, बटन तलाव डोरंडा, जगन्नाथपुर तालाब ,स्वर्णरेखा नामकुम, तेतरी टोली हाई टेंशन कॉलोनी, मत्स्य अनुसंधान केंद्र शालीमार ,छोटा डैम, आदर्श नगर धुर्वा, स्मार्ट सिटी तलाव, सहित विभिन्न स्थान के छठ घाटों का निरीक्षण किया। यहां चल रही तैयारी का जायजा लिया। छठ घाट समितियों के प्रतिनिधियों से छठ की तैयारी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। श्री सेठ ने बड़ा तालाब के तोरण द्वार के मरमती कारण करने एवं सभी तालाब में लाइट की व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के प्रशासक से बात की केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ द्वारा बड़ा तालाब एवं स्वर्णरेखा घाट नामकुम में सोलर हाई मास्क अभिलंब लगाया जाएगा। श्री सेठ ने कहा सभी तालाबों पर एनडीआरएफ की टीम पूरी मुस्तादी के साथ सभी छठ घाटों पर मौजूद रहेंगे श्री सेठ ने सभी पूजा समितियों से कहा किसी प्रकार की छठ वर्तियो को कोई कठिनाई नहीं होगी उन्हें हर संभव मदद किया जाएगा। इस अवसर पर राजीव रंजन मिश्रा, रिंकू सिंह , प्रमोद सिंह, जुगनू साहू, धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों समिति के लोग मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा है रांची विवि : अभिषेक शुक्ला



**रांची।**अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा राज्यपाल की कड़ी हिदायत के बावजूद रांची विश्वविद्यालय प्रशासन एक व्यक्ति एक पद के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय में एक-एक व्यक्ति चार-चार पदों पर काबिज है जिसका सीधा प्रभाव विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य एवं यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ता है। लगभग 2 महीने पहले विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ डीके सिंह द्वारा "एक व्यक्ति एक पद" लागू करने के लिए आवेदन मांगे गए थे लेकिन वह सिर्फ फाइलों में ही सिमट कर रह गई। शुक्ला ने कहा के विश्वविद्यालय के कुलपति राज्यपाल के आदेश "एक व्यक्ति एक पद "को गंभीरता से लेते हुए उसे तत्काल प्रभाव से लागू करें अन्यथा अबुआ अधिकार मंच आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

### श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया गया



**रांची।** श्री श्याम मंडल ने अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में बुधवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक माह पर 11 बजे श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान बबीता मोदी अपने पूरे परिवार जिनमें निकिता मोदी, अंशुल मोदी, ललित मोदी, केशव मोदी के साथ श्याम बाबा को अंकुट का भोग अर्पित किए । सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं मोदी परिवार द्वारा गणेश पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा । अंकुट का भोग लेने के लिए भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। वहीं श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पेय जल का वितरण कर रहे थे। उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के अंकुट का भोग श्री श्याम मंदर में ही निर्मित किया गया तथा 500 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पाड़िया, प्रमोद बगड़िया , मनोज ढांढनीयाँ, प्रदीप अग्रवाल , अभिषेक डालमिया, प्रियांश पोद्दार , बालकिशन परसरामपुरिया , नितेश केजरीवाल , राजेश सारस्वत , नितेश लखोटिया का सहयोग रहा ।

### घर का ताला तोड़ नगदी समेत दो लाख के जेवर चोरी

**रांची।** रांची के धुर्वा डैम साइड निवासी आमी चंद के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत दो लाख का सामान चुराकर फरार हो गए। घटना सोमवार की है। इस संबंध में आमी चंद ने विधानसभा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। आमी चंद ने पुलिस को बताया कि वह काली पूजा देखने के लिए परिवार के साथ निकले थे। देर रात लौटे तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा है। अलमीरा में रखे सोने का झुमका, लॉकेट, चांदी का पायल व दस हजार नगदी गायब है।

## सीसीएल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय स्थित दिनकर पुस्तकालय में स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुस्तकालय को साफ-सुथरा बनाना और उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना था, ताकि कर्मचारी और पाठक स्वच्छ, व्यवस्थित और अनुकूल वातावरण में पढ़ाई कर सकें। अभियान के दौरान पुराने समाचार पत्र और पत्रिकाओं को व्यवस्थित रूप से एकत्र कर हटाया गया। कुल 3,069 किलोग्राम पुराने समाचार पत्र और 144 किलोग्राम पुरानी पत्रिकाएं पुस्तकालय से निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत विक्रय की गईं, जिससे कंपनी को राजस्व भी प्राप्त हुआ। यह कदम स्वच्छता, संसाधनों के पुनः उपयोग और अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीसीएल ने इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह संस्थान की कार्य संस्कृति का सतत हिस्सा है। इस प्रयास से पुस्तकालय अधिक व्यवस्थित और उपयोगी बन गया, और उपयोगकर्ताओं के लिए अध्ययन का माहौल और अधिक सुदृढ़ हुआ।

## छठ घाटों की सफाई में तेजी एम्फीबियस मशीन से हो रहा काम

**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए रांची नगर निगम ने सभी प्रमुख घाटों की सफाई कार्य को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। घाटों की गहराई बढ़ाने, जलकुंभी एवं जल-जनित कचरे को हटाने के लिए एमफीबियस एक्सकेवेटर(पोकलेन) मशीन की सहायता से लगातार सफाई कार्य किया जा रहा है। प्रशास क सुशांत गौरव के निर्देशानुसार निगम के अभियंता दल एवं सफाई कर्मियों की टीम घाटों की निरंतर निगरानी कर रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। एमफीबियस एक्सकेवेटर की विशेषता यह है कि यह मशीन जल एवं स्थल दोनों पर कार्य कर सकती है, जिसके माध्यम से तालाबों की गाद निकालना, जलकुंभी हटाना तथा घाटों की सफाई तेज़ी और कुशलता से की जा रही है। रांची के कांके डैम (स्थित सभी घाटों में) पर मशीन द्वारा सफाई कार्य निरंतर जारी है।

# उपायुक्त मंजूनाथ ने छठ को लेकर विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** छठ पर्व को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शहर के कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटों की सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की गई।

**● प्रमुख घाटों का निरीक्षण**

अधिकारी दल ने कांके डैम, हटनिया तालाब, चडरी तालाब, बड़ा तालाब (रांची झील) और धुर्वा डैम का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सबसे पहले रखा जाए और घाटों पर सभी जरूरी इंतजाम पूरे हों।

**● सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश**

उपायुक्त ने कहा कि सभी घाटों पर पुलिस बल, SDRF और NDRF की टीमें तैनात रहेंगी। उन्होंने गोताखोरों की मौजूदगी, सुरक्षा बैरिकेडिंग और कंट्रोल रूम की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

**● केवल सुरक्षित गहराई तक ही जाएं श्रद्धालु**

उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे केवल सुरक्षित गहराई तक ही जल में प्रवेश करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी सुरक्षा इंतजाम कर रहा है, लेकिन सतर्कता और संयम जरूरी है। उन्होंने लोगों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

**● सफाई और रोशनी पर खास ध्यान**

नगर निगम को निर्देश दिया गया है कि घाटों की सफाई, कीचड़ हटाने और कचरा निस्तारण का काम समय पर पूरा करें। बिजली विभाग को स्थायी और अस्थायी लाइट की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि अर्घ्य के समय कोई परेशानी न हो।

**● पूजा समितियों से संवाद**


निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समितियों के सहयोग से छठ पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न होगा।



### डीसी ने डोरंडा स्थित काली पूजा पंडाल का किया भ्रमण


**रांची।** डोरंडा स्थित भव्य काली पूजा पंडाल का उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया।इस दौरान दोनों वरीय पदाधिकारियों ने पूजा स्थल पर पहुंचकर मां काली की आराधना की एवं जिलेवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर आयोजन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। भ्रमण के दौरान पूजा समिति के सदस्यों द्वारा उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राकेश कुमार को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गाय। वरीय पदाधिकारियों ने पूजा समिति को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### आज / कल




## रांची हुआ राममय, राजन जी महाराज की रामकथा में उमड़े भक्त

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी राँची का माहौल बुधवार को रामभक्ति में सराबोर हो गया, जब विश्वप्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज की त्रिदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ मैथन पैलेस में हुआ। पहले ही सत्र में हज़ारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे और उत्साह तथा श्रद्धा के साथ कथा श्रवण किया।

कथा के प्रारंभ में महाराज श्री ने रांचीवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा,

"यह आपका प्रेम ही है जो खींचकर हमें पुनः झारखंड की पावन धरती पर ले आया है। आप पूजन-अर्चन और व्यस्त जीवन से समय निकालकर रामकथा में बैठे हैं, यह आपका भक्ति भाव ही है।"

**● शिव-पार्वती विवाह प्रसंग से हुई कथा की शुरुआत**

कथा का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के स्मरण के साथ हुआ। श्री महाराज ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के माध्यम से कथा प्रवाह को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि रामकथा की शुरुआत इसी प्रसंग से इसलिए होती है क्योंकि "गोस्वामी तुलसीदास ने संपूर्ण रामकथा शिवजी के श्रीमुख से कहलाई है। इसलिए कथा में प्रथम वंदना भोलेनाथ की होती है।"

"राम कौन हैं?" प्रश्न से आगे बढ़ी कथा महाराज श्री ने आगे भारद्वाज ऋषि और याज्ञवल्क्य ऋषि के संवाद का उल्लेख करते हुए रामत्व की व्याख्या की। उन्होंने कहा "प्रश्न केवल इतना नहीं कि राम कौन हैं, बल्कि यह भी कि हम राम को अपने जीवन में कैसे उतारें।

# छठ पर्व पर रांची में 27-28 अक्टूबर को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** छठ पर्व के मद्देनजर रांची में 27 और 28 अक्टूबर को ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। पर्व के दौरान सुगम यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है, जो इमरजेंसी को छोड़कर सभी वाहनों पर लागू होगी। इस संबंध में रांची पुलिस ने बुधवार को आदेश जारी किया है।



### मालवाहक वाहनों का प्रवेश बंद

- 27 अक्टूबर की सुबह आठ बजे से रात के 11 बजे तक और 28 अक्टूबर की सुबह दो बजे से दिन के दस बजे तक सभी मालवाहक वाहनों का एंट्री बंद रहेगा।
- इस समय भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालन कर सकेंगे।
- इसके अतिरिक्त, शहर में सामान्य नो-एंट्री का समय पहले की तरह लागू रहेगा।

### छोटे मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक


- 27 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से रात के आठ बजे तक शहर में सभी छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- 27 अक्टूबर की शाम तीन बजे से रात के आठ बजे तक चांदनी चौक से कांके और राम मंदिर के बीच ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन वर्जित रहेगा।

### 27 अक्टूबर को प्रमुख मार्गों पर पूर्ण प्रतिबंध

- - फिरायालाल से चढ़री तालाब की ओर जाने वाली सड़क
- - जेल चौक से फिरायालाल की ओर जाने वाली सड़क
- - इन सड़कों पर पर्व के दौरान यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

### घाटों के पास पार्किंग व्यवस्था और डायवर्जन

छठ पर्व के अवसर पर छठ घाटों के पास कुछ स्थानों को पार्किंग स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है। आवश्यकतानुसार, यातायात को नियंत्रित करने के लिए अन्य मार्गों को कम समय के लिए डायवर्ट और रोका जा सकता है।



# सांसद ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में आम लोगों के लिए ओपीडी का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**नामकुम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन नामकुम में बुधवार को रांची सांसद सह राज्यमंत्री रक्षा संजय सेठ दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर ओपीडी का उद्घाटन किया। इस मौके पर कॉलेज हुआ अस्पताल के डीन डा संध्या आर ने राज्य मंत्री को बताया कि अस्पताल में ओपीडी की व्यवस्था अब से आम लोगों के लिए निशुल्क ओपीडी व्यवस्था की गई है। यह ओपीडी हर रोज सुबह के 9 से 4 बजे तक डाक्टर उपलब्ध रहेंगे और सभी तरह के बीमारियों का निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस मौके पर सांसद ने संजय सेठ ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है और तुरंत सामान्य जनता को गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। विशेष रूप से रांची और आस-पास के क्षेत्रों के लोग अब मुफ्त में व्यापक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। लंबे समय से स्थानीय लोगों कि ओर से ईएसआईसी अस्पताल में ओपीडी की व्यवस्था करने की मांग की जा रही थी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि पिन्टु सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बिरसा पाहन,धर्मेन्द्र सिंह,चुनु साहू, नीता शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### एलएमवी ओनर ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान, सिल्ली में एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल) ओनर ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश ठाकुर थाना प्रभारी सिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर ठाकुर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित वाहन संचालन केवल कौशल नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से यातायात नियमों का पालन करने,वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ना है,ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइवर के रूप में समाज में योगदान दे सकें।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को न केवल वाहन संचालन की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**अड़की।** थाना क्षेत्र के खूंटी-तमाड़ मुख्य मार्ग पर सिंदरी मस्जिद के पास मंगलवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से खूंटी सदर अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों का कहना है कि तीनों की स्थिति खतरे से बाहर है। वही घायलों में अड़की के मधुकमपिड़ी निवासी शिवनाथ कुमार और खगेंद्र कुमार एक बाइक पर सवार थे, जबकि सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सिंदरी के सोसोहातु निवासी गोपाल मुंडा सवार थे। दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर में तीनों को अंदरूनी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हुई।

### मां काली के महाभोग का हुआ वितरण



**रांची।** श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति ट्रस्ट, साउथ रेलवे कॉलोनी की ओर से मां काली पूजा बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुई। पूजा उपरांत बुधवार को मंदिर परिसर में पारंपरिक रूप से माँ काली के महाभोग (खिचड़ी) वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुगणों ने भाग लेकर मां काली का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालुगणों के सहयोग से महाभोग की तैयारी की गई थी, जिसमें बड़ी मात्रा में खिचड़ी, सब्जी बनाई गई। लगभग 18 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने इस महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और सौहार्द का अद्भुत माहौल देखने को मिला। मंदिर समिति के अध्यक्ष राम सिंह, सचिव उज्जवल आनंद, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता और मीडिया प्रभारी अनीश कुमार ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष काली पूजा के बाद किया जाता है जो मां काली के प्रति भक्तों की आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि "मां काली का महाभोग सिर्फ प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और समाज में एकता का संदेश देने वाला पर्व है। मंदिर के संरक्षकगणों एवं पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतने बड़े आयोजन में स्थानीय लोगों, समिति सदस्यों, युवाओं एवं प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण कार्यक्रम अत्यंत सफल और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई थी। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। समिति की महिला एवं युवा इकाई ने विशेष रूप से सेवा कार्य में योगदान दिया।इस अवसर पर रांची के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने माँ काली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में माँ काली की आरती और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने मिलकर भक्ति गीत गाकर वातावरण को और भी पावन बना दिया।

### करंट लगने से महिला किसान की मौत

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड अंतर्गत बोकरंदा पंचायत के लेटे गांव में बुधवार की सुबह करंट लगने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में धान कटनी कर रही महिला किसान अंजना होरो (37 वर्ष) की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जिस खेत में अंजना काम कर रही थीं, उसके ऊपर से 440 वोल्ट का विद्युत तार गुजरा हुआ था, जो झूलकर खेत से महज पांच फीट की ऊंचाई पर लटक रहा था। सुबह अंजना खेत में धान काटने गई थीं। काम के दौरान उन्हें इस झुके हुए तार का ध्यान नहीं रहा। जैसे ही वह खड़ी हुईं, उनका शरीर तार से सट गया। तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से वह मौके पर ही गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें तत्काल खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिवार में उनके पति अंद्रियस होरो, एक बेटी और दो बेटे हैं। पत्नी की असमय मौत से पति गहरे सदमे में हैं, जबकि बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है । ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार झुके हुए तार की सूचना देने के बावजूद कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच और मुआवजे की मांग की है।

### सोमा उरांव हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

बेड़ो। थाना क्षेत्र के मुड़ामु गांव स्थित अखड़ा में पूर्व अपराधकर्मी 42 वर्षीय सोमा उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हत्या के मामले में पुलिस ने मंतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं उक्त युवक के पास से हथियार भी मिला है।

### जुए के विवाद में चली गोली, एक की मौत, चार गिरफ्तार, एक देशी कट्टा बरामद

**खलारी।** हाहेटांड निवासी भूलन गंझू के पुत्र सुनील गंझू की गोली लगने से मौत के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली भी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 अक्टूबर को सुनील गंझू अपने छह दोस्तों राजेंद्र यादव, करण मुंडा, करमू प्रजापति, लालमोहन गंझू, हिमांशु सिंह और रविन्द्र सिंह के साथ चुरी-मानकी स्थित नदी किनारे गए थे। बताया जाता है कि सभी जुआ खेलने के दौरान आपस में पैसे को लेकर विवाद में उलझ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि साथियों ने सुनील गंझू को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल सुनील को रिम्स रांची में भर्ती कराया गया, जहां 20 अक्टूबर 2025 को उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतक के पिता भूलन गंझू ने पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लालमोहन गंझू, करमू प्रजापति, हिमांशु सिंह और रविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने जुए के पैसे को लेकर हुए विवाद में गोली चलाने की बात कबूल की है। पुलिस शेष दो आरोपियों राजेंद्र यादव और करण मुंडा की तलाश में जुटी हुई है।

## शराब के विरुद्ध सिल्ली थाना ने की कार्रवाई



**सिल्ली।** सिल्ली थाना पुलिस ने गुरुवार को कोकालगाम गांव स्थित पहाड़ के दुर्गम क्षेत्र में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठी पर छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में महुआ जावा और अवैध रूप से तैयार की जा रही शराब को नष्ट किया गया।थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस दल ने यह कार्रवाई की। मौके पर कई ड्रमों में महुआ जावा सड़ाया जा रहा था,जिसे पुलिस ने पूरी तरह नष्ट कर दिया।साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन,भट्टी और अन्य उपकरणों को भी तोड़ा गया।

## ऐतिहासिक घोड़ाटंगरा सोहराई जतरा का हुआ समापन



**ठाकुरगांव।** घोड़ाटंगरा सोहराई जतरा का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा उपस्थित हुए। साथ ही बिधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी,गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, झामुमो नेता समीम बढेहार भी उपस्थित हुए। इस ऐतिहासिक जतरा मे दूर-दूर से हजारों की संख्या मे लोग आये। मेले मे मिठाई की दुकान और झूले आकर्सन का केंद्र रहा। बाहर से आये हुए कलाकारों के द्वारा गीत -संगीत तथा अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये गए, सभा को सम्बोधित करते हुए माननीय विधायक ने कहा की बहुत जल्दी इस जतरा मैदान मे खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम का निर्माण कराएँगे और उसका नाम स्वः रामचंद्र तिवारी स्टेडियम रखा जाएगा। बिधायक प्रतिनिधि ने कहा की अगर स्टेडियम बनाने मे कुछ जमीन कम पड़ेगी तो वें अपनी निजी जमीन भी निर्माण कार्य के लिए देंगे।मेला को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष- गिरधारी गोप, सचिव-अशोक गोप, बॉलिंन्द्र गोप, दिनेश गोप, कुलदीप गोप, रामजतन गोप, दीपक गोप, संतोष गोप, तथा सभी सदस्यो का सराहनीय योगदान रहा।

## खलारी में गुजराती समुदाय ने मनाया नववर्ष



**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र के गुजराती परिवारों ने पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ गुजराती नववर्ष मनाया। इस अवसर पर समुदाय के लोगों ने नए वर्ष के स्वागत में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सुबह से ही स्थानीय मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। लोगों ने परिवार सहित भगवान के दर्शन कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। पूजा के बाद सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की बधाई दी। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगोली बनाई और दीप प्रज्वलित कर घरों को सजाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने गुजराती लोकनृत्य गरबा और डांडिया प्रस्तुत कर माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। इस दौरान उपस्थित बुजुर्गों ने नवपीढ़ी को एकता, प्रेम और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। गुजराती समाज के वरिष्ठ सदस्य योगेश टांक ने कहा कि यह पर्व नए उत्साह, नई ऊर्जा और सुख-समृद्धि का प्रतीक है।

### नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जतरा हमारी पुरखों की धरोहर है इसे बचाना है : सन्नी टोप्पो

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के लालगंज में काली पूजा और सेमला में सोहराई जतरा के दौरान अलग-अलग आयोजित जतरा के के दौरान रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लापुंग के लालगंज में काली पूजा आयोजन समिति के तत्वावधान में काली मंदिर प्रांगण में नागपुरी सांस्कृतिक मंच का फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने उद्घाटन किया। वहीं ककरिया पंचायत के सेमला में आयोजित सोहराय जतरा के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने इस मौके पर कहा कि लापुंग में विकास की किरणों को हमने गांव गांव तक पहुंचाया। लापुंग में डर और भय की समस्याओं के समाधान के साथ साथ पूरे प्रखंड का विकास हमारी देन है। कभी लोग लापुंग में ब्लॉक नहीं जाते थे। विकास की अवधारणा और लोग अपने हक और अधिकार को नहीं जानते थे लेकिन हमारे लंबे प्रयासों के बाद लापुंग में लोग प्रखंड मुख्यालय आना शुरू किए। इस मौके पर रुपेश पाठक, मुखिया बिरसमणी देवी सहित हजारों लोगों ने जतरा में हिस्सा लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वहीं दूसरी ओर लालगंज में सन्नी टोप्पो ने काली मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और मेला में आए लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि सोहराई जतरा हमारे पुरखों की धरोहर है इससे बचाकर रखना है। यह परंपरा दीवाली,सोहराय व काली पूजा व गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में सोहराई जतरा हमें विरासत में मिली है इसे बचाने से ही हमारी और आपकी संस्कृति परंपरा और रीति-रिवाज बचेगी। उन्होंने कहा कि नागपुरी लोक संगीत के माध्यम से हमारी झारखंडी संस्कृति को इन कलाकारों ने ही बचाकर रखा है। इस मौके पर काली पूजा के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हजारों महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में मेहमानों को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। काली मेला में ईख खिलौना और जलेबी की खूब बिक्री रही। मुख्य कलाकार सुधा बड़ाईक,सरिता देवी, प्रीति बारला, सूरज कुमार, नासिर अहमद व मंच संचालक प्रभात साहू ने अपनी प्रस्तुति से हजारों लोगों को बांधे रखा।

## राजभाषा माह महोत्सव में सरला बिरला स्कूल का परचम लहराया



**रांची।** सीसीएल द्वारा आयोजित राजभाषा माह - 2025 के अंतर्गत हिंदी महोत्सव के अवसर पर सीसीएल गांधीनगर में विभिन्न विद्यालयों के बीच अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कविता वाचन, एकल अभिनय, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण तथा अन्य भाषाई गतिविधियाँ सम्मिलित थीं। इस प्रतियोगिता में रांची शहर के 20 विद्यालयों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन का स्तर और भी प्रतिस्पर्धात्मक तथा प्रेरणादायक बन गया। इस आयोजन का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और भाषाई कौशल को प्रोत्साहन देना था। कक्षा दसवीं के प्रिंस व्यास ने अपने प्रभावशाली एकल अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवीं की सचिता त्रिपाठी ने कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' का भावपूर्ण वाचन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी और उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मां तुमी आबार आसो .... मां काली को अश्रुपूरित नेत्रों से दी गई विदाई

# मां काली का शोभा यात्रा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान उमड़ी भीड़

- विसर्जन शोभायात्रा के दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर लोगों को काली पूजा की शुभकामनाएं दी

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो ।** श्री श्री काली पूजा आयोजन समिति और एवं मनोरंजन देवघरिया के जामटोली रोड बेड़ो स्थित घर से मां काली की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। दो अलग-अलग विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान हरिहरपुर जामटोली रोड से महावीर चौक फिर ऐतिहासिक महादानी मंदिर होते हुए पुनः देवी मंडप मुख्य सड़क के रास्ते झुमते नाचते हजारों श्रद्धालुओं ने बेडो.के बड़ा तालाब में मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया और कहा कि मां तुमी आबार आसो ....। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर लोगों को काली पूजा की शुभकामनाएं दी और बाजा गाजा के साथ नाचते गाते झुमते हुए दो अलग-अलग माँ काली की प्रतिमाओं का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन किया। शोभा यात्रा के दौरान काली पूजा आयोजन समिति के सभी संरक्षक और सदस्यगणों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ शोभायात्रा को यादगार बनाया। इस मौके पर काली पूजा एवं विसर्जन शोभायात्रा को सफल बनाने में पुजारी अक्षय घोषाल, साधन कुमार रॉय वाणी कुमार रॉय, सौमित्र शर्मा, राजेन्द्र साहू, विश्वजीत शर्मा, अशोक पंडा, सत्यजीत शर्मा, मुकेश कुमार राय, प्रशांत दत्ता, पार्थो प्रतीम दास गुप्ता, बलराम देवघरीया, प्रेम महतो, प्रशांत कुमार सेठ, सरोज साहू, डा. संम्पत तिवारी, संजीव दुबे, रंजीत खत्री, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ,पंकज गुप्ता, शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, सुशांत कुमार रॉय, जयप्रकाश सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, अफिन्द्र महतो, मृत्युंजय देवघरिया, आकाश कुमार रक्षित, मनीष कुमार, मनीष सिंह, सिकंदर महतो, अनिकेत दत्ता, कुणल मुखर्जी व सुभाष चन्द्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं आयोजक मनोरंजन देवघरिया पुजारी सुबल चंद्र देवघरिया यजमान नितिश देवघरिया, अर्णव बनर्जी, चायना देवघरिया सहित कमलेश घोषाल, आतिश देवघरिया, नुपूर बनर्जी, तूलिका घोषाल, स्वास्तिक घोषाल, तासवी बनर्जी, सार्थक घोषाल, शुभांकर बनर्जी, प्रियन्या मुखर्जी सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आस्था** अपना घर आश्रम ने गोवर्धन पूजा उल्लास पूर्वक मनाया

# गोवर्धन पूजा का सार है समाज के प्रति प्रेम और समर्पण: संजय सर्राफ

नवीन मेल संवाददाता



रांची। पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे सभी दिव्यांगो एवं निराश्रितजनों के साथ गोवर्धन पूजा (अन्नकुट) उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी कविता वेंकट गाड़ोदिया एवं पंकज पोद्दार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों एवं सभी उनकी सेवा करने वाले सेवाधारियों के लिए विशेष रूप से तैयार स्वादिष्ट व्यंजनों मे परोठा, सब्जी, दाल, वेजिटेबल पुलाव, चिप्स, गुलाब जामुन दोपहर को, तथा शाम को ड्राई फूड में काजू,बादाम, छुवाडा, किशमिश,मिठाई में लड्डू ,काजू कतली, खिलाकर सेवा की गई। भोजन में परंपरागत गोवर्धन पूजा प्रसाद के साथ साथ विविध व्यंजन परोसे गए, जिससे न केवल सभी को तृप्ति मिली बल्कि उन्हें अपनेपन और सम्मान का भी अनुभव हुआ। सबों ने कई खेलों एवं गीत संगीत का भी लुफ्त उठाया। आश्रम का वातावरण दिन भर भक्ति, सेवा और सौहार्द से ओत-प्रोत रहा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए कविता वेंकट गाड़ोदिया एवं पंकज पोद्दार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के वंचित वर्ग के लिए ऐसे सेवाभावी कार्य समाज को सशक्त एवं संवेदनशील बनाते हैं। वहीं ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची पूजा है और गोवर्धन पूजा का यही सार है- समाज के प्रति प्रेम और समर्पण।

## कृष्ण भगवान को लगाया गया 56 भोग



**खलारी।** खलारी कोयलांचल में दीपोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर गोवर्धन पूजा शुभ मुहूर्त में की गई। गोवर्धन पूजा पर गायों की पूजा हुई। सर्वप्रथम गाय-बैल को स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया गया और गले में नई रस्सी डाली गई। गाय को गुड़ व चावल मिलाकर खिलाया गया। खलारी क्षेत्र के बाजारटांड़, हुटाप, बमने, सुभाष नगर, करकट्टा सहित क्षेत्र के अनेकों जगहों पर गायों को पूजा की गयी। वहीं डकरा बी-टाइप खटाल में कृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापित कर गोवर्धन पूजा की गई। पुजारी मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा पूरे विधि-विधानपूर्वक भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना कराई गई। उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। इसके अलावा खलारी क्षेत्र के पशुपालकों ने अपने-अपने घरों में गौ माता की पूजा की। डकरा बी-टाइप खटाल गोवर्धन पूजा में पूर्णमासी यादव, कमलेश यादव, गोरख यादव,जंगली यादव, राधा मोहन यादव, बिखारी यादव, सिकंदर यादव, किशोरी यादव, मधुरा मिस्त्री, ऋषि यादव, गोलू यादव उपस्थित थे। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की उपासना करने से जीवन के दुख-दर्द दूर होते हैं। बाजार टांड के रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि भगवान कृष्ण को 56 भोग से पूजा हुई।

### छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने लिया छठ घाटों का जायजा

# विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का एसडीओ ने दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बीमार बिमल और पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने संयुक्त रूप से बरही के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान बरहीडीह स्थित प्राचीनतम सूर्य मंदिर छठ घाट, न्यु कॉलोनी स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, लस्करी व रसोईया धमना स्थित छठ घाटों का जायजा लिया.न्यु मंदिर कोलिनी स्थित सूर्यमंदीर छठ घाट पर गंदगी पाया गया, जिसकी सफाई के लिए स्थानीय मुखिया को निर्देश दिया गया. स्थानीय लोगों द्वारा लसकरी छठ घाट की सफाई की जा चुकी थी. वही रसोईया धमना में गुरुवार तक साफ सफाई पूरा करने की बात कही गई. निरीक्षण का मुख्य फोकस छठव्रतियों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था पर था. एसडीओ ने घाटों पर मानक के अनुरूप साफ-सफाई सुनिश्चित करने में किसी भी प्रकार के लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही. उन्होंने कहा कि व्रतियों या श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी घाटों और संपर्क मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था और छठ के दौरान दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति करने की भी बात कही.

एसडीपीओ श्री बिमल ने छठ घाट पर गाड़ियों की सही पार्किंग पर जोर दिया ताकि छठ घाटों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो. इसके साथ हीं सुरक्षा की दृष्टि से कमर से ज्यादा पानी वाले घाटों को चिन्हित कर बांस या अन्य साधनों से बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश भी दिया ताकि श्रद्धालु गहरे पानी में न जाएं. एसडीपीओ ने असमाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी की बात कही. मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने कहा कि महापर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है. लगातार सघन गश्तिया जारी है. श्रद्धालुओं व व्रतियों की सुरक्षा व सुविधा उपलब्ध करवाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. निरीक्षण के दौरान स्थानीय प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पूजा समिति के लोग व अन्य कई मौजूद थे.

## काली पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** गोला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जांगी गांव में काली पूजा के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल शामिल हुए और विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया. गांव पहुंचने पर समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया. इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी नेता राजीव जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पर्व और त्योहार के अवसर पर स्थानीय युवाओं के द्वारा नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की परंपरा रही है .जिसे आज के आधुनिक युग के युवा भी इन परंपराओं का निर्वहन कर रहे है .इन ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से हम सभी युवाओ को परंपराओं को निर्वहन करने की प्रेरणा लेनी चाहिए. उन्होंने इस आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों का आभार जताया ओर कहा कि एक ओर जहां आज के युवा आधुनिकता के चकाचौंध में अपने परंपरा को भूल रहे है. वहीं ऐसे आयोजन के माध्यम से अपनी संस्कृति को जानने उन्हें समझने का मौका मिलता है. ऐसे आयोजन के लिए मै यथा संभव मदद करने को हमेशा तत्पर है. इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार दांगी,कोषाध्यक्ष मुकेश करमाली,उपाध्यक्ष ईश्वर भोक्ता, संरक्षक अरविंद राम दांगी पिंटू दांगी, भागीरथ कुमार, उमेश राम दांगी, भरत राम दांगी, जीतन राम दांगी, महेंद्र दांगी, रूपम दांगी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाथियों के झुंड ने धान की खेतों में लगी फसलों को रौंद डाला



**रामगढ़ ।** 42 जंगली हाथियों के झुंड ने 21 अक्टूबर की रात कुजू वन क्षेत्र के सोनडीहा पंचायत पिपराटांड में जमकर उत्पात मचाया। जिससे ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है। जंगली हाथियों ने खेत में लगे धान की फसल बर्बाद कर दिया। जिससे किसानों को काफी क्षति हुई है। कहा जा रहा है की 42 जंगली हाथियों का झुंड पिपरा टांड के चटनियाँ पहुँचा। जहाँ खेत में लगे धान के फसल को पूरी तरह से रौंद दिया। जिससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रभारी वनपाल अजीत कुमार ने सुबह धटनास्थल पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हाथियों की झुंड करीब 42 की है। हाथियों ने मुरपा जंगल में डेरा जमाए हुए हैं।

### काली पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



**रामगढ़ ।** दिगवार में मंगलवार की रात काली पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो upsthitb हुए। मुख्य अतिथि ने जागरण का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उन्होंने मां काली से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कहा की जो श्रद्धालु माता काली की भक्तिभाव से पूजा करते हैं माता उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। इसके उपरांत संगम म्यूजिकल ग्रुप करमा के बैनर तले आए कलाकारों ने माता काली की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही विभिन्न देवी देवताओं की झांकी प्रस्तुत कर लोगों को हस्तप्रभ कर दिया। इससे पूर्व अतिथि का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया गया। जागरण को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधि और कमेटी के सदस्यों ने सहयोग किया।

### इनरव्हील क्लब ने जरूरतमंदों के बीच भोजन का किया वितरण



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए बुधवार को ओंकार मिशन अनाथालय में जरूरतमंदों एवं वंचित वर्ग के लोगों के बीच एक समय का भोजन वितरण किया। जिसका उद्देश्य समाज के गरीब, असहाय, मजदूर वर्ग और अनाथालय के बच्चों को नियमित रूप से पोषक भोजन उपलब्ध कराना है। इनरव्हील क्लब हमेशा समाज सेवा और मानवता की भावना को सर्वोपरि मानता है। यह कार्य क्लब की निरंतर चलने वाली सामाजिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्लब की अध्यक्षा नमिता श्राफ ने बताया कि भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है इनर व्हील क्लब रामगढ़ सदैव समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने में अग्रणी रहा है और इस प्रकल्प के माध्यम से हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और हर माह क्लब द्वारा जरूरतमंदों को एक समय का भोजन वितरित करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इनर व्हील क्लब रामगढ़ यह अभियान क्लब की निरंतर चलने वाली सामाजिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहेगा। कार्यक्रम को.सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने यह संकल्प लिया कि इसी भावना और समर्पण के साथ आगे भी ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर अनुराधा श्रॉफ,मनबीर कौर और राजिंदर बुधवाल उपस्थित थीं ।

### बड़कागांव प्रखंड में धूम-धाम से मनाई गई दीपावली लोगों ने की लक्ष्मी पूजा

**बड़कागांव।** प्रखंड में दीपोत्सव दीपावली धूम-धाम के साथ मनाई गई। लोगों ने नए वस्त्र पहन कर घरों एवं संस्थानों में स्वच्छता के साथ महालक्ष्मी की पूजा की एवं माता महालक्ष्मी से सुख व समृद्धि की कामना की। अपने से बड़े लोगों का पैर छूकर लोगों ने आशीर्वाद लिया। इस दौरान लोगों ने शाम ढलते ही अपने घरों में दीपोत्सव किया, दीपक जलाया, बिजली की आकर्षक लाइटिंग एवं रंगोली से घर को सजाया। बड़कागांव प्रखंड के हर गली मोहल्ला लाइटिंग से जगमगा रहा था। देर रात तक लोग आतिशबाजी करते नजर आए। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर प्रसाद ग्रहण किया एवं स्वादिष्ट मिठाइयां खाये तथा दीपावली की बधाई दी। वही बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दीपावली महालक्ष्मी पूजा, काली पूजा को लेकर बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी, एवं मां लक्ष्मी से सुख व समृद्धि की कामना लोगों के लिए किया। वहीं बड़कागांव प्रखंड में शांति व्यवस्था को लेकर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, सिकरी थाना प्रभारी रामकुमार राम, डाड़ीकला थाना प्रभारी सागेन मुर्मू के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस रात भर अलग-अलग गांव में गश्ती करती नजर आई।

### जोड़ा तालाब छठ घाट पर पसरी है गंदगी

**मांडू।** छठ पूजा कुछ दिनों के बाद ही शुरू हो जाएगी, लेकिन मांडू के ऐतिहासिक जोड़ा तालाब के छठ घाटों पर पसरी गंदगी से छठवांतियों को पवित्रता की चिंता सता रही है। पवित्रता और समर्पण का प्रतीक छठ महापर्व में अब चंद दिन ही बचे हैं। इस महापर्व को लेकर सभी छठवृतियों ने तैयारी शुरू कर दी है। किंतु तालाब के घाट की हालत देखकर पवित्रता व सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस बार बरसात के मौसम में अत्यधिक बारिश होने के कारण मांडू के ऐतिहासिक जोड़ा तालाब का जलस्तर सामान्य से अधिक है। वहीं रास्ते में जगह जगह फैले कूड़ा करकट और आवारा पशुओं के फैलाए गंदगी से अधिक परेशानी उन श्रद्धालुओं को होगी जो परिवार और बच्चों के साथ अर्घ्य देने घाट पर पहुंचते हैं। मांडू जोड़ा तालाब के घाट का हाल सामने आया है, जहां असुरक्षा और गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं की चिंता बनी हुई है। छठ महापर्व को लेकर घाट की स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुका है। इस बार लगातार बारिश ने तालाब का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया है।

## डकैती कांड में पुलिस को नहीं मिल रहा कोई सुराग, पीड़ित परिवार भयभीत



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड सूरजकुंड पेट्रोल पंप के सामने सूरजकुंड ट्रेडर्स दुकान और घर में हुई डकैती के छठवें दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के खुलासे को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत है। लेकिन अब तक अपराधियों तक पुलिस की पहुंच नहीं बन पाई है ।डकैती की जांच में तेजी लाने के लिए चौथे दिन खोजी कुत्ता की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची ।एएसआई मकतर राम और सिपाही सुधीर कुमार ने घटनास्थल से बरामद टोपी, ग्लव्स और मास्क को डॉग को सुंघाया। खोजी कुत्ता गंध पकड़ कर करीब 200 मीटर दूर बाउंड्री के कुएं तक जाकर बैठ गया। टीम के साथ आए मकदम राम ने बताया कि घटना को कई दिन बीत जाने और बदमाशों द्वारा पानी व कीचड़ भरे रास्ते का उपयोग किए जाने के कारण गंध का पता नहीं चल पाया। पुलिस के लिए यह डकैती कांड का उद्भेदन बड़ी चुनौती बन गई है ।लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के बावजूद अब तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं ।थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पूरी गंभीरता से काम कर रही है ।उन्होंने कहा कि देर जरूर हो रही है लेकिन अपराधियों की गिरफ्तारी निश्चित रूप से की जाएगी। इस बीच घटना के बाद से पीड़ित परिवार भय के माहौल में जी रहा है और पुलिस से शीघ्र न्याय की गुहार लगा रहा है।

### हजारीबाग में छठ घाटों की साफ सफाई अभियान शुरू

# डीसी व एसपी ने घाट की सफाई कर दिया संदेश



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** लोक आस्था के महापर्व को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है. विशेष रूप से छठ घाट साफ किए जा रहे हैं. इसे लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन और जिला प्रशासन, छठ घाट को साफ-सफाई करने में लगे हैं. इसी क्रम में हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारीयों ने छठ तालाब की साफ सफाई की. लगभग 2 घंटे तक युद्ध स्तर पर सभी पदाधिकारी साफ-सफाई में लग रहे. इस दौरान समाज के लोग और कई समाजसेवी संगठनों का भी भरपूर सहयोग मिला. दरअसल, हजारीबाग की झील शहर के बीचो-बीच स्थित है. यहां गंदगी का अंबार था. हाल के दिनों में दशहरा, दीपावली और काली पूजा की सामग्री का तालाब में विसर्जन किया गया था, जिस वजह से तालाब में काफी प्रदूषण हो गया था. इसके साथ ही आसपास इलाकों का गंदा पानी भी तालाब में बहाया जा रहा था. इसे देखते हुए यह अभियान चलाया गया. उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने लोगों से अपील की है कि जल स्रोत को साफ रखें. छठ को देखते हुए लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. सिर्फ पर्व त्यौहार के दिन नहीं आम दिनों में भी जल स्रोत साफ रखना चाहिए. इस दौरान नगर निगम के पदाधिकारी एवं सफाई कर्मी सफाई के काम में जुटे दिखे. उपायुक्त ने पिछले दिनों ही लोगों से अपील की थी कि अपने घर के आसपास के छठ घाटों को साफ रखें।

**लोगों के सामाजिक दायित्व का निर्वहन: एसपी**

हजारीबाग एसपी अंजलि अंजन ने बताया कि सिर्फ छठ के समय ही नहीं बल्कि आने वाले दिनों में भी विभिन्न जल स्रोतों की साफ सफाई होनी चाहिए. छठ के दौरान सावधानी बरतने की भी उन्होंने सभी से अपील की. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है. इसलिए लोग बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं. सबसे महत्वपूर्ण छठ घाट की साफ-सफाई होती है. प्रशासन अपना दायित्व पूरा करते हुए छठ घाट का साफ सफाई कर रहा है. इसके साथ ही आम जनता भी आगे बढ़े और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ करें. वहीं वसुधा कल्याण फाउंडेशन के सदस्य ऋषि प्रसाद ने बताया कि फाउंडेशन पिछले दो सालों से हजारीबाग में निस्वार्थ भाव से साफ सफाई का काम कर रहा है. सफाई करने के बाद लोग फिर से जल स्रोत को प्रदूषित कर देते हैं. ऐसे में व्यवहार परिवर्तन करने की जरूरत है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि छठ पूजा में समाज के लोग भी फाउंडेशन की मदद करें और जल

## बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने जब्त किया चालक फरार

**बरकट्ठा।** झारखंड अवैध बालू का कारोबार काफी फलता फूलता नजर आ रहा है। अवैध बालू की ढुलाई काफी बढ़ गई है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने हद तक अवैध बालू की ढुलाई पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है लेकिन माफिया लोग रात के समय इसका कारोबार करते हैं। कुछ इसी तरह का मामला बरकट्ठा थाना क्षेत्र के गूंजरा मोड़ से पुलिस ने बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। बताया गया कि न्यू होलैंड कंपनी के ट्रैक्टर में अवैध रूप से बालू लोड कर परिवहन किया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 146/25 दर्ज की गई है।

## लइयो ढोठाटंड़ में 20 वीं दीपावली फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु

**केदला।** प्रत्येक वर्ष की भांती इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर युवा स्पोर्टिंग क्लब लईयो ढोठाटांड़ के तत्वाधान में मंगलवार से तीन दिवसीय 20 वीं दीपावली फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु हुआ। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड उत्खनन परियोजना के पीओ एमके पांडेय, खान प्रबंधक बिजय कुमार सिंह, लइयो उतरी मुखिया मदन महतो, इचाकडीह मुखिया रमेश राम, पूर्व मुखिया बिंदू देवी, पंसस प्रतिनिधि जगमोहन महतो, समिति के अध्यक्ष चितरंजन महतो, सचिव रमेश महतो, कोषाध्यक्ष गणपत कुमार, जयनाथ महतो, रविंद्र रजवार, सुनील मिश्रा, चन्द्रभानू प्रताप सिंह, गोबिंद रजवार, नरेश काली, सोनाराम मांझी, शिबू महतो, डां चांद, रूपलाल महतो, अनिल कुमार, किशोर कुमार, गंगाराम महतो, कैलाश महतो, बिमलेश भारती आदि लोगों ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। मौके पर पीओ पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में छुपे प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है।

# सांसद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि ने लिया छठ घाट की सफाई का जायजा

- **छठ के मौके पर जेसीबी लगाकर घाट जाने वाले रास्ते का एवं नदी के किनारे में साफ सफाई करवाया गया**



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है. जिसको लेकर सभी घाटों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में रामगढ़ स्थित दामोदरबंदी छठ घाट में भी हजारीबाग के संसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल और रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह ने बुधवार को दामोदर नदी के छठ घाट पहुंचकर सफाई कार्य का जायजा लिया । जहां जेसीबी लगाकर घाट जाने वाले रास्ते का एवं नदी के किनारे में साफ सफाई करवाया गया. जिसका जायजा लेने खुद रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल खुद पहुंचे और सफाई अभियान का जायजा लिया. सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से फ़ोन में बात किया । उन्होंने घाटों के चारो तरफ साफ-सफाई करने, नदी में जाने के लिए सुगम घाट का निर्माण करने, गहरे पानी मे श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग करने को लेकर स्थानीय प्रतिनिधियों से चर्चा भी की.इसके अलावे घाट पर समुचित रोशनी, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा एवं पेयजल की व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन से वार्ता करने की बात कही. इस मौके पर रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह,अंकित सिंह,बबली सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## अपराध

### गोतनी पर सास को जहर खिलाकर व गला दबाकर मारने का लगा आरोप

# संपत्ति के लिए सास की हत्या कर आनन फानन में दाह संस्कार को ग्रामीणों ने रोका



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बसरिया में मंगलवार को एक महिला ने अपनी ही छोटी गोतनी पर सास को जहर खिलाकर व गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। इस बाबत मृतिका की बड़ी बहु मंगती देवी पति गोवर्धन प्रसाद ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि मेरी सास जसवा देवी 70 वर्ष पति स्व0 कैलाश महतो प्रत्येक दिन की भांति रात्रि में भोजन करने के बाद सो गई थी। परंतु रात में छोटी गोतनी चमेली देवी पति झगर प्रसाद, राहुल कुमार , ललिता कुमारी दोनों के पिता झगर प्रसाद बसरिया निवासी ने जबरन मेरी सास को जहर खिलाकर व गला दबाकर हत्या कर दिया।

घटना की जानकारी होने पर गांव मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए जहां उपरोक्त तीनों व्यक्तियों ने अपना गलती को स्वीकार किया एवं आनन फानन में शव का दाह संस्कार करना चाह रही थी, परंतु ग्रामीणों के विरोध के कारण दाह संस्कार नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि उनकी गोतनी पूर्व से ही अपराधिक चरित्र की है और पूर्व में भी कई बार सास के साथ मारपीट कर पैतृक संपत्ति अपने नाम पर केवाला करवा चुकी है और शेष संपत्ति का भी केवाला करने के लिए कह रही थी लेकिन सास द्वारा केवाला नहीं करने पर उन्हें जान से मार दिया। मिली आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अरूणाचल प्रदेश में ट्रांसमिशन टावर से गिरकर विष्णुगढ़ के श्रमिक की मौत

**विष्णुगढ़।** अरुणाचल प्रदेश में ट्रांसमिशन टावर से गिरकर विष्णुगढ़ के एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। घटना बीते रविवार की शाम करीब पांच बजे की है। मृतक श्रमिक गोविंद महतो (22) पिता कैलाश महतो सिरय पंचायत अंतर्गत कोरियाटांड के रहने वाले थे। इस घटना के बाद उनके परिवार समेत पूरे गांव में दीपावली त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। बता दें कि प्रवासी मजदूर घर की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए करीब छह माह पूर्व ट्रांसमिशन कंपनी में काम करने के लिए अरुणाचल प्रदेश गए थे। निर्जुली में एसपीएल ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा टावर का काम चल रहा था। जिसमें वे फीटिंग मास्टर के रूप में कार्यरत थे। प्रत्येक दिन की भांति वे काम करने के लिए ट्रांसमिशन टावर में चढ़े थे। बीते रविवार को काम समाप्त कर टावर से उतरने के दौरान वे फिसल गए और नीचे गिरने से उनकी असामयिक मौत हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मौत हो जाने से परिजनों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे माता-पिता समेत पांच लोग छोड़ गए हैं। जानकारी पाकर पूर्व उपप्रमुख सुशील कुमार मंडल, जेएलकेएम नेता इंजी. मुकेश कुमार महतो, समाजसेवी सिकंदर अली आदि मृतक के घर पहुंचे और हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 441 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

## राउरकेला से तस्करी की जा रही थी खेप



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची जोनल यूनिट एवं सिमडेगा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 441 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब सवा दो करोड़ रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई सोमवार, 21 अक्टूबर 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना थी कि राउरकेला की ओर से सिमडेगा मार्ग के रास्ते एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गांजा ले जाया जा रहा है।सूचना पर तत्परता दिखाते हुए एनसीबी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कोलेबिरा थाना क्षेत्र के छगरीबांधा के आगे साहू पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध ट्रक को रोक कर तलाशी ली।तलाशी के दौरान ट्रक में विशेष रूप से तैयार किए गए गुप्त केबिन से 84 पैकेटों में कुल 441 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इस दौरान मौके से वाहन चालक नसीम (पिता–कमरूदीन), ग्राम–लफुरी, थाना–पुनहाना, जिला–नुहु, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है।एनसीबी के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद, झारखंड टीम के अधिकारी राणा प्रताप, तथा सिमडेगा पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बुधवार को संयुक्त रूप से आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है।उन्होंने कहा की एनसीबी और सिमडेगा पुलिस की टीमों ने आपसी समन्वय और सतर्कता से इस अभियान को अंजाम दिया। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि बरामद गांजा ओडिशा से हरियाणा ले जाया जा रहा था। अब हम इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों एवं सप्लायरों की पहचान कर रहे हैं। साथ ही अधिकारियों ने यह भी बताया कि पूरे गिरोह के तार अन्य राज्यों से जुड़े होने की संभावना है। इस दिशा में जांच जारी है।यह सफलता सिमडेगा जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ प्रशासन की कड़ी कार्रवाई और सतर्कता का परिणाम मानी जा रही है।

### रामरेखा धाम मेला की तैयारियों का उपायुक्त ने लिया जायजा

# महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता






**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने रामरेखा धाम पहुंचकर आगामी रामरेखा धाम मेला की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रामरेखा धाम समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर मेले की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 5 नवम्बर को है तथा 4 से 6 नवम्बर तक रामरेखा धाम मेला का आयोजन किया जाएगा।उपायुक्त ने जानकारी दी कि इस वर्ष रामरेखा धाम मेला को राजकीय मेला का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके उपलक्ष्य में राजकीय महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बृहद स्तर पर किया जाएगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, यातायात, विद्युत, चिकित्सा, पार्किंग, साफ-सफाई तथा सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने हेतु कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, सिविल सर्जन को जीवन रक्षक दवाइयों के साथ डॉक्टर, कम्पाउंडर एवं चिकित्सा दल की 4 से 6 नवम्बर तक प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।मेले के दौरान अवैध शराब की बिक्री एवं चुलाई पर सख्त प्रतिबंध लगाने का भी आदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर मेले को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफल बनाने में सहयोग करें।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं पथ निर्माण सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### तुमगा गांव में इंद मेला के मौके पर हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

# अच्छी फसल पर भगवान इंद्र को धन्यवाद देने का पर्व : राजेश सिंह




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के सिकरियाटांड स्थित तुमगा गांव में इंद मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह पारंपरिक आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आनंद और आस्था का प्रतीक माना जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सिकंदर बरवा, खनन निरीक्षक सुभम दत्ता और थाना के एएसआई अखिलेश दुबे शामिल हुए। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। समिति सदस्यों ने सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। अपने संबोधन में मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और जब अच्छी फसल होती है, तो किसान भगवान इंद्र को धन्यवाद देने के लिए इस पर्व को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल सामाजिक एकता मजबूत होती है, बल्कि हमारी विलुप्त होती लोक संस्कृति और परंपराएं भी जीवित रहती हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सिकंदर बरवा ने समाज में फैली कुरीतियों, नशाखोरी और बुराइयों को दूर करने पर बल दिया तथा युवाओं से समाज के विकास में आगे आने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध लोकगायिका केशव देवी द्वारा मां दुर्गा की वंदना से हुई। इसके बाद सखी यादव, बिंदेश्वरी देवी, पंचम राम, राजदेव नायक, सुनीता कुमारी और बाबूलाल नायक जैसे कलाकारों ने अपने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को पूरी रात झूमने पर विवश कर दिया। ग्रामीणों की भारी भीड़ और उत्साह ने इस पारंपरिक पर्व को और भी भव्य बना दिया।

# कोलेबिरा में टुटीकेल पंचायत के सर्धाटोली में धूमधाम से मनाया गया इंद पर्व



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टुटीकेल पंचायत के सर्धाटोली में इंद पर्व बड़ी धूमधाम और परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पाहन पुजार और मुण्डा पाढा राजाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार इंदीछत्रखुंटा की स्थापना की।पुरुषों ने पारंपरिक राटा नाच प्रस्तुत किया, वहीं महिलाएं और पुरुष पारंपरिक नाच-गान के माध्यम से इस पर्व को और जीवंत बनाते हुए बड़े उत्साह के साथ उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। विधायक ने पाहन पुजार, पाढा राजाओं और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को इंद पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ दी।विधायक ने अपने संदेश में इंद पर्व के ऐतिहासिक महत्व को साझा करते हुए बताया कि लगभग छः सौ ई.पू. मुण्डा राजाओं के वंशज राजा मदरा मुण्डा ने दतक पुत्र फनिमुकट को उत्तराधिकारी बनाया, जो बाद में नागवंशी राजा कहलाए। उसके बाद मनिमुकुट ने घोषणा की "इं गी राजा" यानी "हम ही राजा हैं।उसी दिन लकड़ियों का खुंटा गाड़ा गया और उसमें छतर का खुंटा रखा गया, जो सिंहासन और राजा के मुकुट का प्रतीक है।आज भी मुण्डा और बाद में पूरा आदिवासी समुदाय इसी परंपरा को याद कर इंद मेला मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष पाढा राजा सुबास डांग, अनसलेम कंडुलना, जेरेमियस कंडुलना, मनसिद कंडुलना, हेनरी कंडुलना, शान्तिएल बागे और अनमोल तोपनो सहित सैकड़ों लोग हर्षोल्लास के साथ इस पर्व में सम्मिलित हुए।

# भाजपा नेता सुजान मुंडा ने किया निरीक्षण, जताया रोष



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** दीपावली के अगले दिन, मंगलवार 21 अक्टूबर की रात सिमडेगा शहर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने भीषण अग्निकांड की घटना में रूप कंचन नामक व्यवसायिक प्रतिष्ठान जलकर राख हो गए।

जबकि सोनू ड्रेसेस और मित्तल स्टोर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखो की संपत्ति नष्ट हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग शाम करीब 8:30 बजे लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, परंतु लपटें इतनी तीव्र थीं कि काबू पाना कठिन हो गया। सबसे चिंताजनक तथ्य यह रहा कि शहर में तीन दमकल गाड़ियाँ उपलब्ध होने के बावजूद, घटनास्थल पर अग्निशमन वाहन करीब दो घंटे की देरी से पहुंचा और उसमें पर्याप्त पानी भी नहीं था।

इससे प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई।बुधवार सुबह भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह घटना जिला प्रशासन की गंभीर विफलता को दर्शाती है और उच्च स्तरीय जांच के साथ-साथ सभी पीड़ितों को आपदा प्रबंधन विभाग से उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा पदाधिकारी अनूप केशरी, रवि वर्मा, कारण सिंह सहित कई स्थानीय व्यापारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बोलबा प्रखंड के विभिन्न गांवों में धूमधाम से मनाया गया सोहराय पर्व

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के विभिन्न गांवों में इस वर्ष सोहराय पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के अवगा, बेलकुबा, पीडियापोंछ, कुंदूरमुंडा, पालेमुंडा, समसेरा, लेटाबेडा सहित अनेक गांवों में ग्रामीणों ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व को धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर गोवर्धन पूजा के बाद गाय-बैल सहित सभी पालतू पशुओं को नहला-धुलाकर धूप-धुवन किया गया तथा सिंदूर का टीका लगाया गया। इसके पश्चात् उड़द सहित विभिन्न अनाजों को मिलाकर प्रसाद स्वरूप दाना खिलाया गया।पशुओं की पूजा के उपरांत चरवाहों को पारंपरिक छप्पर पिलाने की प्रथा निभाई गई। इसके बाद गांवों में डाइर नृत्य और नाच-गान का आयोजन किया गया, जिसमें युवा से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।ग्रामीणों ने बताया कि सोहराय पर्व कृषि जीवन और पशुपालन से जुड़ा एक प्रमुख त्यौहार है, जो समृद्धि और पशुधन की सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पूरे क्षेत्र में इस पर्व को लेकर हर्ष और उमंग का माहौल रहा।

## जराकेल में आयुष ग्राम कैंप का आयोजन 42 मरीजों का हुआ उपचार

**बानो।** जिला आयुष विभाग द्वारा बानो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जराकेल में एक दिवसीय आयुष ग्राम स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का सफल संचालन डॉ० जावेद आलम के नेतृत्व में किया गया,जिसमें क्षेत्र के 42 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं।कैंप में सिर दर्द,जोड़ों का दर्द, पेट दर्द,सूजन,गैस,कमजोरी, साइट्रिक आदि जैसी सामान्य बीमारियों का इलाज किया गया।विशेषज्ञ आयुष चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जाँच कर उन्हें आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत उचित परामर्श दिया गया।कैंप की एक विशेष पहल के अंतर्गत मरीजों व ग्रामीणों के बीच औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया,ताकि प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा दिया जा सके और लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से न सिर्फ स्वास्थ्य लाभ होता है,बल्कि आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों की जागरूकता भी बढ़ती है।

# जीईएल चर्च बानो में आयोजित हुआ 8वां वार्षिक महिला संघ सम्मेलन

- मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक सुदीप गुड़िया





नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया रविवार को जीईएल चर्च बानो नई मंडली में आयोजित जीईएल पेरिस कौंसिल के 8वें वार्षिक महिला संघ सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक की धर्मपत्नी अनिता कंडुलना, दक्षिण पूर्वी डायसिस कदमा खूंटी के पूर्व बिशप जोसेफ सांगा, जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन और ओल चर्चेस कमेटी अध्यक्ष जगदीश बागे उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बेड़ाहोंजोर, रामजोल, निर्मला लोमगा, केवेटांग, बानो पुरानी मंडली, बिंजामारचा, राईबेड़ा, डुमरिया सहित कुल 28 मंडलियों के महिला संघ की अधिकारीगण, पास्टोरेट अध्यक्ष, युवा संघ, संडे स्कूल शिक्षक समूह और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला संघ के स्वागत गीत और प्रार्थना सभा से हुआ, जिसके बाद विभिन्न मंडलियों के महिला समूहों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुदीप गुड़िया ने महिलाओं की भूमिका को समाज और कलीसिया की शक्ति बताया। उन्होंने कहा, महिलाओं का हमारे जीवन में विशेष योगदान है। महिलाएं एक साथ घर, समाज और कलीसिया तीनों की सेवा करती हैं। पुरुष जो कार्य सोच भी नहीं सकते, महिलाएं उसे अपने समर्पण से संभव करती हैं।

उन्होंने महिलाओं से कलीसिया और परिवार को सशक्त बनाने का आह्वान किया और कहा कि "महिलाएं दो स्वामियों की सेवा करती हैं—एक अपने परिवार की और दूसरा परमपिता परमेश्वर की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पादरी सी.एस. जड़िया, सुगड़ सुलेमान कंडुलना, पेरिस चेयरमैन उम्बुलन तोपनो, सचिव सुधीर सुरीन, पूर्व महिला अध्यक्षा प्रीतिवंती लुगुन, आनंद मसीह तोपनो समेत अनेक गणमान्य उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभापति बहामनी लुगुन, सचिव बिनिता भुइंया, कोषाध्यक्ष सोफिया कोनगाड़ी और सभी महिला संघ पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही।

### टकरमा पेरिस काउंसिल महिला संघ के 59वें वार्षिक शिक्षा सम्मेलन

# महिलाएं समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : विधायक कोंगाड़ी

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी आज टकरमा पेरिस काउंसिल महिला संघ के 59वें वार्षिक शिक्षा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यह दो दिवसीय सम्मेलन जीईएल चर्च टकरमा पेरिस काउंसिल के अंतर्गत बोंगराम पास्टोरेट परिसर में आयोजित किया गया।इस अवसर पर विधायक के साथ प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग भी उपस्थित थे। सम्मेलन में बोंगराम, टकरमा, बडीबारंगा, लचरागढ़ और ऐडेगा पास्टोरेट के अंतर्गत आने वाली 52 मंडलियों की महिला संघ की अधिकारीगण, पास्टोरेट अध्यक्ष, मंडली अध्यक्ष, युवा संघ एवं संडे स्कूल टीचर्स ग्रुप के हजारों सदस्य सम्मिलित हुए।सभा को संबोधित करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा यह महिला शिक्षण शिविर आप सभी के लिए ईश्वर और समाज द्वारा दिया गया एक सुंदर अवसर है। इसमें भाग लेकर आप न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और राजनीतिक ज्ञान भी प्राप्त कर रही हैं। ईश्वर ने महिलाओं को विशेष उद्देश्य के साथ सृजित किया है ।बाइबिल में लिखा है कि जब परमेश्वर ने मनुष्य की रचना की, तो उन्होंने यह उचित नहीं समझा कि वह अकेला रहे, इसलिए उसके योग्य एक स्त्री की रचना की। महिलाएं ईश्वर की आशीष हैं। उनका योगदान परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अतुलनीय है। आज आवश्यक है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और समाज को नई दिशा दें। मंच पर उपसभापति दुतामी सोरेंग, सचिव एमलेन बरजो, कोषाध्यक्ष जिनिद बागे, आलेखन सचिव सेवन्ती सुरीन, ज्योति सरिता पूर्ती, सरिता मडकी और सुष्मा लुगून सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थीं।इसके अलावा लचरागढ़ चेयरमैन बी. के. गुड़िया तथा ऐडेगा चेयरमैन एस. गुड़िया समेत सभी 52 मंडलियों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

## शंख नदी छठ घाट पर छठ सेवा संस्थान की बैठक संपन्न, सफाई व व्यवस्था को लेकर दी गई जिम्मेदारियाँ

सिमडेगा:गरजा शंख नदी छठ घाट परिसर में छठ सेवा संस्थान की बैठक संस्थापक सदस्य विष्णु प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी छठ पर्व को लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कल 23 अक्टूबर से युद्धस्तर पर घाट की सफाई एवं व्यवस्था संबंधी कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।बैठक में पार्किंग क्षेत्र और आवागमन पथ का समतलीकरण, झाड़ियों की सफाई, पथ पर झुकी टहनियों की कटाई, निर्माणाधीन सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी भराई और मुख्य घाट के समतलीकरण की जिम्मेदारी विभिन्न सदस्यों को सौंपी गई।संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सड़क, पार्किंग क्षेत्र और टहनी-झाड़ियों की कटाई का कार्य नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से संगम स्थल पर व्रतधारियों के लिए एक दर्जन चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे।श्री केसरी

# मैदान में पसीना बहाने वाले युवा कल अंतरराष्ट्रीय मैदान में लहरायेंगे भारत का झंडा: विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** प्रखंड के झरैन पारिस मैदान में कुरडेग भिखारिएट काथलिक सभा के तत्वावधान में आयोजित 5वीं पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का समापन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कुरडेग ए बनाम झरैन ए के बीच हुआ। जिसमें झरैन ए ने 3-2 से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा उपस्थिति थे। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा की मिट्टी में हॉकी रच-बस गई है। यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी अस्मिता है। आज झरैन के इस मैदान में जो उमंग, उत्साह और भाईचारा देखने को मिला वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने कहा कि युवा साथी मोबाइल और सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी बनाकर मैदान में आओ। खेलो, पसीना बहाओ और अपने गांव, अपने ज़िले और अपने राज्य का नाम रोशन करो। जो खिलाड़ी आज यहां खेल रहे हैं, कल यही बच्चे अंतरराष्ट्रीय मैदान में भारत का झंडा लहराएंगे। इस तरह के आयोजन पल्ली को पल्ली से, गांव को गांव से हमें जोड़ते हैं। मौके पर फादर डीन सुनील कुमार तिर्की, फादर बिपिन सोरेंग, फादर जेम्स विक्रांत डुंगडुंग, फादर बोनीफास डुंगडुंग, फादर फेलिक्स कुजूर, फादर पात्रिक बाड़ा, फादर फिलिप कुजूर, फादर फुलजेम्स, फादर अमित, ब्रदर फ्रांसिस तिर्की, सिस्टर सेतेंग बाबा, केरसई बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, पूर्व जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो, अजीत लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि देवनिश खलखो एवं मुखिया मुंश खेस, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया राहुल रोहित तिग्गा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, कुरडेग भिखारिएट अध्यक्ष पीटर खाखा, काथलिक सभापति रॉबर्ट तिर्की, युवा पारिस अध्यक्ष आसित तिग्गा एवं उपाध्यक्ष संजय तिर्की, जिला महासचिव विजय बेक, कुरडेग सभा नेत्री लिली अनीता, टैसेंट सभानेत्री रजनी केरकेट्टा, मुखिया सुनीता देवी, प्रमोद किंडो, निलयुस एक्का, भेनेसलास लकड़ा, संगीता किस्पोट्टा, अनमोल सोरेंग, नीलांबर बेसरा, प्रमोदित सहित काफ़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# कुरडेग में युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खिंडा खपराटोली गांव में मंगलवार को एक 18 वर्षीय युवती ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अमीषा केरकेट्टा पाकरबहार थाना बोलबा के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार, अमीषा पिछले कुछ दिनों से अपने मंगेतर उमेश लोहरा, ग्राम खिंडा खपराटोली के घर में रह रही थी। मंगलवार की दोपहर घर के सदस्य बाजार गए हुए थे। इसी दौरान युवती ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।जब उमेश लोहरा का छोटा भाई घर लौटा, तो खिड़की से कमरे के अंदर लटकता शव देखकर शोर मचाया। सूचना पाकर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बताया गया कि मृतका पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। उसकी मंगनी इसी वर्ष फरवरी 2025 में हुई थी और दिसंबर में विवाह तय था।सूचना मिलते ही कुरडेग थाना प्रभारी संतोष राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या प्रतीत होती है।

### देवघर में काली आराधना की अलौकिक आभा

# बंगाली समाज ने श्रद्धा, शक्ति और संस्कार से सजाई 'महानिशा' की रात्रि



**बंगाली संस्कृति की झलक है काली पूजा**

काली मां की प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. इस अवसर पर पारंपरिक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने विशेष सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. देवघर में काली पूजा का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि बंगाली संस्कृति की जीवंत झलक है. इस अवसर पर भारत और विदेशों में बसे हजारों बंगाली परिवार देवघर पहुंचते हैं, जिससे यह नगरी भक्ति, उल्लास और शक्ति आराधना का संगम बन जाती है.

नवीन मेल संवाददाता

**देवघर।** दीपावली की शाम जब लोग घरों में धन धान्य की देवी मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं. उस समय देवघर की धरती पर श्रद्धा और शक्ति का संगम, काली पूजा के रूप में प्रकट होता है. यहां बंगाली समुदाय की परंपरा, भक्ति और उत्साह का ऐसा समन्वय देखने को मिलता है, मानो मां खुद, देवभूमि पर धरती पर उतर आई हो. देवघर में रहने वाले बंगाली समाज में काली पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि पूर्वजों की आस्था, मातृशक्ति की आराधना और सांस्कृतिक अस्मिता का उत्सव है. शहर के हिंदी विद्यापीठ परिसर और उसके आसपास इस समय वातावरण काली मां के जयघोष से गुंजायमान है. बंगाली समाज के वरिष्ठ सदस्य जयदीप दा बताते हैं कि उनके परिवार में यह पूजा दशकों से चली आ रही परंपरा है. उनके दादा प्रफुल्ल मानिक भी, मां काली की उपासना बड़े श्रद्धाभाव से करते थे. प्रवीर चौधरी भावुक होकर कहते हैं. हमारे पूर्वज बांग्लादेश के फरीदपुर से थे और हमारी माता ढाका की थीं. आजादी के बाद जब हमारा परिवार देवघर आया, तब से यह पूजा यहां निरंतर चली आ रही है. 'हम मानते हैं कि काली मां हमारे कुल की रक्षा संरक्षिका (रक्षण और सरंक्षण दोनो) हैं, जो हर संकट को हर लेती हैं। वहीं बंगाली समाज की महिला शिवली मानिक का कहना है कि देवघर में काली पूजा उतनी ही भव्यता से होती है जितनी कोलकाता में. यहां तांत्रिक विधियों, बांग्ला पंचांग और पारंपरिक रीति से आराधना की जाती है. पहले भी देवघर में बंगाली परिवारों की संख्या अधिक थी इसलिए इस पूजा की परंपरा यहां की आत्मा बन चुकी है. काली पूजा के अवसर पर देवघर की गालियां सज उठती हैं. मां की प्रतिमा के सम्मुख दीपशिखाओं की पंक्तियां जल उठती हैं और शंखध्वनि के साथ 'जय मां काली' का उच्चारण वातावरण में अद्भुत ऊर्जा का संचार करता है. बंगाली समाज की महिला शोभा मानिक बताती हैं कि मां की आराधना का यह पर्व, हमारे परिवार का सबसे बड़ा उत्सव है.

## पुलिस पर हमले में शामिल दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**हिरणपुर।** थाना क्षेत्र के अंगूठियां गांव में बीते शनिवार की रात पुलिस पदाधिकारी पर हुए हमले मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नामजद महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में पुलिस ने इसी दो महिला आरोपी फूलो देवी और जगनी देवी के पति क्रमशः सियो राय एवं करमु राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वहीं मामले में एक अन्य नामजद आरोपी मनोज यादव अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि बीते शनिवार की देर रात अंगूठियां गांव में पत्थर चिप्स लदे एक ट्रैक्टर को रोककर चालक के साथ मारपीट कर रहे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर मालिक इस्लामपुर (बरहरवा) निवासी सुल्तान शेख ने घटना की सूचना चौड़ामोड़ चेकपोस्ट में तैनात पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही एएसआई गोविंद राय अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद लोगों ने आपा खो दिया और एएसआई गोविंद राय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

### भरनो में डाईर जतरा और नागपुरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# जतरा को जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी : मुखिया मुकेश उरांव

नवीन मेल संवाददाता




**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के दक्षिणी भरनो पंचायत के टंगराटोली में बुधवार को डाईर जतरा एवं नागपुरी प्रोग्राम का आयोजन डाईर जतरा पड़हा समिति भरनो के तत्वावधान में किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। जतरा का शुभारंभ नगड़ी प्रखंड प्रमुख एवं सीपीएम नेता मधुवा कच्छप, समाजसेवी लखन सिंह, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, सुरजमनी उरांव, ग्राम प्रधान तेतरा पहान, पंसस बिरसा उरांव, शंकर उरांव, जुगल उरांव सहित अन्य प्रमुख अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। मधुवा कच्छप ने कहा कि यह जतरा हमारी परंपरा, कला और संस्कृति की झलक पेश करता है और लोगों को अपने समाज से जोड़ने का अवसर देता है। पूर्व मुखिया मुकेश उरांव ने जतरा को पूर्वजों की देन बताते हुए कहा कि इसे जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है और यह जतरा सभी लोगों के सहयोग से ही सफलतापूर्वक आयोजित किया जाता है। जतरा में क्षेत्र के किसानों ने अपने गाय, बैल और भैंसों को नहलाकर सजाया-धजाया और डाईर लगाकर प्रस्तुत किया। सबसे सुंदर पशु को जतरा समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भरनो के सातों सरना के पड़हा खोड़हा दलों ने पारंपरिक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक रंग को और भी जीवंत बनाया। साथ ही नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलाकारों ने नागपुरी गीतों की मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डाईर जतरा के सफल आयोजन में पूर्व मुखिया सूरजमनी उरांव, चिमनी उरांव, शुकरमणि उरांव, लधूवा उरांव, एतवा उरांव, सुदर्शन महली, शनिराम उरांव, सोमरा उरांव, जागो महली, विष्णु उरांव, तेजुवा उरांव सहित जतरा समिति के सभी युवा और महिला सदस्य सक्रिय योगदान देने में जुटे रहे।

## 9 साल की बच्ची से कक्षपाल ने की गलत हरकत, भीड़ ने पीटा, पुलिस जीप पर भी पथराव

**जमशेदपुर।** शहर के सीतारामडेरा इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। घाघीडीह केंद्रीय कारागार में कार्यरत एक 55 वर्षीय कक्षपाल पर 9 साल की बच्ची के साथ तीन मंजिला फ्लैट की छत पर आपत्तिजनक हरकत करने का गंभीर आरोप लगा है। आरोपी की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है, जिसे गुस्साई भीड़ ने पकड़कर जमकर पीटा और बाद में पुलिस ने बड़ी मशक्कत से भीड़ से निकालकर गिरफ्तार किया।

**बहला-फुसलाकर छत पर ले जाने का आरोप :** मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी संजय कुमार सिंह ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने तीन मंजिला फ्लैट की छत पर ले जाकर उसके साथ अशोभनीय हरकत की। शाम के समय जब बच्ची के परिजनों को उसके साथ कुछ गलत होने का संदेह हुआ, तो उन्होंने तत्काल आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया।

**भीड़ ने की आरोपी की जमकर पिटाई :** भालूबासा चौक के पास स्थित एक दुकान के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी संजय कुमार सिंह को बच्ची के साथ जाते हुए देखा गया। इसके बाद परिजन और मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो उठे और एकजुट होकर आरोपी के फ्लैट पर पहुंचे। उन्होंने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आई आरोपी की पत्नी को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

**पुलिस पर पथराव, स्थिति तनावपूर्ण :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। लेकिन बेकाबू भीड़ ने पुलिस का विरोध किया और पुलिस जीप पर पथराव कर दिया। पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस किसी तरह आरोपी संजय कुमार सिंह और उसकी पत्नी को भीड़ के चंगुल से निकालकर थाने लाने में सफल रही।

### प्रसव के नाम पर अवैध वसूली, एंबुलेंस से लेकर नर्स तक पर पैसे ऐंठने का गंभीर आरोप

# "मिठाई खाने" के नाम पर भी मांगे पैसे








नवीन मेल संवाददाता

**संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई हो: जिला परिषद**

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा, "चैनपुर क्षेत्र में इस तरह का रवैया बहुत ही निंदनीय है। यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों और संलिप्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।"

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल अस्पताल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर गंभीर विवादों के केंद्र में है। सरकारी दावों के विपरीत, केंद्र पर प्रसव के लिए आने वाली गरीब गर्भवती महिलाओं से अवैध वसूली किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि 108 एंबुलेंस सेवा से लेकर अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों तक, प्रसव के नाम पर उनसे खुलेआम पैसे ऐंठे जा रहे हैं।एंबुलेंस और नर्स, दोनों ने वसूले 500-500 रुपये ताजा मामला दत्तरा गांव निवासी अनीता कुजूर से जुड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक, अनीता को प्रसव पीड़ा होने पर चैनपुर 108 एंबुलेंस गाड़ी संख्या जेएच–01–सीजी–8653 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पीड़िता का आरोप है कि एंबुलेंस के चालक और उपचालक ने उन्हें अस्पताल पहुँचाने के एवज में 500 रुपये की वसूली की।अनीता की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। अस्पताल में प्रसव होने के बाद, आरोप है कि वहां मौजूद एक नर्स द्वारा उनसे अतिरिक्त 500 रुपये की वसूली की गई। पीड़िता अनीता ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आई थीं और उनके पास बच्चों को कुछ खिलाने तक के लिए पैसे नहीं थे। महिला की इस दयनीय स्थिति को देखकर चैनपुर के एक स्थानीय संवाददाता शिवम कुमार ने मानवता दिखाते हुए उन्हें 500 रुपये की आर्थिक मदद की। ऐसा ही एक अन्य मामला कुरूमगाड़ निवासी आशा देवी के साथ भी हुआ। आशा देवी ने बताया कि प्रसव होने के बाद अस्पताल की नर्सों द्वारा "मिठाई खाने" के नाम पर उनसे 200 रुपये की मांग की गई और पैसे लिए गए।

**गरीबों की कमर तोड़ रही वसूली :** गौरतलब है कि चैनपुर प्रखंड एक अति सुदूरवर्ती क्षेत्र है, जहाँ की अधिकांश आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करती है। यहाँ के लोग रोजाना रेजा-कुली या दिहाड़ी मजदूरी करके, या फिर घर में रखे थोड़े-बहुत धान-चावल बेचकर अपना और अपने परिवार का पेट पालते हैं व इलाज कराते हैं।

ऐसे में, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त इलाज और निःशुल्क एंबुलेंस सेवा के बजाय इस तरह की अवैध वसूली ने गरीब ग्रामीणों की कमर तोड़ दी है। इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सीसीएल कुजू क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, कुजू क्षेत्र के तत्वावधान में स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" के संदेश को लेकर स्कूली बच्चों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता के महत्व, स्वच्छ वातावरण के लाभ और कूड़ेदान के सही उपयोग जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने इसे बड़ी ही सरल, रोचक और प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा और सभी ने इसे उत्साहपूर्वक सराहा। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ़ जानकारी देना नहीं था, बल्कि समाज में स्वच्छता को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की प्रेरणा देना भी था। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समुदाय में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता लाने में बेहद सहायक होते हैं। सीसीएल परिवार ने इस आयोजन की सफलता को स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी में इस प्रकार की सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी पैदा करना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस कार्यक्रम ने स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा और रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता और समाज सेवा के संदेश को सरल और प्रभावशाली तरीके से लोगों तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव संभव है।

### मनुवादी सोच देश को कर रही खोखला

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में बोले विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सेमर टोली में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में "वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत करते हुए अभियान का समर्थन किया।सभा को संबोधित करते हुए विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि मनुवादी सोच देश की लोकतांत्रिक नींव को खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सभी धर्मों के लोगों का समान योगदान रहा, लेकिन कुछ मनुवादी विचारधारा के लोग अंग्रेजों के साथ मिलकर आज़ादी का विरोध कर रहे थे।विधायक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि 1925 में मनुवादी सोच के तहत आरएसएस की स्थापना हुई, जो आज भी समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सोच संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव के खिलाफ है।कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, अमृत डुंगडुंग, संजय हेरेंज, विधायक प्रतिनिधि मारवाड़ी सिंह, पंचायत अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर अभियान का समर्थन किया।

## कीचड़मय सड़क से आवागमन को विवश ग्रामीण

**पाकुड़।** सदर प्रखंड के कालीदसपुर पंचायत के डुमरीटोला गांव के लोग कच्ची सड़क पर पसरे कीचड़ से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। यहां लोगों ने कई बार कच्चे मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

डुमरीटोला के ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी वह मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव से एक किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ता है उसके बाद प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए पक्की सड़क मिलती है। ग्रामवासियों ने गांव में सड़क निर्माण समेत अन्य विकास कार्य नहीं होने से नाराजगी जाहिर किया है। लोगों का कहना है कि पंचायत के मुखिया कार्य के प्रति कोई रूची नहीं दिखा रहे है।

## सामाजिक समरसता का प्रतीक है छठ पूजा, दलित समाज के लोग तैयार कर रहे सूप और दउरा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है. इस पर्व में सूप और दउरा की मांग सबसे अधिक होती है. इसे देखते हुए तुरी जाति के लोग दिन-रात मेहनत कर सूप और दउरा बनाने में जुटे हुए हैं. आमतौर पर जंगलों में बसने वाले तुरी समुदाय के लोग पारंपरिक तौर पर बांस से सूप और दउरा बनाते हैं. हालांकि उनकी आमदनी कम हुई है, लेकिन छठ जैसे महापर्व को लेकर इसकी महत्ता को देखते हुए तकरीबन हर तुरी परिवार सूप और दउरा के निर्माण में जुटा हुआ है. यहां के बने सूप पूरे झारखंड-बिहार में बिक्री की जाती है. हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड के स्थित कोनहरा कला गांव में तुरी समाज के लोग छठ पर्व में उपयोग होने वाले सूप और दउरा बनाने में जुट गए हैं. परंपरागत रूप से बांस से बनने वाले सूप और दउरा बनाने की तैयारी तीन माह पहले से ही शुरू हो जाती है. कारीगर बताते हैं कि आधुनिकता के इस दौर में भी सूप और दउरा पूरी तरह हाथों से ही बनाए जाते हैं, क्योंकि इन्हें बनाने में मशीनें काम नहीं आतीं. एक जोड़ी सूप की कीमत बाजार में 200 से 300 रुपये तक मिलती है, जबकि एक दउरा 150 से 200 में बिकता है. स्थानीय कारीगर सहोदरी देवी बताते हैं कि छठ में सूप की भारी मांग रहती है. कई श्रद्धालु घरों तक आकर सूप और दउरा खरीद ले जाते हैं. छठ पूजा में इनका विशेष महत्व है. आपको बता दें कि इन कारीगरों की मेहनत से जहां परंपरा जीवित है.

## दो दिव्यांग की मां को मदद की आस, सालों से कर रही आवास की मांग



**धनबाद।** जिले में एक आदिवासी महिला बहुत ही कष्ट भरी जीवन जीने को मजबूर है. उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो दिव्यांग हैं. छह साल पहले पति का भी देहांत हो चुका है. हालत ऐसी है कि ना उनके पास सिर ढंकने के लिए छत तक नहीं है. कई बार सरकार द्वारा मिलने वाले आवास के लिए आवेदन भी दिया गया. लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. वह बस अपने लिए एक घर की मांग कर रही हैं. ये कहानी है पूर्वी टुंडी प्रखंड के सिंगरायडीह गांव की आदिवासी विधवा पार्वती देवी की. पार्वती खाना बनाकर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं. उनके पास रहने के लिए कोई घर नहीं है. पार्वती देवी ने बताया कि उनके पति छोटका किस्कू की छह साल पहले इलाज के दौरान मौत हो गई थी. जो थोड़ी-बहुत कमाई थी, वह उनके इलाज में खर्च हो गई. जिस घर में वह रहती थीं, वह भी तबाह हो गया है. छत तो छोड़िए, दीवारें भी ढह गई हैं. वह पिछले छह साल से अपने भाई के घर में रह रही हैं, लेकिन अब वह उन्हें वहां रहने नहीं दे रहा है. पार्वती पूछती हैं, "हम अपने बच्चों को लेकर कहां जाएं? हमारे पास घर बनाने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं." पार्वती ने बताया कि छह साल पहले जब उनके पति की मृत्यु हुई थी, तब उनका नाम सरकारी आवास के लिए सूचीबद्ध था. हालांकि, पति के इलाज के कारण उन्हें यह आवास नहीं मिल सका. हाल ही में, वह सरकारी आवास पाने के लिए कई बार जिले का चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. उन्होंने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं, एक नेत्रहीन और दूसरा पैर से विकलांग. वह स्कूल में खाना बनाती हैं और इसी तरह बच्चों का पालन-पोषण करती हैं. पार्वती ने बताया कि उन्हें सरकारी राशन नहीं मिलता. उनके बच्चों को सरकारी अनाज मिलता है. उन्हें सरकार से विधवा पेंशन भी मिलती है. उन्हें बस एक घर चाहिए.

**व्यवस्था लचर** | दीपावली के बाद अब देवघर की गलियों में छठ की छटा फैलने लगी है

# देवघर के छठ घाटों की सफाई का काम अधूरा, तालाबों की सतह पर तैर रहा कचरा

नवीन मेल संवाददाता



**घाटों की सफाई में कोताही बर्दाश्त नहीं: नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त ने कहा कि छठ पर्व के दौरान सफाई व्यवस्था में कोई कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. 23 वार्ड जमादार, 215 सफाई मित्र, 24 रोड कुली मित्र, 3 जेसीबी और 14 ट्रैक्टर सहित सभी संसाधन पूरी तरह तैनात कर दिए गए हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "यदि छठ पूजा के दौरान किसी भी वार्ड या घाट पर कुव्यवस्था पाई गई, तो संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी."

**देवघर।** दीपावली के बाद अब देवघर की गलियों में छठ की छटा फैलने लगी है. श्रद्धा का यह महापर्व समीप है, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम की तैयारी अभी अधूरी है. कहीं तालाबों की सतह पर कचरा तैर रहा है तो कहीं गंदगी की परतें अब भी प्रशासनिक उदासीनता को दिखा रही है. नगर निगम और जिला प्रशासन ने दावा तो किया है कि सफाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, पर जमीनी हकीकत कुछ और बयान कर रही है. नगर क्षेत्र के करीब 15 से 20 तालाबों में प्रतिदिन सफाई कर्मी जलाशयों की सफाई के कार्य में जुटे हैं, लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद कई घाटों की दशा खराब है. देवघर का शिवगंगा तालाब सर्वाधिक पवित्र और ऐतिहासिक जलाशय माना जाता है. शिवगंगा की सफाई भी अभी अधूरी है. हालांकि सफाई का दायित्व निभा रहे ठेकेदार पिंटू सिंह ने बताया कि "हम रोजाना सफाई करते हैं, लेकिन श्रद्धालु पूजा-सामग्री और धार्मिक अवशेषों का तालाब में विसर्जन कर देते हैं, जिससे तालाब पुनः गंदा हो जाता है." उनका कहना था कि यदि लोगों में थोड़ी और सजगता आए, तो शिवगंगा पुनः निर्मल दिखेगा.

**समिति के लोग कर रहे सफाई में सहयोग :** दूसरी ओर रामपुर छठ पोखर के बारे में कुछ सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है. यहां छठ पूजा समिति के सदस्यों ने स्वयं अपने स्तर पर घाटों की सफाई और मरम्मत कार्य संभाल रखा है. समिति के अध्यक्ष ने बताया कि "निगम की ओर से पर्याप्त कर्मचारी नहीं आए हैं, फिर भी हम लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तालाब की सीढ़ियों, घाटों और आसपास के रास्तों को दुरुस्त किया है. हमारी कोशिश है कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो." फिर भी, कुछ अन्य तालाबों जैसे छत्तीसी तालाब, डढ़वा नदी घाट और जसीडीह क्षेत्र के जलाशयों में सफाई व्यवस्था अब भी अधूरी है. ग्रामीण अंचलों के कई घाटों तक पहुंच पथ ही नहीं बन पाए हैं, जिससे आने-जाने में व्रतियों और श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है. इन सबके बीच नगर निगम का हालिया विवाद भी चर्चा में है.

## एफसी जंगलराज टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**महेशपुर।** प्रखंड की शहरग्राम पंचायत अंतर्गत नारायणटोला अमलागाछी फुटबॉल मैदान में राम लक्ष्मण रामायण क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुरुष एवं महिला वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और परंपरागत तरीके से फुटबॉल को कीक मारकर फाइनल मुकाबले का उद्घाटन किया। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला एफसी जंगलराज बनाम एफसी बास्की स्टार के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। जिसमें एफसी जंगलराज की टीम ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में एफसी पाकुड़ ने एफसी गोपालपुर को एक गोल से पराजित कर विजय हासिल की। पुरुष वर्ग के विजेता टीम को 50,000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 40,000 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया।

## कोलेबिरा में तिरंगे रंगों से सजा लक्ष्मी पूजा पंडाल, देशभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा के रण बहादुर सिंह चौक स्थित लक्ष्मी पूजा पंडाल इस वर्ष देशभक्ति और आस्था का अनुपम उदाहरण बन गया है। तिरंगे रंगों से सजे इस भव्य पंडाल ने श्रद्धालुओं और दर्शकों के मन में राष्ट्रीय एकता और गर्व की भावना जागृत कर दी।पूजा समिति ने बताया कि इस वर्ष पंडाल का निर्माण "ऑपरेशन सिंदूर" से प्रेरित होकर किया गया है, ताकि देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। पंडाल की सजावट में तिरंगे रंगों का विशेष प्रयोग किया गया है, जो राष्ट्रप्रेम और समर्पण की भावना को दर्शाता है।शाम के समय रंग-बिरंगी रोशनी और कलात्मक साज-सज्जा से पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्रद्धालु देवी लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ देशभक्ति के भाव में भी सराबोर दिखे। समिति के एक सदस्य ने कहा, "यह पंडाल केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद


## संपादकीय

# दिवाली रही जीएसटी मेला के नाम

इस बार की दिवाली में भारतीय व्यापार जगत में सभी की धूम रही। इस साल दिवाली की बिक्री ने सारे रेकार्ड तोड़ दिए। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का दावा है कि इस दिवाली कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये की रही। इनमें 5.40 लाख करोड़ के वस्तु व्यापार और 65 हज़ार करोड़ की सेवा क्षेत्र का व्यापार शामिल है। कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी है। इसने देश भर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों का सर्वेक्षण किया, जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां एवं टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं। इसके बाद सोसाइटी ने "दिवाली त्योहार बिक्री 2025 पर रिसर्च रिपोर्ट" जारी की है। सितंबर का महीना देश के ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए सुनहरा साबित हुआ है, तो इसकी वजह सिर्फ त्योहारी उत्साह नहीं, बल्कि इसके पीछे कुछ ठोस आर्थिक कारण भी हैं। इस दौरान घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 6.7 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ 21.60 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, तो यात्री वाहनों की बिक्री भी 3.72 लाख यूनिट के सर्वकालिक उच्चांक पर रही। ट्रैक्टर एंड मेकनाइजेशन एसोसिएशन (टीएमए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान 1.46 लाख से भी ज्यादा ट्रैक्टर बिके, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत हैं, जो दर्शाते हैं कि उपभोक्ता मांग में सुधार हो रहा है और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में खरीदारी की क्षमता बढ़ रही है। हालांकि, श्राद्ध पक्ष के चलते सितंबर की सुस्त रफ्तार को देखते हुए इस तरह का कोई रिकॉर्ड दूर की कौड़ी ही लग रहा था, लेकिन जीएसटी की दरों में कटौती की घोषणा के बाद पूरी तस्वीर ही बदलने लगी। इसके अतिरिक्त, आयकर स्लैब में मिली छूट से भी मध्यवर्ग को वास्तविक बचत का अवसर मिला। जब मध्यवर्ग के हाथ में अधिक खर्च योग्य आय आती है, तब उसका पहला असर ऑटो सेक्टर पर ही दिखता है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष देश भर में बेहतर मानसून ने फसलों की पैदावार और किसानों की आय, दोनों को मजबूती दी है। फसल बीमा योजनाओं की पहुंच और ग्रामीण सड़कों तथा बुनियादी ढांचे में निवेश ने भी किसानों को नए ट्रैक्टर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया है। ट्रैक्टर बिक्री में आई मजबूती को केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि का भी सूचक माना जा सकता है, जो बताता है कि गांव और यहां के लोग, विकास के सक्रिय चालक बने हुए हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सात फीसदी से अधिक का योगदान देने वाला ऑटो क्षेत्र देश के औद्योगिक उत्पादन, रोजगार और कर संग्रह में भी बड़ा योगदान देता है। ऐसे में, दोपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर-तीनों श्रेणियों में एकसाथ वृद्धि दर्शाती है कि देश की घरेलू मांग-चालित अर्थव्यवस्था अब स्थिर गति पकड़ चुकी है। हालांकि, यह भी सच है कि आने वाले महीनों में वैश्विक टैरिफ युद्ध की दिशा, निर्यात बाजार की अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतें और ब्याज दरों में संभावित बदलाव जैसी चुनौतियां इस गति को प्रभावित कर सकती हैं। फिर भी, घरेलू बाजार की मजबूती यह भरोसा देती है कि भारत का उपभोग तंत्र किसी भी बाहरी झटके को संतुलित करने में सक्षम है। सितंबर की वृद्धि को एक रिकॉर्ड के रूप में ही नहीं, बल्कि एक संकेत के रूप में भी देखा जाना चाहिए कि भारत अब परिवहन और ऊर्जा के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

**कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का दावा है कि इस दिवाली कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये की रही। इनमें ₹5.40 लाख करोड़ के वस्तु व्यापार और ₹65 हज़ार करोड़ की सेवा क्षेत्र का व्यापार शामिल है।**

# कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति से सुसज्जित काव्य संग्रह 'शायद तुमने हो पहचाना'




## पुस्तक समीक्षा



डॉ रजनी शर्मा 'चंदा'

अत्यंत सरल हृदय एवं कोमल भावनाओं से अलंकृत अपनत्व की प्रतिमूर्ति के साथ शानदार शख्सियत के स्वामी शिशिर सोमवंशी के काव्य संग्रह की श्रृंखला से एक नया काव्य संकलन मेरे हाथों तक आया है "शायद तुमने हो पहचाना"। इसे पढ़ते हुए एक के बाद एक कविताएं मन को बांधती चली जाती हैं और ज्यों सागर की लहरें उठती गिरती खुद को बिखेरती समेटती हुई पुनः सागर में मिल जाती है, वैसे ही उनकी कविताएं पढ़ने, सुनते, गुनते पुनः कविताओं के संसार में प्रवेश करा देती है। ज्यों मुट्ठी में बांधी हुई नरम रेत फिसलती हुई रेत में पुनः समाहित हो जाती है वैसे ही शब्द दर शब्द छंदबद्ध तथा छंद मुक्त कविताएं फिसल कर हृदय की गलियारों में समाहित हो जाती है। प्रकृति प्रेमी एवं प्रकृति से जुड़े हुए स्नेहिल हृदय वानिकी विज्ञान के व्यक्ति जिनकी सैकड़ों शोध प्रपत्रों को लोग पढ़ते हैं उनके द्वारा रचित हरेक कविता भविष्य के लिए धरोहर है। कितनी सरलता से कविता कहती है कि 'बिन वर्षा बिन सावन के प्रीति का बिरवा जिंदा रखना है, बिन बांधे हुए किसी बंधन से प्रेम को मन के अंदर रखना है... कितना सुखद है यह एहसास। प्रेम न मिल पाए तो कहते हैं की 'कालचक्र की वृष्टि में धुल कर प्रेम लेख को बह जाना था' हालांकि प्रेम के अमृत को चखने वाला और विरह के विष को पीने वाला ही इस सृजन के भाव को महसूस कर सकता है। बंजारा मन जहां चलता है प्रेम की कहानी भोर, दोपहर, सांझ और रात्रि तक साथ-साथ चलती रहती है। प्रेमी मन भंवरों की गुंजन पर कोई रूमानी गीत लिखता है, तो कहीं रूठे सावन को एक खत लिखता है और कलियों से उत्तर पता है। कहीं जितने गहरे घाव उसके हृदय में है उतने ही कुछ गहरे घावों के चिन्ह वो प्रकृति में ढूंढता है। जहां तड़प है, बेचैनी है, प्रियतम से मिलने की खुशी और बिछड़ने की दर्द भी है। वो ढूंढ़ते हैं और कहते हैं कि 'जीवन में तपते मरुथल में बादल की चाह नहीं छोड़ी, जिस पथ थे तुम साथ चले अब तक वह राह नहीं छोड़ी।।'

भाव प्रमुख कविता 'शायद तुमने हो पहचाना' जिसमें बंजारा मन नदी की धाराओं में खो जाना चाहता है। प्रेम के इस बवंडर में तीव्रता से घूमते हुए मौन की डोर को तोड़कर सब कुछ कह जाना चाहता है।वह चाहता है कि इस स्वर्णिम स्वप्निल चाहतों को अपनेपन की कोई मूर्ति पहचान ले और अपने प्राणों को इस प्रेममूर्ति में स्थापित कर दे। आठों याम घूमते घूमते यायावरी करते हुए यह पांव धरती आकाश बादल पर्वत पहाड़ झरनों समंदर को छू आता है । हृदय के अंदर द्वंद्व को हंस कर जीवन मद का प्याला पी जाता है और जब मोह भंग होता है तो अपने हर दर्द को अपने अंतर छुपा लेता है। तभी तो सागर तट पर जब रेत के घरौंदे टूटते हैं तो मन का टूटना आंखों से बयां भी नहीं हो पता। धूप छांव के आलिंगन को पीड़ा के वन की मरिचिका से निकाल कर कवि मन पूछना चाहता है कि जब प्रेम छूता है तो कैसा लगता है? क्या यह मधुरिम स्पर्श उसे भी अच्छा लगता है? जब ये स्मृतियों का रस पीते हुए जमाने बाद मिलते हैं और पूछते हैं कि यह शिशिर तुम्हारे जीवन में आए तो तुम्हें कैसा लगता है? उतनी ही शिद्दत से इंतजार करते हैं कि प्रत्युत्तर अवश्य आएगा। तभी तो कितनी आसानी से कहते है कि 'मधुर चांदनी धूप को बोले प्रेम किया है प्रेम का होले, ऐसा कठिन तो ज्ञान नहीं है समझो यह समझाना मेरा! तुम कह दोगे मैं सुन लूंगा। इस जीवन के गीतों को गुनगुनाते हुए तुमसे निकल कर तुम संग इन बासंती फूलों के साथ में या इस रुदन को जहां बार-बार छंदों में गाए गए इस प्रेम का जादू टोना आखिर टूटता क्यों नहीं है वह जानता था कि इस विरह की झुलसती धारा में प्रेम के उपवन में आशा के कोई फूल खिले भी तो पीड़ा की छुवन आंख में भर लेता है और ऋतु दर ऋतु से होकर गुजरा सुख दुख अपने अनुभवों से गुजरते हुए मिलन का गीत गुनगुनता है तो तपती दोपहरी का जीवन अपना गीत सुनाता है। मन का भटकन मन के पंछी के साथ किसी शहर में एक घरौंदा ढूंढता है, जहां पांव के छाले सांसों की कमाई पर भारी पड़ती है और जब इन उखड़ी सांसों के स्वर को सुनते हैं तो इन आंखों की जुगनुओं में हर रोज एक सूरज रौशन होता है। फिर इश्क हुआ सब पानी में कहते हुए बीते समय की स्मृतियां को अपने सम्मोहन में बांधे हुए मिलने का आमंत्रण भी दे देता है। मन में असंख्य पीर के तीर चुभे हो फिर भी अधरों पर मुस्कान सजाएं हुए टूटे हुए सपनों पर मरहम लगाते हुए कहते हैं कि 'नरम कोमल हुई सेमल चंद्रिका की परत मद्धम बहुत मीठी नदी हो तुम बहो चाहे कहीं प्रियतम पर मिलो मुझसे।।' अपनी यादों की भरपाई जो चाह कर भी नहीं कर पाते हैं अपने मन से बार-बार प्रश्न करते हैं कि मन कस्तूरी क्या ढूंढता है यह बंजारा मन इस भटकन से क्या चाहता है क्या वह चाहता है कि इसे अपने हिस्से का सुख मिल जाए जिसे वह अमृत की बूंदे समझकर पी लेना चाहता है और खुद को फिर से जी लेना चाहता है या फिर चाहता है अपनी चंद सांसों को बचाकर नीम पागल हो जाना जो वक्त की रफ्तार नदी की धार के साथ-साथ सहजता से बह जाना चाहता है। सच की पीर कहते कहते कई दुख के बादल घने तम का चांद बन जाते हैं। जो इस चमकीले प्रेम की गलबहिया करते हुए सच्चे प्रेम का सच्चा बोसा स्व पर महसूस करना चाहते हैं । ये चाहते हैं की प्रेम में कृष्णा सा कोई श्याम रंग लगा दे या स्याही से भरी यह आंखें जो आशा की किरणें खोजती है ये स्वप्न से भरी आंखें रोती नहीं है क्योंकि जो मिला है वह कम तो नहीं है परंतु नियति की इस यात्रा पर यह अनवरत चल रहे हैं। वहां इस मौसम के बीत जाने से पहले इन आंसुओं के जमीन पर गिर जाने से पहले चाहते हैं की कोई इन्हें अपने आंचल में बांध ले अपनी पलकों में छुपा ले और प्रेम की इस डगर पर दुनिया की भटकन से दूर अनुराग के संग चलते जाएं और कुछ पल में सदियों को जी जाए। यह प्रेम को बुलाते भी हैं तो कितने मान से कहते हैं "तुम मुझसे मिलने मत आना मुझको उलझन हो जाती है मन से चाहूं पर कह ना सकूं जब आए हो तो अब मत जाना।। प्रीत की डोर को पकड़े हुए भोर की प्रथम रश्मि से निशा के अंतिम प्रहर तक जहां वह प्रेम का नाम अपने लबों पर आने भी नहीं देना चाहते और प्रेम की कविताओं में स्वयं को विलुप्त कर देना चाहते हैं वैसे कविताओं की दुनिया में बिछड़ते हुए निश्चित रूप से आप भी खो जाएंगे और क्षण क्षण पढ़ते हुए इस मन को जब-जब जिएंगे, जब जब मरेंगे, प्रेम के ही हो जाएंगे,इन कोमल कविताओं के हो जाएंगे। शिशिर सोमवंशी के द्वारा रचित कविताएं हिंदी साहित्य के लिए अनमोल उपहार है। यह अमूल्य कृति सदा सदा के लिए साहित्य की दुनिया में याद की जाएगी "शायद तुमने हो पहचाना" ढ़ेर सारी शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# स्नेह, सुरक्षा और संस्कृति का प्रतीक पर्व,भाई-बहन के प्रेम का अनुपम उत्सव

## अलग बात



संजय सर्राफ

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारतवर्ष की संस्कृति में पारिवारिक संबंधों की मधुरता और सामाजिक मूल्यों को सहेजने वाले अनेक पर्व मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है भैया दूज, जिसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दीपावली के दो दिन बाद, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।इस वर्ष में भैया दूज 23 अक्टूबर दिन गुरुवार को मनाया जाएगा।भैया दूज से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, मृत्यु के देवता भगवान यमराज अपनी बहन यमुनाजी से मिलने उनके घर पहुंचे। यमुनाजी ने उनका आदरपूर्वक स्वागत किया, उन्हें प्रेम पूर्वक भोजन कराया और अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। इस पर प्रसन्न होकर यमराज ने बहन को आशीर्वाद दिया कि इस दिन जो बहन अपने भाई को तिलक करके भोजन कराएगी और उसके दीर्घायु की कामना करेगी, उस भाई को यमराज का भय नहीं रहेगा। तभी से यह परंपरा चली आ रही है और भैया दूज भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षाबंधन के भाव का प्रतीक पर्व बन गया।भैया दूज के दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक करती हैं, आरती उतारती हैं, और उन्हें मिठाइयाँ व पकवान खिलाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। भाई भी बहनों को उपहार देकर उनके स्नेह का आदर करते हैं और जीवन भर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। कई स्थानों पर बहनें यमुनाजी में स्नान कर पूजा करती हैं, जो इस पर्व की पवित्रता और महत्ता को और बढ़ा देती है। कुछ क्षेत्रों में इसे 'भाउ बीज' (महाराष्ट्र), 'भाई टीका' (नेपाल), 'भाई फोंटा' (बंगाल) के नाम से भी जाना जाता है, लेकिन भावना हर जगह एक ही होती है, भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और एक-दूसरे के कल्याण की कामना। भैया दूज केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उन जड़ों का प्रतीक है जो पारिवारिक संबंधों, प्रेम, त्याग और आत्मीयता को महत्व देती है। यह पर्व नारी सम्मान, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देता है। वर्तमान समय में जब पारिवारिक संबंधों में दूरी बढ़ रही है, ऐसे में भैया दूज जैसे पर्व यह याद दिलाते हैं कि संबंधों की गरिमा को बनाए रखना भारतीय जीवन मूल्य का अभिन्न हिस्सा है। भैया दूज एक ऐसा पर्व है जो भाई-बहन के शाश्वत प्रेम को उत्सव के रूप में मनाता है। यह पर्व केवल तिलक और मिठाइयों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संवेदनाओं की गहराई, परंपराओं की गरिमा और संस्कृति की झलक समाहित है। जब बहन अपने भाई के माथे पर तिलक करती है, तो वह केवल एक परंपरा नहीं निभा रही होती, बल्कि उसके सुखद, स्वस्थ और दीर्घ जीवन की प्रार्थना भी कर रही होती है। भैया दूज हमें यह भी सिखाता है कि प्रेम और अपनत्व की डोर जितनी मजबूत हो, जीवन उतना ही मधुर और सुरक्षित बनता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# जीवन का लक्ष्य ही जब खुशी है तो इसे फैलाते चलें

## आपकी बात



मुकेश सिंह चौहान

35 वर्ष पहले रामगढ़ जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र भदानीनगर से पत्रकारिता की शुरुआत की। बड़े मनोयोग से आंचलिक रिपोटिंग करने लगा। साइकिल लेकर पहाड़ी के बीच बसे गांवों में चला जाता, वहां की जमीनी खबरों को समाचार में पिरोता। यूं कहें गंवई परिपाटी को पाठकों तक पहुंचाता रहता। कुछ माह बाद ही मुझ में भुरकुंडा से रिपोर्टिंग करने की इच्छा बलवंत हो गई। भदानीनगर से सटा भुरकुंडा सीसीएल का कोलियरी क्षेत्र है। आप इसे कस्बाई शहर कह सकते हैं। मैं लक्ष्य बना लिया कि भुरकुंडा से रिपोटिंग करूंगा ही। कोशिश शुरु कर दिया, 2 वर्ष के बाद भुरकुंडा से रिपोटिंग का मौका मिल ही गया। कई साल तक जी-जान से भुरकुंडा की रिपोटिंग की। अब मेरे अंदर प्रखंड (पतरातू) से रिपोटिंग का लक्ष्य तैयार होने लगा। इस दिशा में कोशिश शुरु कर दिया। कुछ साल बाद प्रखंड की रिपोटिंग भी करने लगा। पर यह चंचल मन रुकता कहां है? अब दिल-दिमाग जिला (रामगढ़) की ओर दौड़ने लगा। कर्म कहें, किस्मत कहें, ब्यूरो चीफ (जिला इंचार्ज) बन कर रामगढ़ भी आ गया। कुछ ही वर्ष बाद एक लक्ष्य फिर से सामने आ गया। अब मुझे मुख्यालय (रांची) पहुंचना था। लक्ष्य बना लिया कि संपादकीय स्तर तक पहुंचना है। यह लक्ष्य भी पूरा हो गया। रांची आ गया, सेटेलाइट देखने लगा। जैसे-जैसे मेरा लक्ष्य बदलता गया, मैं आगे बढ़ता गया। मैं तो आगे बढ़ रहा था, ठीक वैसे ही मेरी बेचैनियां भी आगे बढ़ते जा रही थी। इसी वक्त एक और प्रमोशन का मौका मेरे पास आया, और बस यहीं एक प्रश्न बार-बार मेरे जेहन में उठने लगा और मेरी बेचैनियां पराकाष्ठा पर पहुंचा गई। प्रश्न यह था कि तुम जो लक्ष्य तय करते हो, सब मिलता जा रहा है, फिर बेचैनियां कैसी? छटपटाहट क्यों? मैं पूरे शिद्दत से इस प्रश्न का जबाब ढूंढने लगा। जो जबाब मुझे मिला, वहीं से खुशी क्लास प्रारंभ हो गया। तीन साल पहले पत्रकारिता से इस्तीफा देकर खुशी मिशन शुरु कर दिया। यकीन मानें, 35 साल की बेचैनियों को मात्र इस 3 साल ने पाट दिया। बेचैनी आत्मसंतुष्टि में बदलती चली गई। कैसे हुआ यह?

**(हम जो लक्ष्य तय करते हैं, पा लेते हैं। फिर भी बेचैनी कम नहीं होती, छटपटाहट बढ़ते जाता है। आखिर क्यों...)**

मेरे प्रश्न का जबाब क्या था? दरअसल, इस प्रश्न का जबाब ढूंढने के लिए मैं सामाजिक सर्वेक्षण शुरु कर दिया था। सर्वे के दौरान एक पहलू मुझे क्लिक कर गया। एक जननेता से दोस्ती थी। वो मुझसे कहते, विधायक बनने का लक्ष्य है। वो विधायक बन गएं। अब जब उनसे मिलता, वो कहते; मंत्री बनने का टार्गेट है चौहान जी। उनका यह टार्गेट भी पूरा हो गया, अभी वो मंत्री हैं। एक इंस्पेक्टर मित्र को डीएसपी बनने का लक्ष्य था। हालिया प्रमोशन में वो डीएसपी बन भी गएं। अब शायद एसपी का लक्ष्य बना लिए होंगे। एक व्यवसायी मित्र राशन के थोक विक्रेता थें, उनका लक्ष्य फैक्ट्री डालना था। आटे की फैक्ट्री डाल भी लिएं। यह जी हम सभी 'लक्ष्य' बनाते हैं, यहीं मेरा जबाब छुपा बैठा था। दरअसल हम जिसे अपना लक्ष्य मानते हैं, वो लक्ष्य होता ही नहीं, वो माध्यम मात्र होता है। इसी माध्यम को हम लक्ष्य मान लेतें हैं, नतीजन बेचैनियां पनपे लगती है। इस प्रकृति में जिसने भी जन्म ले लिया, उन सभी का एकमात्र लक्ष्य 'खुशी' है। इसी खुशी तक पहुंचने का वो सारे माध्यम हैं, जिसे हम लक्ष्य मान लेते हैं। जैसे संपादक, डीएसपी, एसपी, मंत्री, पद, पावर आदि-आदि। यह सारे माध्यम हैं, जिससे होकर हमें खुशी तक पहुंचना है। दुर्भाग्य यह कि हम माध्यम को ही लक्ष्य मान लेते हैं, नतीजन हम वहीं पे ठहर जाते हैं। असली लक्ष्य खुशी तक पहुंच ही नहीं पाते। जैसे ही हम असली लक्ष्य को जान लेंगे, माध्यम में फंसेंगे नहीं ; बल्कि उस माध्यम का सदुपयोग कर खुशी तक पहुंच जाएंगे। 15 वर्षों तक जो मैं सर्वे किया, यही पाया कि तनाव, हाइपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृति घर-घर में प्रवेश करता जा रहा है। शायद ही कोई ऐसा घर बचा, जहां तनाव प्रवेश नहीं कर गया है। हमारी जिंदगी, हमारा परिवार ; पर इसे संचालित तनाव करने लगा है। इस तनाव को यही " माध्यम " जन्म देता है। क्योंकि हम माध्यम को ही सर्वेसर्वा मान कर सब कुछ झोंक देते हैं। जिंदगी में माध्यम जरूरी है, बहुत ही जरूरी ; पर यह लक्ष्य नहीं हो सकता। माध्यम को माध्यम ही रहने दें। यकीन मानें, जिस दिन हम माध्यम और लक्ष्य के अंतर को समझ जाएंगे, खुशियां हमारे पास होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

शाखों पर पत्ते नहीं, आने में है वक्त।
इंतज़ार करना जरा, वक्त अभी है सख्त।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# प्रत्येक काल में प्रेरणा पुंज हैं भगवान श्री चित्रगुप्त

श्री चित्रगुप्त पूजन पर विशेष

## आज की बात



डॉ.प्रणव कुमार बब्बू

भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज प्रत्येक काल में न केवल कायस्थों बल्कि सभी के लिये प्रेरणा के वैसे पुंज हैं जो एक बात का सन्देश हमेशा देते हैं। यदि किसी के द्वारा सम्पादित या किया गया कोई कार्य न्यायोचित और धर्म के अनुकूल है तो उसका सार्थक परिणाम अवश्य मिलेगा। विलम्ब संभव है पर सकारात्मक परिणाम की प्राप्ति को भी सुनिश्चित मानकर चलना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत यदि धर्म के विरुद्ध आचरण है, अन्याय, आलस्य, क्रोध, लोभ, भय आदि-आदि है तो आज नहीं तो कल पर अप्रिय परिणाम मिलना भी उतना ही सत्य है।

श्री धर्मराजस्य चित्रगुप्तः शुभंकरः।
पायान्मां सर्वपापेभ्यः शरणागत वत्सलः।।

एक बार युधिष्ठिरजी, भीष्मजी से बोले कि हे पितामह! आपकी कृपा से मैंने धर्मशास्त्र सुने परंतु यम द्वितीया का क्या पुण्य है? क्या फल है? यह मैं सुनना चाहता हूँ अतः आप कृपा करके मुझे विस्तारपूर्वक कहिए। तब भीष्मजी बोले कि तूने सर्वश्रेष्ठ बात पूछी। मैं उसी उत्तम व्रत को विस्तारपूर्वक बताता हूँ। कार्तिक मास के उजले और चैत्र के अंधेरे की पक्ष जो द्वितीया होती है वह यम द्वितीया कहलाती है। युधिष्ठिरजी बोले कि उस कार्तिक के उजले पक्ष की द्वितीया में किसका पूजन करना चाहिए और चैत्र महीने में यह व्रत कैसे हो? इसमें किसका पूजन करें? तब भीष्मजी बोले कि हे युधिष्ठिर! पुराण संबंधी कथा कहता हूँ। इसमें संशय नहीं कि इस कथा को सुनकर प्राणी सब पापों से छूट जाता है। सतयुग में नारायण भगवान से, जिनकी नाभि में कमल है।।। उससे चार मुंह वाले ब्रह्माजी उत्पन्न हुए जिनसे वेदवेत्ता भगवान ने चारों वेद कहे। नारायण बोले कि हे ब्रह्माजी! आप सबकी तुरीय अवस्था, रूप और योगियों की गति हो। मेरी आज्ञा से संपूर्ण जगत की शीघ्र रचना करो। हरि के ऐसे वचन सुनकर हर्ष से प्रफुल्लित हुए ब्रह्माजी ने मुख से ब्राह्मणों को, बाहुओं से क्षत्रियों को, जंघाओं से वैश्यों को और पैरों से शूद्रों को उत्पन्न किया। उनके पीछे देव, गंधर्व, दानव, राक्षस, सर्प, नाग, जल के जीव, स्थल के जीव, नदी, पर्वत और वृक्ष आदि को पैदा कर मनुजी को पैदा किया। इसके बाद दक्ष प्रजापतिजी को पैदा किया और तब उनसे आगे और सृष्टि उत्पन्न करने को कहा। दक्ष प्रजापतिजी से साठ कन्यायें उत्पन्न हुईं जिनमें से दस धर्मराज को, तेरह कश्यप को और सताईस चन्द्रमा को दी। कश्यपजी से देव, दानव, राक्षस इनके सिवाय और भी गंधर्व, पिशाच, गो और पक्षियों की जातियां पैदा हुईं। धर्मराज को धर्म प्रधान जानकर सबके पितामह ब्रह्माजी ने उन्हें सब लोकों का अधिकार दिया और धर्मराज से कहा कि तुम आलस्य त्यागकर काम करो। जीवों ने जैसे-जैसे शुभ व अशुभ कर्म किए हैं उसी प्रकार न्यायपूर्वक वेद शास्त्र में कही विधि के अनुसार कर्ता को कर्म का फल दो और सदा मेरी आज्ञा का पालन करो। ब्रह्माजी की आज्ञा सुनकर बुद्धिमान धर्मराज ने हाथ जोड़कर सबके परम-पूज्य ब्रह्माजी को कहा कि हे प्रभु! मैं आपका सेवक निवेदन करता हूँ कि इस सारे जगत के कर्मों का विभागपूर्वक फल देने की जो आपने मुझे आज्ञा दी है, वह एक महान कर्म है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर मैं यह काम करूंगा जिससे कि कर्ताओं को फल मिलेगा परंतु पूरी सृष्टि में जीव और उनके देह भी अनंत हैं। देशकाल ज्ञात-अज्ञात आदि भेदों से कर्म भी अनंत हैं। उनमें कर्ता ने कितने किये, कितने भोगे और कितने शेष हैं और कैसा उनका भोग है तथा इन कर्मों के भी मुख्य व गौण भेद से अनेक हो जाते हैं तो उसे कर्ता ने कैसे किया? स्वयं किया या दूसरे की प्रेरणा से किया आदि कर्म चक्र बहुत ही विस्तृत हैं। अतः मैं अकेला किस प्रकार इस भार को उठा सकूंगा? इसलिए मुझे कोई ऐसा सहायक दीजिये, जो धार्मिक, न्यायी, बुद्धिमान, शीघ्रकारी, लेख कर्म में विशेषज्ञ, चमत्कारी, तपस्वी, ब्रह्मनिष्ठ और वेद शास्त्र का ज्ञाता हो। धर्मराज के इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक किए हुए कथन को विधाता सत्य जान मन में प्रसन्न हुए और यमराज का मनोरथ पूर्ण करने की चिंता करने लगे कि उक्त सब गुणों वाला ज्ञानी लेखक पुरुष होना चाहिए। उसके बिना धर्मराज का मनोरथ पूर्ण न होगा। तब ब्रह्माजी ने कहा कि हे धर्मराज! तुम्हारे अधिकार में मैं सहायता करूंगा। इतना कह ब्रह्माजी ध्यानमग्न हो गये। उसी अवस्था में उन्होंने ग्यारह सौ वर्ष तक तपस्या की। जब समाधि खुली तब अपने सामने श्याम रंग, कमल नयन, शंख जैसी गर्दन, गूढ़ सिर, चन्द्रमा के समान मुख वाले, कलम-दवात और पानी हाथ में लिए हुए, महाबुद्धि, देवताओं का मान बढ़ानेवाले, धर्माधर्म के विचार में महाप्रवीण लेखक, कर्म में महाचतुर पुरुष को देख उससे पूछा कि तू कौन है? तब उस युवक ने कहा कि हे प्रभु! मैं माता-पिता को तो नहीं जानता किंतु आपके शरीर से प्रकट हुआ हूँ इसलिए मेरा नामकरण कीजिए और कहिये कि मैं क्या करूं? तब श्री ब्रह्माजी ने उस पुरुष के वचन सुन अपने हृदय से उत्पन्न हुए उस पुरुष को हंसकर कहा- तू मेरी काया से प्रकट हुआ है इससे मेरी काया में तुम्हारी स्थिति है। इसलिये तुम्हारा नाम चित्रगुप्त है। धर्मराज के पुर में प्राणियों के शुभाशुभ कर्म लिखने में उसका तू सखा बने इसलिए तेरी उत्पत्ति हुई है। ब्रह्माजी ने चित्रगुप्त से यह कहकर धर्मराज से कहा कि हे धर्मराज! यह उत्तम लेखक तुझको मैंने दिया है जो संसार में सब कर्मसूत्र की मर्यादा पालने के लिए है। इतना कहकर ब्रह्माजी अंतर्ध्यान हो गए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हम बनाएंगे 'बिहार फर्स्ट', एनडीए की सरकार पक्की : चिराग पासवान

## महागठबंधन खुद को नहीं संभाल पा रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**




चिराग पासवान ने महागठबंधन की सीट बंटवारे पर असहमति और आंतरिक मतभेदों को उनकी "गंभीरता की कमी" बताया। उन्होंने दावा किया कि एनडीए 14 नवंबर को बिहार में सरकार बनाएगी और अगले पांच वर्षों में राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को महागठबंधन पर निशाना साधा, क्योंकि सहयोगी दल सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमत नहीं हो पाए। पासवान, जिनकी पार्टी लोजपा (आर) 29 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, ने यह भी कहा कि एनडीए 14 नवंबर को राज्य में सरकार बनाएगा। विपक्ष पर वार करते हुए चिराग ने कहा कि उनके गठबंधन (महागठबंधन) में इतना कुछ चल रहा है, और राहुल गांधी कहाँ हैं? क्या राहुल जी और तेजस्वी यादव की नैतिक ज़िम्मेदारी नहीं थी कि वे साथ बैठकर गठबंधन में आने वाली बाधाओं को दूर करें? यह कांग्रेस की गंभीरता की कमी को दर्शाता है। चिराग पासवान ने कहा कि वे चाहे कुछ भी करें, हकीकत यही है कि 14 नवंबर के बाद एनडीए बिहार में सरकार बनाएगा। बिहार की जनता समझ गई है कि अगर महागठबंधन पाँच दलों को एक साथ नहीं रख सकता, तो वे बिहार को भी एकजुट नहीं रख पाएंगे। इससे पहले, एक सभा को संबोधित करते हुए, चिराग ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा समय पर सीट बंटवारे की घोषणा पर ज़ोर दिया और कहा कि इससे एक बहुत ही "सकारात्मक संदेश" गया है। उन्होंने कहा कि माहौल एकतरफ़ा है और हम अपनी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे... एनडीए ने समय पर सीट बंटवारा पूरा कर लिया, जिससे एक बहुत ही सकारात्मक संदेश गया है... चूँकि महागठबंधन अपने ही दल को एकजुट नहीं रख पा रहा है, इसलिए हमें ज़्यादा सीटें जीतने की उम्मीद है।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दावा

# पटाखे चले फिर भी प्रदूषण 'कम'!

**एजेंस। नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिवाली पर पटाखे जलाने के बावजूद प्रदूषण कम होने का दावा किया, जबकि निगरानी केंद्रों ने इसे चार साल का उच्चतम स्तर बताया था। उन्होंने दिवाली से पहले और बाद के AQI अंतर को कम बताया तथा प्रदूषण के मुख्य कारण पराली जलाने के मुद्दे पर पंजाब से बात करने की घोषणा की।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दावा किया कि इस साल दिवाली की रात शहर में वायु प्रदूषण पिछले साल की तुलना में कम था। उनका यह बयान निगरानी केन्द्रों द्वारा यह बताये जाने के एक दिन बाद आया है कि दिवाली के दिन दिल्ली का वायु प्रदूषण चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जिसमें सूक्ष्म प्रदूषक कणों (पीएम 2.5) की सांद्रता 675 पर पहुंच गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को पंजाब के एक मंत्री से मुलाकात करेंगी और राज्य सरकार को पराली जलाये जाने के संबंध में दिल्ली की चिंताओं से अवगत कराएंगी।

पराली जलाना सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस साल दिवाली से पहले और बाद में (औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बीच) अंतर पिछले साल की तुलना में कम है, भले ही इस बार पटाखे जलाने की अनुमति दी गई थी।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ''अधिक सतर्कता'' के साथ सभी आवश्यक कदम उठा रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को कहा था कि दिवाली से पहले दिल्ली में एक्यूआई 341 था और दिवाली के बाद यह केवल 11 बिंदु बढ़कर 356 हुआ है। सिरसा ने राष्ट्रीय राजधानी में जहरीली धुंध के लिए पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराया था और आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने दिवाली की रात किसानों को रिकॉर्ड मात्रा में धान की पराली जलाने के लिए ''मजबूर किया''।

प्रदूषकों और भारी धातुओं से भरे ज़हरीले धुएँ के बढ़ने से शहर का औसत प्रति घंटा PM2.5 का स्तर आधी रात को 675 माइक्रोग्राम/घन मीटर तक पहुँच गया, जो 2021 में दिवाली की रात के बाद से सबसे ज़्यादा है, जब यह 728 माइक्रोग्राम था। हालांकि, सुबह 6 बजे के बाद हवा की गति में वृद्धि और सामान्य से अधिक तापमान, साथ ही पराली जलाने का नगण्य प्रभाव, दिन के दौरान प्रदूषण में और वृद्धि को रोक पाया। मंगलवार को, यह मामूली रूप से बढ़कर 351 हो गया - पिछले साल की दिवाली के बाद की रीडिंग 339 (1 नवंबर को) से अधिक लेकिन 2023 (358) में दर्ज स्तर से कम है।



### अपनी गलती पंजाब पर डाल रही: जरनैल सिंह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की आबोहवा फिर से बिगड़ गई है। दीपावली के बाद बुधवार सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही। आप विधायक जरनैल सिंह ने दिल्ली की हवा खराब होने का जिम्मेदार दिल्ली सरकार को बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अपनी गलती पंजाब पर डाल रही है। दिल्ली के तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र के आप विधायक जरनैल सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली सरकार लगातार यह कह रही है कि पंजाब में पराली जलाने से प्रदूषण आ रहा है। अगर पंजाब में पराली जलाने से प्रदूषण होता तो उसका असर पहले पंजाब में देखने को मिलता।" उन्होंने कहा, "पंजाब में मौसम सामान्य है। आप लोग भी पंजाब के आंकड़े देख सकते है, दिल्ली की भाजपा सरकार लगातार झूठ बोल रही है।"

- सरकार प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए "अधिक सतर्कता" के साथ सभी आवश्यक कदम उठा रही है
- दिवाली से पहले दिल्ली में एक्यूआई 341 था और दिवाली के बाद यह केवल 11 बिंदु बढ़कर 356 हुआ है
- दिवाली की रात शहर में वायु प्रदूषण पिछले साल की तुलना में कम था

## दुर्गापुर मेडिकल छात्रा दुष्कर्म मामला : सभी छह आरोपियों को न्यायिक हिरासत

**दुर्गापुर।** दुर्गापुर के प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की छात्रा से हुए दुष्कर्म मामले की जांच अब न्यायिक चरण में प्रवेश कर गई है। पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद इस मामले में गिरफ्तार किए गए सभी छह आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों में से दो (शेख शफीक और रियाजुद्दीन शेख) को मंगलवार को दुर्गापुर उप-डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाकी चार आरोपियों (अपू बाउरी, फिरदौस शेख, नसीरुद्दीन शेख और पीड़िता का सहपाठी वासिफ अली) को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। मामले की जांच के शुरुआती दौर में पुलिस ने अदालत से सभी आरोपियों की पुलिस रिमांड मांगी थी ताकि गहन पूछताछ की जा सके।

### महागठबंधन को एक और बड़ा झटका

# मोहनिया से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन रद्द

**एजेंसी। पटना**

बिहार चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है, जहां मोहनिया से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन मूल निवास संबंधी विसंगतियों के चलते रद्द कर दिया गया। यह फैसला सुगौली में दो अन्य महत्वपूर्ण नामांकन खारिज होने के एक दिन बाद आया है, जो महागठबंधन की संगठनात्मक खामियों को उजागर करता है और एनडीए के लिए राह आसान बना सकता है। कैमूर मोहनिया विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन रद्द कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने उनका नामांकन इसलिए रद्द किया क्योंकि सुमन ने 2020 के बिहार चुनाव के दौरान अपना मूल निवास उत्तर प्रदेश के चंदौली ज़िले में दिखाया था, लेकिन 2025 के चुनाव में उन्होंने अपना



निवास बिहार में बताया। भाजपा ने इस संबंध में चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी और आज उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। यह पूर्वी चंपारण में विपक्ष को मिले बड़े झटके के ठीक एक दिन बाद आया है, जहां महागठबंधन खेमे से दो प्रमुख नामांकन खारिज होने के बाद सुगौली सीट एनडीए के लिए संभावित रूप से आसान सीट बन गई थी। सुगौली से राजद के मौजूदा विधायक शशि भूषण सिंह ने विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया था।

## बेटे व बहू से परेशान व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपन बेटे और बहू की प्रताड़ना से परेशान होकर मंगलवार रात ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लालजी सिंह (50) के रूप में हुई है और वह गौरीगंज थानाक्षेत्र के असुर गांव का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, मृतक की जेब से एक 'सुसाइड नोट' भी मिला, जिसमें व्यक्ति ने अपने बेटे और बहू पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गौरीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि मामला रेलवे क्षेत्र का था, जिस कारण शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा की गई है।

### महीनों के गतिरोध के बाद लद्दाख-केंद्र संवाद बहाल

# राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची मुख्य मुद्दे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महीनों से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्र के साथ बातचीत फिर से शुरू की, जिसमें चार सूत्री एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया गया- लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची के तहत समावेश, आरक्षण सुरक्षा उपाय और कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को रद्द करना। गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के बीच लगभग दो घंटे की बैठक के दौरान मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और



कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के तीन-तीन प्रतिनिधि और लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान शामिल थे। नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हनीफा जान ने एएनआई को बताया कि चर्चा मुख्य रूप से चार प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रही - लद्दाख को राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल करना, आरक्षण संबंधी मामले और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को हटाना। हनीफा ने कहा कि बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और दोनों पक्षों ने बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई। हनीफा ने कहा, "हमने चारों बिंदुओं पर रचनात्मक चर्चा की।

### 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ का आरोप

# राहुल का टिकट का वादा धोखा निकला

**एजेंसी। गयाजी**

'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में टिकट दिए जाने का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया गया।

भागीरथ मांझी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ''मुझे टिकट की उम्मीद थी। मैं चार दिन दिल्ली में रहा, लेकिन राहुल गांधी से मुलाकात नहीं हो पाई। वहां पर मुझे कहा गया था कि टिकट मिलेगा, लेकिन सबको टिकट बांट दिया गया और हमें धोखा मिल गया। जब टिकट नहीं मिला तो वापस लौट आया।''उन्होंने बताया कि पटना में राहुल गांधी से दो बार मुलाकात हुई थी। मैंने उनसे कहा था कि मेरे पिता ने 22 साल में जो रास्ता बनाया है, आप आकर देखिए। राहुल गांधी हमारे गांव आए, मेरे साथ बैठे, नारियल का पानी पिया और घाटी का रास्ता देखा। उन्होंने लौटते समय कहा



कि इनका घर बनवा दो और कुछ दिन बाद मजदूर आए और घर बना दिया गया। हालांकि, भागीरथ मांझी ने कहा कि उसके बाद राहुल गांधी या कांग्रेस का कोई नेता हालचाल पूछने नहीं आया। उन्होंने कहा, ''अगर राहुल गांधी से मुलाकात हो जाती तो टिकट मिल जाता, लेकिन जब मैं दिल्ली गया तो राहुल गांधी विदेश में थे।''उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा, ''मेरे पिता के अधूरे कामों को नीतीश कुमार ने पूरा किया। उन्होंने सड़क, स्कूल, अस्पताल और थाना बनवाया। मेरे पिता की मृत्यु के समय नीतीश कुमार ने वादा किया था कि वह बाबा का अधूरा काम पूरा करेंगे और उन्होंने किया भी।'भागीरथ मांझी ने राजनीतिक रुझानों पर पूछे गए सवाल पर कहा, ''जिसकी हवा रहेगी, उसी को वोट मिलेगा। जनता का निर्णय ही तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। हम किसी से नाराज नहीं हैं। न नीतीश कुमार से, न जीतनराम मांझी से।'मांझी ने कहा कि गया और आसपास के इलाकों में आज भी गरीबी और बेरोजगारी बड़ी समस्या है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे भी आपको नुकसान होने की संभावना है। संतान के करियर पर आप पूरा ध्यान दें।

**वृष :** आज अपने कामों पर ध्यान रहेगा। आपको उन्हे संयम से निपटाने की आवश्यकता है और जल्दबाजी के कारण आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और बॉस आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। सरकारी कामों में आप बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको ज़्यादा समाज सेवा के चक्कर में पढ़ने से बचना होगा। आस पड़ोस में आप लोगों की भावनाओं का सम्मान करें, इसलिए किसी से कोई विवादित बात ना बोले।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। सामाजिक व राजनीतिक कामों में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी कुछ खास लोगों में से मुलाकात होगी। आपका यदि धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**सिंह :** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी लोगों से खूब पटेगी और आप अपने कामों में भी बदलाव करेंगे, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों को टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा, जिससे वह किसी काम को आसानी से कर सकेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों से आपकी खूब पटेगी आर्थिक योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी विरोधी की बातों में आकर कोई डिसीजन नहीं लेना है। आप अपनी संतान को पढ़ाई लिखाई को लेकर कहीं बाहर भेज सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, इसलिए आपको प्रॉपर्टी की खरीदारी करना भी बेहतर रहेगा। आप पार्टनरशिप का कोई काम शुरु करेंगे, तो उसमें भी आपको अच्छे बेनिफिट मिलेंगे। धन को लेकर कोई काम नहीं रुकेगा। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा सोच समझकर करना होगा। जल्दबाजी में आप कोई काम फैसला ना ले और आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी मौज मस्ती की आदत आपकी टेंशनों को बढ़ा सकती है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। जीवनसाथी से आपको तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है। आप किसी अनजान व्यक्ति की बातों में ना आएं।

**मकर :** आज आपको अपने कुछ कामों को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी। संतान को मनचाही नौकरी न मिलने से आपका मन भी परेशान रहेगा। आप अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें और उन पर कोई बड़ी जिम्मेदारी ना डालें। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की कोशिश में के लिए किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। आपको घूमने करने के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको रुके हुए धन के मिलने की संभावना है और आपकी बिजनेस की योजनाएं जो लंबे समय से रुकी हुई थी, वह फिर से शुरु हो सकती है, जो आपको खुशी देंगी। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

## छठ की तैयारियां जोरों पर, 25 अक्टूबर से शुरु होगा लोक आस्था का महापर्व



**पटना।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाली इस पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर को 'नहाए खाए' के साथ होगी। 26 अक्टूबर को 'खरना', 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर यह पर्व समाप्त होगा। छठ पूजा को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है, क्योंकि व्रती 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखते हैं। इस पर्व में सूर्य और छठी मैया की उपासना की जाती है, जो भक्तों के लिए आस्था और समर्पण का प्रतीक है। पटना में इस महापर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमें घाटों की साफ-सफाई और

# पूरे देश में एसआईआर शुरू करने के लिए चुनाव आयोग की बड़ी बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन ( SIR ) को लेकर बुधवार से शीर्ष स्तरीय बैठक शुरू कर दी है। सितंबर के बाद एसआईआर पर फैसले के लिए इस तरह की यह दूसरी दो-दिवसीय बैठक हो रही है। अधिकारियों के अनुसार इस विषय को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त एसएस संधु और विवेक जोशी सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। एसआईआर शुरू करने के




फैसले को लेकर यह विचार-विमर्श गुरुवार तक चलेगा।

**● चुनाव वाले राज्यों में पहले एसआईआर**

न्यूज एजेंसी पीटीआइ के अनुसार चुनाव आयोग में शीर्ष स्तर पर यह आम राय है कि एसआईआर की प्रक्रिया को अलग-अलग चरणों में अंजाम दिया जाए, जिसकी शुरुआत उन राज्यों से हो जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। वैसे पहले चरण में और भी राज्यों को शामिल किया जा सकता है। हालांकि, इस दौरान उन राज्यों में वोटर लिस्ट सफाई का यह अभियान नहीं चलाया जाएगा, जहां स्थानीय निकाय चुनाव होते रहेंगे या होने वाले होंगे।

## दिल्ली में इस बार छठ महापर्व की भव्य तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस बार छठ महापर्व पहले से कहीं ज्यादा भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज छठ की तैयारियों को लेकर बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार ने इस बार यमुना नदी पर छठ पूजा के आयोजन से जुड़ा प्रतिबंध हटा लिया है और राजधानी में साफ-सुथरे, सुरक्षित और आधुनिक छठ घाट तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार यमुना नदी के किनारे 17 मॉडल छठ घाट बना रही है। इन घाटों पर छठ व्रतियों के लिए हर सुविधा उपलब्ध होगी। टेंट, बिजली, शौचालय, पेयजल और सफाई की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

# महागठबंधन एकजुट, सारे भ्रम जल्द दूर हो जाएंगे: अशोक गहलोत

- बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा जारी है
- कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और एक-दो दिन में सभी भ्रम दूर हो जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर विपक्षी दलों के 'महागठबंधन' के भीतर जारी चर्चाओं के बीच कांग्रेस ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और जल्द सभी भ्रम समाप्त हो जाएंगे।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बिहार चुनाव के लिए पार्टी पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा, ''तमाम काम बहुत अच्छे से चल रहे



हैं। एक-दो दिन में जो भी भ्रम है, वह पूरी तरह दूर हो जाएगा।' पत्रकारों से बातचीत में गहलोत ने स्वीकार किया कि बिहार की 243 विधानसभा सीट में से कुछ पर ''दोस्ताना मुकाबला'' की स्थिति बन सकती है, लेकिन उन्होंने इसे किसी बड़े विवाद के रूप में देखने से इनकार किया। उन्होंने कहा, ''कभी-कभी कार्यकर्ताओं में उत्साह होता है, स्थानीय परिस्थितियों के चलते ऐसी स्थितियां आती हैं। इसे महागठबंधन की कमजोरी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक जोश के रूप में देखना चाहिए।''

सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामदलों के बीच जारी आंतरिक मतभेद के चलते महागठबंधन के घटक दल राज्य की कम से कम 11 विधानसभा सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस बीच, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने भी राज्य की चुनावी रणनीति को लेकर पार्टी की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, ''बिहार में मुकाबला 243 सीट पर है और यह लड़ाई सीधे तौर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खिलाफ है। यह सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि बिहार की जनता और उनके बच्चों के भविष्य की लड़ाई है।'' अल्लावरु ने विश्वास जताया कि महागठबंधन जनता के मुद्दों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा और बिहार में बदलाव की बयार लाएगा।

# हमें हर हाल में राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ना होगा : पप्पू

- सांसद पप्पू यादव ने कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ना होगा, क्योंकि बिहार की जनता उन पर भरोसा करती है
- उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव जरूरी है और इंडिया गठबंधन की सरकार बननी चाहिए

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्णिया से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि हमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता उन पर भरोसा करती है।

पप्पू यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में बदलाव जरूरी है और इंडिया गठबंधन की



सरकार बननी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर राजद-कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं, उन सीटों पर मामला सुलझा लिया जाएगा। गुरुवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। नेतृत्व तय करेगा कि क्या करना है, क्या नहीं करना है और आगे क्या होगा। हम कह रहे हैं कि हमारे नेता बिहार को बचाने के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार हैं। हम चाहते हैं कि किसी भी हाल में बिहार बचे और यहां महागठबंधन की सरकार बने। पप्पू यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बिहार चुनाव के लिए चेहरा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि बिहार में दो ही चेहरे हैं, एक तरफ पीएम मोदी हैं और दूसरी तरफ राहुल गांधी। नीतीश कुमार नाममात्र चेहरा हैं। मेरी स्पष्ट राय है कि हमें हर हाल में राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ना चाहिए। बिहार के लोग, चाहे दलित हों या अति पिछड़ा वर्ग, राहुल गांधी के संघर्ष पर भरोसा करते हैं।उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि आपसी मतभेद खत्म करने के लिए 12 उम्मीदवारों को अपने नाम वापस लेने चाहिए, ताकि महागठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़े। बताते चलें कि बिहार की कुछ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने जहां उम्मीदवार उतारे, वहां राजद ने भी अपना उम्मीदवार उतार दिया है। जिसकी वजह से कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है।

# सीरीज में वापसी के मिशन पर टीम इंडिया आज मैदान में




**एजेंसी । एडिलेड**

भारत के लिए कमर कसने का समय आ गया है। यह एडिलेड है, यह ऑस्ट्रेलिया है, और यह मेहमान टीम है जो पर्थ में मिली हार के बाद मुश्किल में है - 7 विकेट गिरे, स्कोर पर मुश्किल से 136 रन, और पारी 30 ओवर से भी कम समय में समाप्त हो गई। बहुत कम टीमें इस तरह क्रिकेट जीत पाती हैं। अब, चुनौती इस निराशा को भुलाकर कल एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे वनडे में मजबूत वापसी करने की है। पहले मैच में शानदार जीत के बाद सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन यह पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है। कप्तान मिचेल मार्श ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जबकि जोश हेजलवुड और मिशेल स्टाकर् की तेज गेंदबाज जोड़ी ने शुरुआत में ही ऐसी बढ़त बना ली जिससे भारत कभी उबर नहीं पाया। मेहमानों के लिए, समीकरण सरल है : शीर्ष क्रम - रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल - को सीरीज को जिंदा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामूहिक रूप भारत के लिए इस सतह पर वापसी की कुंजी है, जहां से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में आने से पहले शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। रोहित के साथ स्टार्क की नई गेंद की जंग शुरुआती आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज एडिलेड की स्विंग के अनुकूल हवा का फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

**भारत :** रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर/कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

**ऑस्ट्रेलिया :** ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉटर, जोश फिलिप (विकेट कीपर), मैट रेनशॉ, कूपर कोनोली, मिशेल ओवेन, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनेमैन, जोश हेजलवुड।

### कोहली की वापसी से बढ़ा रोमांच

लंबे ब्रेक के बाद कोहली की सफेद गेंद वाले क्रिकेट में वापसी से रोमांच और बढ़ गया है, जबकि गिल का संयम पारी को स्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। एडिलेड ओवल में अपने पिछले सात वनडे मैचों में से पांच में जीत हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया के बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। उनका संतुलन, गहराई और घरेलू फायदा उन्हें स्पष्ट बढ़त प्रदान करता है। हालांकि, भारत विविधता लाने के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को उतार सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नई गेंद की जोड़ी के रूप में बने रहेंगे। एडिलेड में पिछले पांच वनडे मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, इसलिए टॉस निर्णायक साबित हो सकता है। क्रिकेट के लिए परिस्थितियां आदर्श बनी हुई हैं, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस रहेगा बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को पसंदीदा माना जा रहा है। फिर भी, भारत के शीर्ष क्रम की मजबूत शुरुआत दूधिया रोशनी में होने वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में गति बदल सकती है।

### एशियन यूथ गेम्स

## कबड्डी में भारत ने पाकिस्तान को 81-26 से रौंदा

**नई दिल्ली ।** भारत ने क्रिकेट के मैदान पर पुरुष एशिया कप, महिला विश्व के बाद कबड्डी के मैट पर भी पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी है। भारत ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में पड़ोसी मुल्क को 81-26 से बुरी तरह रौंदा। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। एशियन यूथ गेम्स में भारतीय कबड्डी टीम का दबदबा साफतौर पर नजर आ रहा है। भारत ने बांग्लादेश को 83-19, जबकि श्रीलंका को 89-16 से शिकस्त दी है। तीनों मुकाबले जीतकर भारत प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल शीर्ष पायदान पर मौजूद है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पड़ोसी मुल्क को घुटनों पर ला दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिला, जिसका असर खेल पर भी नजर आ रहा है। एशियन यूथ गेम्स का आयोजन 22 से 31 अक्टूबर के बीच बहरीन के मनामा में हो रहा है।

## नीरज चोपड़ा को मिली मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की वर्दी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया सम्मानित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में नीरज को यह सम्मान चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा दृढ़ संकल्प, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने अपने अनुशासन और समर्पण से न केवल खेल जगत में, बल्कि पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बनने का काम किया है। रक्षा मंत्री ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नीरज ने मैदान में जो अनुशासन और निष्ठा दिखाई, वही भावना उन्हें सेना के आदर्शों से जोड़ती है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्चे प्रेरणास्रोत हैं। नीरज चोपड़ा को वर्ष 2016 में भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल किया गया था। हरियाणा के पानीपत जिले के खांदरा गांव में 24 दिसंबर 1997 को जन्मे नीरज ने अपने प्रदर्शन से न केवल भारत को, बल्कि भारतीय सेना को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचते हुए ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक में रजत पदक और 2023 की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा, नीरज ने एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स और डायमंड लीग में भी कई स्वर्ण पदक जीते हैं।



**ऐतिहासिक उपलब्धि :** नीरज चोपड़ा ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता।

**लगातार सफलता :** 2024 पेरिस ओलंपिक में रजत और 2023 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया।

## चैंपियंस लीग : पीएसजी ने लीवरकुसेन को 7-2 से रौंदा

**एजेंसी । नई दिल्ली**




पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बायर लीवरकुसेन को 7-2 से रौंदा। इस मुकाबले में डिजायर डू ने दो गोल अपने नाम किए। आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट के पूर्व डिफेंडर विलियन पाचो ने मेजबान टीम के कमजोर डिफेंस का फायदा उठाते हुए 7वें मिनट में ही हेडर से गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत कर दी। इसके बाद लीवरकुसेन ने जवाब देने की कोशिश की। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने पेनाल्टी स्पॉट से गोलपोस्ट पर गेंद मारी, लेकिन बराबरी का मौका चूक गए। मुकाबले के 38वें मिनट एलेक्स गार्सिया ने पेनाल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन पीएसजी ने जल्द ही मुकाबले में अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। कुछ ही मिनटों में, डिजायर डू ने दो गोल और खविचा क्वारत्सखेलिया ने एक और गोल दागा, जिससे गत विजेता ने हाफटाइम में 4-1 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद, नुनो मेंडेस ने विटिना के शानदार असिस्ट के बाद एक संयमित गोल करके पीएसजी की बढ़त को बढ़ा दिया। 54वें मिनट एलेक्स गार्सिया ने लीवरकुसेन के लिए एक और गोल किया। चोट से वापसी कर रहे उस्मान डेम्बेले ने मैदान पर आने के कुछ ही मिनट बाद गोल करके स्कोर 6-2 कर दिया। इसके बाद 90वें मिनट विटिना ने एक शानदार स्ट्राइक के साथ मैच का अंत किया। इस हार के बाद भी लीवरकुसेन को इस अभियान की अपनी पहली जीत की तलाश है, जबकि पीएसजी यूरोप की सबसे मजबूत टीम होने का दावा कर रही है। लीवरकुसेन 5 नवंबर को बेनफिका के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। लीवरकुसेन के गार्सिया ने इस हार पर निराशा जताते हुए कहा, "इस मुकाबले में हम किसी भी चीज को लेकर सकारात्मक नहीं हो सकते। हमें इस हार का विश्लेषण और सुधार करने की जरूरत है।

## पेले : फुटबॉल के राजा, जिन्होंने तीन बार जीता फीफा वर्ल्ड कप खिताब

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले पेले अपनी अद्भुत ड्रिब्लिंग, फिनिशिंग और खेल भावना के लिए मशहूर थे। फुटबॉल इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में शुमार पेले को 'फुटबॉल का राजा' कहा जाता है। 23 अक्टूबर 1940 को मिनस गेरैस राज्य के ट्रेस कोराकोस में जन्मे पेले का असल नाम 'एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो' था। जब पेले का जन्म हुआ, तो उसी साल पहली बार उनके शहर में बिजली का बल्ब पहुंचा था। ऐसे में माता-पिता ने उनका नाम बल्ब के आविष्कारक 'थॉमस अल्वा एडिसन' के नाम पर रखा, लेकिन स्पेलिंग में 'आई' न होने के कारण उनका नाम 'एडसन' हो गया।



बचपन में पेले ने आर्थिक परेशानियों का सामना किया। उनके पिता एक अर्ध-पेशेवर फुटबॉलर थे, लेकिन चोटिल होने के बाद उन्हें इस खेल से दूर होना पड़ा। घर चलाने के लिए पिता को सफाईकर्मी का काम करना पड़ा। मां दूसरों के घरों में जाकर नौकरानी का काम करती थीं। पेले में भी पिता के गुण थे। बचपन से ही उन्हें फुटबॉल खेलना पसंद था, लेकिन इतने पैसे नहीं थे कि जूते और फुटबॉल खरीद सकें। ऐसे में मां उन्हें कपड़े की फुटबॉल बनाकर देतीं।

## आईसीसी रैंकिंग : बुमराह टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी । दुबई**

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, ताजा अपडेट के बाद कुछ भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव जरूर देखने को मिला है। मोहम्मद सिराज वनडे फॉर्मेट में गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें पायदान पर हैं। इस लिस्ट में अफगानी स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं। इस बीच, टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद बुमराह की बढ़त कम हो गई है। अब पाकिस्तान के नौमान अली उनसे सिर्फ 29 अंक पीछे हैं, जिन्होंने लाहौर में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। नौमान अली चार पायदान की उछाल के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की 93 रनों की जीत में नौमान ने 10 विकेट हासिल किए थे। उनके साथी शाहीन अफरीदी भी उसी टेस्ट की दूसरी पारी में चार विकेट लेने के बाद तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाजों में, मोहम्मद रिजवान चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि बाबर आजम दो पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच सलमान आगा 8 पायदान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गए।




## एशेज सीरीज : कोंस्टास या लाबुशेन? पोंटिंग ने बताया, कौन हो सकता है ज्यादा फायदेमंद



**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच 21 नवंबर से एशेज सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सैम कोंस्टास और मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के अनुसार, एशेज के लिए टीम चुनते समय ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस सीरीज को लेकर सबसे बड़ा सवाल मेजबान टीम के बल्लेबाजी क्रम पर केंद्रित है। फैंस के बीच सवाल है कि क्या युवा सैम कोंस्टास अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाए रख पाएंगे? पोंटिंग का मानना है कि चयनकर्ताओं के सामने सबसे मुश्किल विकल्प यह है कि कोंस्टास को टीम में बनाए रखें या अनुभवी दाएं हाथ के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को वापस लाकर उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में उस्मान ख्वाजा के साथ शीर्ष पर रखें। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, "हम जानते हैं कि सैम कोंस्टास मौजूदा खिलाड़ी हैं, क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज में पिछली सीरीज खेली थी, लेकिन उन्होंने शायद पहले दो (घरेलू) मैचों में उतना फायदा नहीं उठाया जितना उन्हें उठाना चाहिए था।



## भारत की मजबूत पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़ों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में दर्ज तेजी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक इंडीकेटर्स के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तेजी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछली पांच तिमाहियों में सबसे मजबूत वृद्धि है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। नए ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि और मजबूत मांग के कारण, सेवा क्षेत्र का पीएमआई अगस्त 2025 में बढ़कर 62.9 हो गया, जो 15 वर्षों में इसका उच्चतम स्तर है। आईसीआरए एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "जीएसटी काउंसिल द्वारा मौजूदा चार कर स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-दर संरचना में सरल बनाने और चुनिंदा विलासिता की वस्तुओं जैसे महंगी कारों, तंबाकू और सिगरेट के लिए 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब का प्रस्ताव देने से सेंटीमेंट को बल मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में श्रम बाजार में हालिया कमजोरी का हवाला देते हुए वर्ष की पहली ब्याज दरों में कटौती के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई। हालांकि, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता और घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी के कारण कुल लाभ सीमित रहा। इस बीच एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष सितंबर तक इक्विटी म्यूचुअल फंड श्रेणी में देखे गए रुझानों में, इक्विटी म्यूचुअल फंड की सभी श्रेणियों ने 3, 5 और 10 वर्ष की अवधि में पॉजिटिव कैटेगरी एवरेज रिटर्न दिया।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी का करेंगे दौरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के लिए 23 अक्टूबर से जर्मनी के दौरे पर हैं। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बर्लिन यात्रा जर्मनी के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वर्ष 2025 भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ का भी वर्ष है, जो द्विपक्षीय संबंधों की गहराई और दीर्घकालिक मजबूती को उजागर करता है। केंद्रीय मंत्री गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, इंडस्ट्री लीडर्स और व्यापार संघों के साथ उच्च-प्रभावी बातचीत को आगे बढ़ाएगी। इस यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल जर्मन संघीय आर्थिक मामले एवं ऊर्जा मंत्री कैथरीना रीचे और फेडरल चांसलरी में आर्थिक एवं वित्तीय नीति सलाहकार तथा जर्मनी के जी7 एवं जी20 शेरपा डॉ. लेविन होले के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। बैठक के दौरान गतिशील भारत-जर्मनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाने और व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के नए रास्ते तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री गोयल द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने के अलावा, लक्जमबर्ग की आगामी भारत राजकीय यात्रा, वर्तमान क्षेत्रीय घटनाक्रमों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए लक्जमबर्ग के उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों एवं व्यापार मंत्री जेवियर बेटेल के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अपनी बर्लिन यात्रा के दौरान गोयल तीसरे बर्लिन ग्लोबल डायलॉग (बीजीडी) में एक वक्ता के रूप में भाग लेंगे। यह एनुअल समिट ग्लोबल इकोनॉमी को आकार देने वाले मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए व्यापार, सरकार और शिक्षा जगत के नेताओं को एक साथ लाता है। केंद्रीय मंत्री गोयल 'लीडर्स डायलॉग : ग्रोइंग टूगेदर- ट्रेड एंड अलायंस इन अ चेंजिंग वर्ल्ड' टाइटल के सेशन में एक पैनलिस्ट होंगे। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री गोयल की इस यात्रा में शेफलर ग्रुप, रेन्क व्हीकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस, हेरेनक्नेच्ट एजी, इनफिनियन टेक्नोलॉजीज एजी, एनरट्रैग एसई और मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी जैसी प्रमुख जर्मन कंपनियों के सीईओ के साथ आमने-सामने की कई बैठकें शामिल होंगी।

वे जर्मन मिटेलस्टैंड कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रमुखों के साथ एक राउंडटेबल की अध्यक्षता भी करेंगे और फेडरेशन ऑफ जर्मन इंडस्ट्रीज (बीडीआई) तथा एशिया-पैसेफिक एसोसिएशन ऑफ जर्मन बिजनेस (एपीए) के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे।



**सम्मेलन का उद्देश्य :** यह वार्षिक समिट व्यापार, सरकार और शिक्षा जगत के नेताओं को ग्लोबल अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करता है।

**शामिल कंपनियां :** शेफलर ग्रुप, रेन्क व्हीकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस, हेरेनक्नेच्ट एजी, इनफिनियन टेक्नोलॉजीज एजी, एनरट्रैग एसई और मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी।

### जीएसटी 2.0 का असर!

## गाड़ियों की बिक्री दोगुनी होकर 6.5 से 7 लाख यूनिट्स तक पहुंची : वित्त मंत्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि 22 सितंबर से लागू हुए जीएसटी सुधारों से घरेलू ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को काफी फायदा हुआ है और गाड़ियों की बिक्री दोगुनी होकर 7 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि बाजार के जानकारों का कहना है कि 22 सितंबर से जीएसटी लागू होने के बाद से दीपावली तक पूरी वाहन इंडस्ट्री की रिटेल बिक्री 6,50,000 से 7,00,000 यूनिट्स के बीच रही है। उन्होंने एक मीडिया आर्टिकल को पोस्ट करते हुए लिखा, "एक महीने पहले लागू हुए जीएसटी 2.0 से ऑटो इंडस्ट्री को काफी बढ़ावा मिला है और कारों की बिक्री दोगुनी से भी अधिक होकर 6,50,000 से 7,00,000 यूनिट्स तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि दीपावली की खरीदारी के दौरान ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर भी मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसमें प्रीमियम उत्पादों और इंस्टेंट डिलीवरी सर्विसेज ने ग्रोथ को बढ़ाने का काम किया। त्योहारी खर्च बड़े शहरों से आगे छोटे शहरों में भी दिखाई दिया।

जीएसटी में कटौती और त्योहारी मांग के कारण कंपनियों ने बिक्री के रिकॉर्ड आंकड़े पेश किए हैं। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने नवरात्रि से लेकर दीपावली तक के 30 दिनों के दौरान एक लाख से अधिक गाड़ियों की डिलीवरी दी है।

## भारत में आईटी सेक्टर ने पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के आईटी सेक्टर में भर्तियों में वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में तेजी देखी गई है और इस दौरान टेक्नोलॉजी कंपनियों में कैंपस भर्तियां 25 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले इंजीनियरिंग, टेक्निकल और एआई प्रोफाइल की मांग में 27 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। वहीं, कंपनसेशन में 5 प्रतिशत का सुधार हुआ है। टेलैंट और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ कंपनी एडेको ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "अधिकांश कैंपस भर्तियां बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में की जा रही हैं, साथ ही कोयंबटूर, उदयपुर, नागपुर, विशाखापत्तनम और इंदौर जैसे टियर-2 शहरों में प्लेसमेंट में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनियां स्थिर, प्रबंधनीय भर्तियों को प्राथमिकता दे रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नए कर्मचारियों को केवल बेंच पर ही रहने देने के बजाय, उत्पादकतापूर्वक तैनात किया जा सके।




## दीपावली पर रिकॉर्ड बिक्री के बाद, व्यापारियों को शादियों के सीजन में 5 लाख करोड़ रुपए के बिजनेस की उम्मीद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दीपावली पर रिकॉर्ड बिक्री हासिल करने के बाद, व्यापारियों को आने वाले त्योहारी सीजन में करीब 5 लाख करोड़ रुपए का बिजनेस होने का अनुमान है। यह जानकारी इंडस्ट्री बॉडी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से दी गई। व्यापारियों का ध्यान अब शादी के सीजन पर केंद्रित हो गया है, जो 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद शुरू होगा और 14 दिसंबर तक जारी रहेगा। कैट के अनुमान के मुताबिक, इस अवधि के दौरान पूरे भारत में लाखों शादियां होने की उम्मीद है, जिससे बाजारों में दीपावली जैसी रौनक लौट आएगी। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "दीपावली के बंपर कारोबार के बाद, व्यापारी अब शादियों के सीजन की तैयारी में पूरी तरह जुट गए हैं। सोना-चांदी, आभूषण, परिधान, उपहार, सजावट, फर्नीचर, खानपान, होटल, सौंदर्य और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बिक्री के नए रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है।



# एमएमसीएच के एसएनसीयू में नवजात की मौत, परिजन आक्रोशित

● इलाज में लापरवाही का आरोप, पुलिस ने स्थिति को संभाला




नवीने मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) के केयर यूनिट (एसएनसीयू) में बुधवार को एक नवजात शिशु की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया। नवजात का वजन जन्म के समय लगभग एक किलोग्राम था। घटना के बाद परिजन डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे, जिससे कुछ समय अस्पताल का कार्य प्रभावित हुआ।पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार सिंह, सुशीला, पुलिस जवान महेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंच कर परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। अंततः पुलिस की सकारात्मक पहल से स्थिति नियंत्रण में आई और हंगामा थमा। जानकारी के अनुसार, पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के सनोज यादव की पत्नी मनीषा देवी ने सेवा सदन में बच्चे को जन्म दिया। नवजात की हालत बिगड़ने पर उसे पहले एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से उसे एमएमसीएच रेफर किया गया। एमएमसीएच के एसएनसीयू वार्ड में इलाज के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।नवजात के पिता सनोज यादव ने आरोप लगाया कि उन्होंने अस्पताल स्टाफ से कई बार बच्चे की गंभीर स्थिति की सूचना दी थी और बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह मांगी थी, परंतु कर्मचारियों ने उन्हें यह कहकर टाल दिया कि यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं और बच्चा ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण उनके बच्चे की जान चली गई।

## पाटन में प्रेम प्रसंग में नाबालिग की हत्या का खुलासा

# पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार तालाब से मिला था लड़की का शव

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा गांव में हुई 19 वर्षीय नाबालिग लड़की की रहस्यमय मौत का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। हत्या के आरोपी के रूप में पुलिस ने लोइंगा बहेरा टोला निवासी अरुण कुमार (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। 17 अक्टूबर को गांव के पास स्थित तालाब से नाबालिग का शव बरामद हुआ था, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।घटना की जांच सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की। टीम ने कॉल डिटेल्स, मोबाइल लोकेशन और स्थानीय साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई और आरोपी अरुण तक पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपी ने लड़की की हत्या की बात स्वीकार की।पुलिस के अनुसार, आरोपी अरुण और मृतका के बीच प्रेम संबंध था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच बातचीत कम हो गई थी। अरुण को शक था कि लड़की किसी और से बात कर रही है। 16 अक्टूबर की रात जब वह रिश्तेदार के घर जाने के बहाने निकली, तभी अरुण भी उसके पीछे गया। रास्ते में दोनों के बीच कहासुनी हुई और इसी दौरान गुस्से में आकर अरुण ने लड़की का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि हत्या से पहले दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने थे। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि अरुण ने नाबालिग की जान ले ली और शव को तालाब में फेंक दिया ताकि घटना को दुर्घटना जैसा दिखाया जा सके।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तालाब और आसपास से कई सबूत बरामद किए हैं, जिनमें मृतका का मोबाइल फोन, चप्पल और आरोपी के कपड़े शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की रात नाबालिग अपनी मां से चचेरी बहन के घर सोने जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन अगले दिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने स्वयं खोजबीन के बाद उसकी गुमशुदगी की शिकायत पाटन थाना में दर्ज कराई थी।इस पूरे खुलासे में पाटन थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीलेश कुमार और पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## श्री श्री छठ पूजा समिति की ओर से किया गया छठ व्रतियों के बीच नि:शुल्क गेहूं का वितरण


**चंदवा।** श्री श्री छठ पूजा समिति थाना टोली चंदवा के तत्वाधान में बुधवार पूर्वाह्न 9 बजे से छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क गेहूं वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समिति की ओर से प्रत्येक व्रती को पांच किलोग्राम गेहूं निःशुल्क दिया जा रहा है। यह वितरण थाना के ठीक सामने आरंभ हुआ है जो गुरुवार तक जारी रहेगा। इसके अलावा समिति ने खरना के लिए दूध लागत मूल्य से कम दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इच्छुक व्रती दूध की बुकिंग भी करा सकते हैं। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेंद्र प्रसाद साहू, हरिनंदन दुबे, चंद्रशेखर उपाध्याय, मयंक कुमार, योगेश उपाध्याय, नवनीत कुमार,बीरेंद्र प्रसाद सहित उत्साही नवयुवकों की टोली पूरी तन्मयता से जुटी हुई है।

## जल संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत में नवीकरणीय ऊर्जा विकास तथा जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी ज्रेडा एवं ब्यूरो ऑफ एनर्जी इफिशिएंसी बीईई के द्वारा एस्पेन इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड की टीम के सहयोग से किया गया। जिसमे अंकित तिर्की तथा संदीप कुमार उरांव शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसमें गोनिया पंचायत मुखिया रानो देवी और पंचायत सहायिका उर्मीला कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा और जल संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना और किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक किसान भाई-बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया और कहा कि किसानों को ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में जानकारी मिली। नवीकरणीय ऊर्जा और जल संरक्षण के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ी जिससे भविष्य में ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और समर्थन के अवसर बढ़ेंगे।

# एमएमसीएच में हेल्थ इन्फॉर्मेशन मशीन बंद, मरीजों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में स्थापित हेल्थ इन्फॉर्मेशन मशीन कई दिनों से बंद पड़ा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी हो रही है। झारखंड सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न अस्पतालों में यह किस्को मशीनें लगाई गई थीं, जिनमें से मेदिनीनगर एमएमसीएच में चार किस्को मशीनें संचालित हो रही थीं।यह मशीनें मरीजों को यह जानकारी देने का काम करती थीं कि ओपीडी में कौन-से चिकित्सक सेवा दे रहे हैं। इससे मरीजों को इलाज के दौरान काउंटर और डॉक्टरों के बारे में पता लगाने में सुविधा मिलती थी, जिससे बहुत से लोग अस्पताल परिसर में बार-बार पूछताछ करने या भटकने से बच जाते थे।
हालांकि, कुछ दिनों से ये मशीनें बंद हैं और सही ढंग से काम नहीं कर रही हैं। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि ये मशीनें बार-बार खराब हो जाती हैं और अत्यधिक गर्म होकर अपने आप बंद हो जाती हैं। वर्तमान में मशीन की मरम्मत के लिए इंजीनियर को बुलाया गया है, जो जल्द ही इसकी देखरेख कर इसे पुनः सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है।

# भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज पूजा आज, तैयारी पूरी



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भगवान चित्रगुप्त (दवात) और भाई दूज (गोधन) की पूजा लातेहार जिले में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी। इस दिन बहनें अपने भाई की अकाल मृत्यु न हो इसके लिए यम यमी की पूजा कर भाइयों की आयु, आरोग्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दिन भाई को अपने बहन के घर जाकर तिलक लगाकर भोजन करने का विधान है।
मान्यता है कि इस दिन बहन के यहां भोजन करने से भाई की आयु में वृद्धि होती है। चित्र गुप्त पूजा मनुष्यों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त को समर्पित है।
लातेहार थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्ध मंदिर के पूजारी त्रिभूवन पांडेय ने बुधवार को बताया कि गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाईदूज के साथ चित्रगुप्त पूजा भी मनाई जाएगी। गोधन के दिन आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग है। भाईदूज की पूजा दिनभर होगी। इधर धर्मपुर स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे प्रतिमा स्थापित कर श्री चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुवार को दस बजे से पूजा शुरू होगी।इस कार्य में सभी पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा तन मन से सहयोग किया जा रहा है।

## नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रमोद उरांव के पिताजी का निधन

**बारियातू।** प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रमोद उरांव के पिताजी रामेश्वर उरांव (65) वर्षीय का निधन निवास स्थान बेसरा ग्राम में हो गया। डॉक्टर प्रमोद के पिताजी रामेश्वर एक सम्मानित व्यक्ति थे और समाजसेवा में विशेष रुचि रखते थे। उनके निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं बालूमाथ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप रामेश्वर नेत्रालय में अपने पुत्र डॉक्टर प्रमोद के साथ निजी क्लिनिक में समय दिया करते थे। अंतिम संस्कार बेसरा स्थित श्मशान घाट में बुधवार को किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिकों, चिकित्सक समाज और विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रमोद को इस दुख की घड़ी में सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। अनेक सामाजिक, धार्मिक और चिकित्सीय संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया। ज्ञात हो की प्रमोद गांव से निकल कर कड़ी मेहनत करते हुए नेत्र का डॉक्टर बने और कई बेसहारा महिला पुरुष को निशुल्क आंख ऑपरेशन कर रौशनी वापस करने का काम किया है। वर्तमान पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी अस्पताल में पदास्थापित हैं।

# चोरों ने कई दुकानों में दी चोरी की घटना को अंजाम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात चोरी की दो बड़ी घटनाएं हुईं। अज्ञात चोरों ने मोंगर गांव और प्रखंड कार्यालय के पास स्थित दुकानों को निशाना बनाया। इन वारदातों में लाखों रुपये के नकदी और जेवरात सहित अन्य सामान चोरी हो गए। पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के मोंगर गांव में आकाश कुमार सावन के घर में देर रात करीब 1:30 बजे चोरी हुई। चोरों ने घर के पिछले दरवाजा के ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किए और लगभग तीन से चार लाख रुपये मूल्य के सोने के झुमके, मंगलसूत्र, नथिया, मंगटिका, चांदी के पायल, बिछिया और बेरा के आभूषण चुरा लिए। इसके अलावा नकदी भी गायब हुई। पीड़ित आकाश कुमार सावन के अनुसार चोर घर के पीछे के दरवाजे से अंदर घुसे और गोदरेज अलमारी तोड़कर सारा सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार जागा, तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोलने पर चोरी का पता चला। इसी रात शहर के प्रखंड कार्यालय के पास राकेश यादव की चाय दुकान में भी चोरी हुई। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 5000 रुपये नकद, गुटखा, सिगरेट और अन्य सामान चुरा लिया।
लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है। प्रभारी थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता ने बताया कि पुलिस को घटनाओं की सूचना मिल गई है और मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। उन्होंने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

## छठ महापर्व की तैयारी तेज़, घाटों की सुरक्षा व पहुंच मार्ग सुधार पर फोकस

**मेदिनीनगर।** आगामी छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। बुधवार को यातायात विभाग के कुछ जवानों ने अमानत नदी के सिंगरा स्थित कोयल घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों पर पार्किंग की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए रास्तों को सुधारने का कार्य किया गया।निरीक्षण के क्रम में घाट किनारे मौजूद गड्ढों को जेसीबी मशीन की सहायता से भरा गया ताकि पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, घाट तक पहुंचने वाले रास्तों को समतल किया गया और मिट्टी डालकर सुगम बनाया गया। घाट परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया।

## संत मरियम स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कक्षा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

# कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है : अविनाश देव

● प्रशिक्षकों ने दी प्रभावी शिक्षण रणनीतियों की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय कक्षा प्रबंधन कार्यशाला का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक (रिसोर्स पर्सन) के रूप में चिंशू सिंह और उमाशंकर सिंह ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कक्षा को व्यवस्थित रखने, छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रेरित करने तथा एक सकारात्मक शैक्षिक वातावरण विकसित करने की नई और व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई।
प्रशिक्षकों ने प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु आधुनिक कक्षा प्रबंधन रणनीतियों और सकारात्मक पुनर्बलन के महत्व पर जोर दिया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। उन्होंने बताया कि कक्षा प्रबंधन केवल अनुशासन बनाए रखने का तरीका नहीं, बल्कि यह छात्रों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास के विकास का माध्यम भी है।

## पेज एक के शेष

### एसीबी में 211...

या स्टाफ की कमी का बहाना नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह तर्क भी स्वीकार्य नहीं है कि जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है, वे अब सेवानिवृत्त हो गए हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में भी जांच समयबद्ध तरीके से पूरी की जानी चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से संबंधित मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

### गोड्डा में बुजुर्ग...

बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर के पास जुट गए। सूचना मिलने पर बोआरीजोर थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गहन पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। एक बेटा वर्तमान में जेल में बंद है, जबकि दूसरा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। दोनों बेटियां दिल्ली में रहकर काम करती हैं। इसी कारण सोना भानु खातून अपनी चार वर्षीय पोती के साथ गांव में अकेली रहती थीं। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि 65 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। शक के आधार पर मृतका के दामाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल, पुलिस हत्या के कारणों और घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच में जुटी हुई है।

### साइबर अपराधी ने...

इसे वह अपने पिता राकेश शाह का नंबर बताया है। आरोपी द्वारा धमकी भी दी गई कि अगर दस दिनों के भीतर शिकायत वापस नहीं ली गई तो वह अपना नंबर बंद कर देगा और कभी नहीं मिलेगा। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने न केवल उससे बल्कि अपने एक अन्य दोस्त से भी एक लाख रुपये लिए हैं। मामला पूरी तरह से ठगी और मानसिक शोषण का है।

### कॉलेज निर्माण स्थल...

थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस जल्द ही अपराधियों तक पहुंचने का दावा कर रही है। उल्लेखनीय है कि चंदवा प्रखंड के बेतर गांव में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयास से कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। कॉलेज परिसर के समीप ही पुलिस पिकेट भी बनाई गई है, जिसका उद्घाटन बीते एक जून को वरीय अधिकारियों द्वारा किया गया था। इसके बावजूद रंगदारी के दबाव में अपराधियों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम देकर पुलिस के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। इस संबंध में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी से संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### बीएसएल स्टील मेल्टिंग...

वहीं घटना के बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ चास प्रांजल ढांडा को निर्देश दिया है कि वे बीएसएल प्रबंधन से घटना की विस्तृत रिपोर्ट अविलंब प्राप्त कर प्रशासन को प्रतिवेदन सौंपें।घायलों की पहचान देवब्रत यादव (बीएसएल कर्मी) और शक्ति पद कुमार बाउरी (ठेका श्रमिक) के रूप में की गई है। दोनों को तत्काल बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### मेहुल चोकसी के...

ओर से विश्वास का हनन), 420 (धोखाधड़ी) और 477A (खातों में हेरफेर) के तहत आते हैं। साथ ही, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी लागू होती हैं। इन सभी अपराधों में एक साल से अधिक की सजा का प्रावधान है।

### मेहुल चोकसी के

हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत की ओर से लगाए गए एक आरोप, 'सबूत मिटाना' (आईपीसी धारा 201), बेल्जियम के कानून के तहत अपराध नहीं माना जाता है। इसलिए, केवल इस एक आरोप के आधार पर प्रत्यर्पण की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### पीएनबी धोखाधड़ी मामले...

और उसे भारत में राजनीतिक उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार का खतरा है। लेकिन अदालत को उसके इन दावों का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं मिला।
मेहुल चोकसी को आर्थर रोड जेल में रखने का प्लान : भारत सरकार की ओर से दी गई जानकारी का हवाला देते हुए, अदालत ने नोट किया कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में 46 वर्ग मीटर का क्षेत्र, दो सेल और एक निजी शौचालय शामिल है। भारत ने यह आश्वासन दिया कि उसे केवल चिकित्सा जरूरतों या अदालत में पेशी के लिए ही जेल से बाहर निकाला जाएगा। चोकसी ने अपने बचाव में एक्सपर्ट रिपोर्ट, अंतरराष्ट्रीय संदर्भ और विभिन्न दस्तावेज पेश किए थे।

## आत्म सुरक्षा को लेकर कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान एवं भाजपा नेता लव कुमार दुबे ने दिए आवेदन

**लातेहार।** मनिका थाना में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पासवान एवं भाजपा नेता लव कुमार दुबे ने आत्म सुरक्षा के लिए आवेदन दिया है। मामला यह है कि दोनों लोगों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के पीछे 10 एकड़ भूमि की बंदोबस्ती का मामला उठाया जा रहा है। जो खबर अखबार में छपी भी थी, वहीं स्थानीय पत्रकार को प्रदुमन प्रसाद ने कहा कि जो मामला उठा रहे हैं उनको पता नहीं है कि दस बीस हजार में आजकल शूटर भी मिलता है। जिसे लेकर आत्म सुरक्षा के लिए कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान एवं भाजपा नेता लव कुमार दुबे ने मनिका थाना में लिखित आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। आवेदन देने समय भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ,पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा मिथिलेश पासवान, विकास कुमार, बजरंगी कुमार , बसंत कुमार उपस्थित थे।

# एसएसबी 32 वीं वाहिनी ने औरंगा नदी छठ घाट में किया श्रमदान

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के प्रमुख छठ घाटों में से एक चटनाही छठ घाट बनाने के कार्य में पिछले कई दिनों से लोगों के द्वारा श्रमदान किया जा रहा हैं इसी क्रम में आज छठ घाट के निर्माण में आम से लेकर खास तक ने श्रमदान किया, जिसका अर्थ है कि सभी लोगों ने मिलकर इस काम में अपना योगदान दिया है। इसमें कोई भेद-भाव नहीं होता, वह चाहे अधिकारी हो, जवान हो या आम नागरिक। यह छठ पूजा की सामुदायिक भावना को दर्शाता के लिए काफी है। लोक आस्था के महापर्व को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू जारी है। विशेष रूप से छठ घाट साफ किए जा रहे हैं. इसे लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन और जिला प्रशासन, छठ घाट को साफ-सफाई करने में लगे हैं. इसी क्रम में आज 32वीं सशस्त्र बल के जवानों, आम नागरिकों, अधिवक्ताओं और जिले के बुद्धिजीवियों ने श्रमदान किया।



### श्रमदान कर हमने फिट इंडिया व सवच्छता का संदेश दिया : दीपीक कुमार

सशस्त्र सीमा बल 32 वाहिनी के द्वारा फिट इंडिया 6.0 रन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सशस्त्र सीमा बल के जवान व अधिकारी ने भाग लिया दौड़ का आयोजन लातेहार के स्टेशन रोड स्थित सशस्त्र सीमा बल 32 वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर चटनाही स्थित सार्वजनिक सूर्य पूजा छठ घाट पहुंची जहां एस एस बी32 वाहिनी के अधिकारी और जवानों ने छठ घाट का साफ सफाई किया वहीं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने एस एस बी के जवानों के साथ मिलकर छठ घाट का सफाई किया वही दीपक कुमार मीणा द्वितीय कमांडेंट ने कहा कि लातेहार और लोहरदगा जिले में सशस्त्र सीमा बल ड्यूटी के लिए तैनात है और समाज के लिए हमारी जिम्मेदारी बनती है और इसी के लिए एक सामाजिक संदेश हमारे तरफ से दिया गया फिट इंडिया का एक मैसेज देने का काम किया है। जिसमें आज जो युवा वर्ग है शारीरिक समस्याओं से जूझ रहा है और इस दौड़ के माध्यम से हम युवाओं को यह संदेश देना चाह रहे हैं कि आप अपने सेहत के प्रति जागरूक रहे हैं। प्रत्येक दिन दौड़ते हैं योग करते हैं मेडियसिन करते हैं तो अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और चटनाही छठ घाट पर हम लोगों ने श्रमदान किया है। साफ सफाई किया है स्वच्छता का संदेश दिया है ताकि लोग इस महापर्व को अच्छे से मना सके।

### अधिक से अधिक युवा यहां आएं और श्रमदान कर पुण्य का भागी बनें : राजीव रंजन पाण्डेय

वहीं छठ घाट पर श्रमदान करने वाले अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय ने कहा कि छठ केवल पर्व नहीं यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। केवल हमारी संस्कृति ही ऐसी संस्कृति है जो डूबते और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती है। छठ हमें एक दूसरे से जोड़ने का कार्य करता है साथ ही यह आस्था का महापर्व है। मैं लातेहार के युवाओं से अपील करना चाहता हूं कि वे भी यहां पर आकर श्रमदान करें और पुण्य के भागी बनें। वहीं चटनाही छठ घाट के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज सब के द्वारा छठ घाट का श्रमदान करके साफ सफाई किया गया है।

## सऊदी अरब पहुंचने वाले मजदूरों का पासपोर्ट जमा नहीं होगा

# सरकार ने 70 साल बाद कफाला सिस्टम बंद किया, 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को फायदा

**एजेंसी । रियाद**

सऊदी अरब ने करीब 70 साल पुराना कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है। अब देश में आने वाले विदेशी मजदूरों के पासपोर्ट नियोक्ता जब्त नहीं कर सकेंगे। साथ ही, मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम भी लागू किए गए हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था। कफाला सिस्टम के खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी मजदूरों को फायदा होगा। इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं।

1. **मजदूरों पर कंट्रोल के लिए बना कफाला :** कफाला शब्द, कफील से बना है। कफील का मतलब होता है स्पॉन्सर या जिम्मेदार व्यक्ति। यानी वह व्यक्ति जो किसी विदेशी मजदूर के रहने और काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। 1950 के दशक में खाड़ी के देशों में तेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा था। तेल की मांग बहुत बढ़ रही थी, और इन देशों में स्थानीय लोगों की संख्या कम थी। इसलिए उन्हें बहुत सारे विदेशी मजदूरों की जरूरत थी। विदेशी मजदूरों के आने-जाने और काम करने को नियंत्रित करना भी जरूरी था। इसी लिए कफाला सिस्टम बनाया गया था। इसमें कफील को बहुत ज्यादा ताकत दे गई। सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है लेकिन मिडिल में यूएई, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों में अभी भी यह सिस्टम मौजूद है।

2. **कफाला सिस्टम में क्या दिक्कतें हैं :** जब कोई मजदूर इन देशों में काम करने आता है, तो वह कफाला सिस्टम के तहत ही एंट्री करता है, और उसके ऊपर वहां के नियम और कानून लागू होते हैं। कफील तय करता है कि मजदूर क्या काम करेगा, कितने घंटे काम करेगा, उसकी सैलरी कितनी होगी और वह कहां रहेगा। कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते, देश नहीं छोड़ सकते थे, और अधिकारियों से सीधे शिकायत नहीं कर सकते थे। इस वजह से मजदूर अक्सर कफील के कंट्रोल में फंस जाते थे। मानवाधिकार संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन कफाला सिस्टम की दशकों से कड़ी आलोचना करते रहे थे और इसे "आधुनिक गुलामी" कहते थे, क्योंकि इस व्यवस्था ने श्रमिकों के सबसे बुनियादी अधिकारों को छीन लिया था और जबरन श्रम तथा मानव तस्करी को बढ़ावा दिया था।

## कफाला सिस्टम की 3 बड़ी दिक्कतें

**1. नौकरी बदलने पर पाबंदी :** अगर मालिक उनके साथ बुरा व्यवहार करता था, कम वेतन देता था, या उनसे 18-18 घंटे काम कराता था, तब भी वे आसानी से नौकरी छोड़कर दूसरी जगह काम नहीं ढूंढ सकते थे। उन्हें नया काम शुरू करने के लिए अपने कफील की इजाजत लेना जरूरी होता था। अगर कोई मजदूर बिना इजाजत के नौकरी छोड़ता था, तो उसे "अवैध निवासी" माना जाता था और उसे गिरफ्तार किया जा सकता था।

**2. देश छोड़ने पर रोक :** मजदूर देश छोड़कर अपने घर भी नहीं जा सकते थे, यहां तक कि पारिवारिक आपातकाल में भी नहीं। उन्हें देश से बाहर जाने के लिए अपने नियोक्ता से एक्जिट वीजा मंजूर कराना होता था, लेकिन मालिक अक्सर मना कर देते थे, जिससे कर्मचारी बंधक बने रहते थे।

**3. पासपोर्ट जब्त करना :** मजदूरों को कैदी जैसा बनाने के लिए, कफील अक्सर उनके पासपोर्ट ले लेते थे। पहचान पत्र न होने और यात्रा का कोई साधन न होने के कारण वे सचमुच फंस जाते थे।



### कफाला सिस्टम की जगह नया नियम लागू

सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम को खत्म करने के बाद नए नियम लागू किए जिनके तहत मजदूरों को पहले की बजाय ज्यादा आजादी मिलेगी। नई व्यवस्था के अनुसार अब मजदूरों को अपने कफील की मर्जी के बिना नौकरी बदलने की अनुमति मिलेगी। इसके अलावा, देश छोड़ने या वापस आने के लिए अब एक्जिट वीजा या कफील की अनुमति हमेशा जरूरी नहीं होगी। नए नियमों में अब मजदूरों को कानूनी मदद देने का भी प्रावधान है। मतलब अगर उन्हें वेतन नहीं मिलता, काम का माहौल खराब है, या अन्य दिक्कतें है, तो शिकायत करने और न्याय मांगने के रास्ते आसान होंगे।

### सऊदी ने 4 वजहों से बंद किया कफाला सिस्टम

1. **इमेज सुधारने की कोशिश :** सऊदी अरब पर लंबे समय से आरोप लगते रहे कि कफाला सिस्टम प्रवासी मजदूरों के लिए 'आधुनिक गुलामी' जैसा है। मानवाधिकार संगठन (जैसे ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी) लगातार इसकी आलोचना करते रहे।

2. **विजन 2030 का हिस्सा :** क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (MBS) का विजन 2030 प्रोग्राम सऊदी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालने की कोशिश है। इसके लिए विदेशी निवेश और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत है लेकिन कफाला जैसे सिस्टम से निवेशक डरते थे।

3. **विदेशी मजदूरों पर निर्भर अर्थव्यवस्था :** सऊदी की वर्कफोर्स में लगभग 70% से ज्यादा विदेशी मजदूर हैं। कफाला सिस्टम की वजह से कई मजदूर वापस अपने देशों लौटने लगे थे या नए लोग सऊदी आना नहीं चाहते थे। सरकार को डर था कि अगर सिस्टम नहीं बदला गया, तो मजदूरों की कमी से निर्माण, तेल और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ेगा।

4. **कतर से प्रतिस्पर्धा :** कतर ने फीफा विश्व कप (2022) से पहले कफाला सिस्टम लगभग खत्म कर दिया था, जिससे उसे अंतरराष्ट्रीय तारीफ मिली। सऊदी अरब नहीं चाहता था कि वह 'पीछे' दिखे।

## आइसलैंड में पहली बार 3 मच्छर मिले, कहां से आए वैज्ञानिक जांच कर रहे



**नई दिल्ली ।** आइसलैंड में पहली बार तीन मच्छर मिले हैं। वैज्ञानिकों ने इसी हफ्ते इस बारे में जानकारी दी है। अब तक माना जाता है कि अंटार्कटिका और आइसलैंड ऐसी जगह है जहां मच्छर नहीं पाए जाते हैं। ब्योर्न हजल्टसन नाम के एक शख्स ने सबसे पहले मीडिया को बताया कि उन्होंने 16 अक्टूबर की शाम एक अजीब सा कीड़ा देखा। उन्होंने तुरंत उसे पकड़ लिया और कीट एक्सपर्ट मथियास अल्फ्रेडसन को बुलाया। इसके अगले दिन पता चला कि ये कुलिसेटा एनुलाटा नाम की प्रजाति के मच्छर थे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर मच्छर यहां बसने लगे, तो यह देश के प्राकृतिक संतुलन और लोगों के हेल्थ पर असर डाल सकता है।

## अफगान का पाक को संदेश-संघर्ष नहीं, सम्मान और संवाद से हल संभव




**एजेंसी । नई दिल्ली**

अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते के संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी किया है, जिसमें इस्लामिक अमीरात के रक्षा मंत्री द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई चर्चा सहित सभी मामलों के बातचीत के ज़रिए समाधान सहित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है। मंत्रालय ने X पर पोस्ट करते हुए ज़ोर दिया कि इस्लामिक अमीरात के रक्षा मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए समझौते के संबंध में एक व्यापक स्पष्टीकरण दिया है; इसके अलावा कोई और जानकारी उपलब्ध नहीं है। स्पष्टीकरण के अनुसार, समझौता पूरी तरह से युद्धविराम, आपसी सम्मान, एक-दूसरे के सुरक्षा बलों, नागरिकों और सुविधाओं पर हमलों से बचने, बातचीत के ज़रिए सभी मामलों के समाधान और एक-दूसरे के ख़िलाफ़ हमलों को बढ़ावा न देने पर ज़ोर देता है।" मंत्रालय ने निष्कर्ष निकाला, "इन शर्तों से परे कोई भी बयान अमान्य है। यह स्पष्टीकरण रविवार को अफ़ग़ानिस्तान के प्रवक्ता द्वारा की गई उस घोषणा के बाद आया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध : पुतिन ने दिखाई परमाणु शक्ति, महायुद्ध की चिंता बढ़ी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को रूस की परमाणु शक्तियों के व्यापक परीक्षण का निरीक्षण किया, जिसमें ज़मीन, समुद्र और हवा में उनकी तैयारियों और कमान संरचनाओं का मूल्यांकन किया गया। इस अभ्यास में एक कॉस्मोड्रोम से एक ज़मीनी "यार्स" अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल, बैरेंट्स सागर में एक परमाणु पनडुब्बी से एक "सिनेवा" बैलिस्टिक मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षकों से परमाणु-सक्षम क्रूज़ मिसाइलों का प्रक्षेपण शामिल था। एक सामरिक पनडुब्बी क्रूजर द्वारा बैरेंट्स सागर से एक बैलिस्टिक



मिसाइल दागी गई। रूस अपने परमाणु बलों का नियमित अभ्यास करता है, ताकि उन्हें अपनी क्षमता का परीक्षण करा सके तथा अपने विरोधियों को यह याद दिला सके कि पूर्व-पश्चिम के बीच बढ़ते तनाव के दौर में उसके पास विश्व का सबसे बड़ा परमाणु शस्त्रागार है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, "इस अभ्यास में सैन्य कमान की तैयारी के स्तर और अधीनस्थ बलों के नियंत्रण को व्यवस्थित करने में परिचालन कर्मियों के व्यावहारिक कौशल का परीक्षण किया गया। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के खार्किव शहर में एक रूसी ड्रोन ने रात भर चले एक बड़े हमले के बाद एक किंडरगार्टन पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और अब वे आश्रय गृहों में हैं। दुर्भाग्य से, एक व्यक्ति की मौत हो गई है, शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

## हमास ने गाजा में 'रेड क्रॉस' को दो और बंधकों के अवशेष सौंपे : इजराइली सेना

**नई दिल्ली ।** हमास ने गाजा में रेड क्रॉस को दो और बंधकों के अवशेष सौंप दिए हैं। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। हमास के साथ हुए युद्धविराम समझौते का क्रियान्वयन 10 अक्टूबर को शुरू होने के बाद से 13 बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटाए गए हैं। दो और बंधकों के अवशेषों को इजराइल पहुंचाए जाने के बाद अब गाजा में बंधक बनाकर रखे गए 13 और लोगों के शवों को बरामद करके इजराइल को सौंपा जाना बाकी है। इजराइल की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने हमास के साथ हुए युद्धविराम समझौते के क्रियान्वयन को लेकर इजराइल की बढ़ती हताशा के बीच थोड़ा धैर्य रखने का आग्रह किया। वेंस ने कहा, ''इनमें से कुछ बंधकों के अवशेष हजारों टन मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

## टीटीपी का 25 पाकिस्तानी सैनिकों को ढेर करने का दावा

### नकवी ने अफगानिस्तान को दी धमकी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने दक्षिण वजीरिस्तान में एक अभियान में 25 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने और चौकी पर कब्जा करने का दावा किया। इस बीच पाकिस्तान के संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने मुंहतोड़ जवाब देने की धमकी दी है। पाकिस्तान आरोप लगाता रहा है कि टीटीपी अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करके हमले कर रहा है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हुए भीषण हमले के बाद दोनों पक्षों ने दोहा में हुई बैठक के दौरान युद्धविराम विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस बीच टीटीपी ने एक बार फिर से हमले का दावा किया है। हालांकि, इसे लेकर पाकिस्तान के किसी भी अधिकारी की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मीडिया से बातचीत के दौरान नकवी ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्धविराम हो गया है। अगर फिर से उल्लंघन हुआ, तो अफगानिस्तान जानता है कि हमारी प्रतिक्रिया क्या होगी। किसी भी हिंसक समूह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रुबियो-लावरोव वार्ता के बाद डोनाल्ड-पुतिन शिखर सम्मेलन टला




**नई दिल्ली ।** यूक्रेन में युद्ध के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक करने की योजना स्थगित कर दी गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बैठक की घोषणा पिछले हफ़्ते की गई थी। बुडापेस्ट में प्रस्तावित इस बैठक की तारीख हालांकि तय नहीं हुई थी। यह निर्णय अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध किया क्योंकि उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था। ट्रंप की योजनाओं को लेकर जारी खींचतान उनके अस्थिर और टालमटोल भरे प्रयासों से पैदा हुए ताज़ा उलझन भरे हालात को दर्शाती है। यह उस विवाद (रूस-यूक्रेन युद्ध) को सुलझाने की कोशिशों से जुड़ी है जो लगभग चार वर्षों से जारी है।

## पाकिस्तान: इमरान खान से मिलने की जद्दोजहद

### पीटीआई की याचिकाओं पर हाईकोर्ट में अहम सुनवाई

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) की एक बड़ी पीठ गुरुवार को आदियाला जेल में कैद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात के संबंध में पीटीआई नेताओं द्वारा दायर सभी 11 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें खैबर पख्तूनख्वा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सोहेल



अफरीदी की एक याचिका भी शामिल है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पीठ का उद्देश्य खान के मुलाकात के अधिकारों को लेकर चल रहे विवादों को सुलझाना है। आईएचसी रजिस्ट्रार कार्यालय ने इस्लामाबाद और पंजाब के महाधिवक्ता, पंजाब के अभियोजक जनरल, पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक और जेल महानिरीक्षक को नोटिस जारी किए हैं। महिला चिकित्सा अधिकारी और आदियाला जेल अधीक्षक को भी उसी तारीख के लिए तलब किया गया है। अदालत से इस्लामाबाद और पंजाब प्रशासन के बीच मुलाकात के मुद्दों और आदियाला जेल पर अधिकार क्षेत्र के विवाद दोनों को संबोधित करने की उम्मीद है। सोमवार को, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर ने मुख्यमंत्री अफरीदी की जेल में खान से मिलने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों को खारिज कर दिया।

## नेपाल की प्रधानमंत्री कार्की ने आम चुनावों पर चर्चा के लिए नेताओं से मुलाकात की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पिछले महीने कार्यवाहक सरकार के गठन के बाद पहली बार मंगलवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की और आम चुनावों की तैयारियों एवं सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि बालुवाटार स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई इस बैठक में भंग हो चुकी प्रतिनिधि सभा के कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। कार्की (73) उस समय पिछले महीने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं जब भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर सरकार के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व में 'जेन जेड' आंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को अपदस्थ कर दिया गया था। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कार्की ने सभी राजनीतिक दलों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मांगा। नेताओं ने सरकार से चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया। कार्की ने आश्वासन दिया कि अंतरिम सरकार कानून के अनुसार काम कर रही है।

## लकी अली का जावेद अख्तर पर पलटवार, कहा

# 'कभी मौलिक नहीं रहे'

गायक लकी अली ने एक कार्यक्रम में जावेद अख्तर की हिंदू-मुस्लिम वाली टिप्पणी के वायरल होने के बाद एक्स (पहले ट्विटर) पर उनकी आलोचना की है। 'ओ सनम' गायक ने एक एक्स यूजर की टिप्पणी का जवाब दिया, जिसमें दिग्गज गीतकार-कवि के कुछ उद्धरण थे, जिनमें हिंदुओं को 'मुसलमानों जैसा मत बनो' कहा गया था।




### जावेद अख्तर बोले- आज 'शोले' जैसा सीन लिखना संभव नहीं

जावेद अख्तर ने एक कार्यक्रम में हेमा मालिनी और धर्मेंद्र अभिनीत फिल्म 'शोले' के मशहूर 'युंकी ये कौन बोला' सीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "शोले में एक सीन था जहां धर्मेंद्र शिवजी की मूर्ति के पीछे छिपकर बोलते हैं और हेमा मालिनी (सोचती हैं) कि शिवजी उनसे बात कर रहे हैं। क्या आज ऐसा सीन संभव है? नहीं, मैं आज ऐसा कोई सीन नहीं लिखूंगा। क्या 1975 में (जब शोले रिलीज़ हुई थी) हिंदू नहीं थे? क्या कोई धार्मिक लोग नहीं थे?

### लकी अली ने जावेद अख्तर के बयान पर क्या प्रतिक्रिया दी?

लकी अली ने एक एक्स यूजर को जवाब दिया, जिसने जावेद अख्तर का हिंदू-मुस्लिम वाला बयान पोस्ट किया था। जवाब में, हैरत गायक ने लिखा, "जावेद अख्तर जैसे मत बनो, कभी भी असली और नकली जैसे बदसूरत मत बनो।

*कमेंट सेक्शन में भी, लकी अली और जावेद अख्तर के प्रशंसक आपस में बंट गए और जल्द ही एक एक्स वॉर शुरू हो गया। दिग्गज गीतकार ने अभी तक लकी अली की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया है।*

